10 गौतम गंभीर...



12 रकुल प्रीत सिंह...



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शनिवार, 15 फरवरी 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -238 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



श्री संजय कुमार प्रभाकर
सचिव बीएड कॉलेज
सुकरीगढ़ा लारी रामगढ़

**जब तक तुम्हारे सपनों की आँखों में चमक है, तब तक अंधेरा तुम्हारे आस-पास भी नहीं भटक सकता।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **79,500**
चांदी (प्रति किलो) : **1,00,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **75,939.21**
निफ्टी :- **22,929.25**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **26** °
न्यूनतम तापमान : **13** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:21**
संध्या :- **17:45**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन1898 को संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना के युद्धपोत यूएसएस मेन में क्यूबा के हवाना में विस्फोट हो गया और वह डूब गया, जिससे 260 से अधिक लोग मारे गए और स्पेनिश-अमेरिकी युद्ध शुरू हो गया।**

## संक्षिप्त समाचार

### रांची के रिंग रोड में बस दुर्घटनाग्रस्त, कई यात्री घायल

**रांची।** रांची के रिंग रोड में एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में कई यात्री घायल हो गये। यह घटना शुक्रवार की दोपहर जिले के मेसरा ओपी क्षेत्र के रिंगरोड स्थित रूदिया में हुई है। जहां यात्री बस और एक अन्य वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में यात्री बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटें भी आयी है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### दलमा जंगल में बाघ की वापसी, ट्रैप कैमरे में कैद हुई तस्वीर

**जमशेदपुर।** दलमा के जंगलों में एक बार फिर बाघ की वापसी हुई है। वन विभाग के ट्रैप कैमरे ने बाघ की तस्वीर कैद की है। यह बाघ चाकुलिया और घाटशिला से होते हुए दलमा पहुंचा है। जानकार इसे अच्छा संकेत मान रहे हैं। लगता है अब बाघ को दलमा जंगल पसंद आने लगा है। एक महीने से ज्यादा समय से यह बाघ इन जंगलों में घूम रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह बाघ यहीं बस सकता है। वन विभाग इस पर आगे विचार करेगा। दूसरी तरफ दलमा जंगल में बाघ की वापसी पर्यावरण प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। बाघ की तस्वीर वन विभाग के ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। यह बाघ पहले चाकुलिया और घाटशिला के जंगलों में देखा गया था। अब यह दलमा में आ गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बाघ दलमा में ही रहने लगा है। यह दलमा के जंगल के लिए एक सकारात्मक संकेत है। डीएफओ ने बताया कि बाघ लगातार घाटशिला, चाकुलिया और दलमा के जंगलों में घूम रहा है। यह बाघ लोगों से दूर रहता है। यह ज्यादातर जंगल के अंदर ही रहता है। कई जगहों पर लगे ट्रैप कैमरों में इसकी तस्वीरें आई हैं।

# ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को संजोया और जीवंत बनाया : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के संबंधों को अपने नेतृत्व में संजोने के साथ जीवंत बनाया है। उन्होंने कहा, ह्व जिस उत्साह से उनके पहले टर्म में हमने मिलकर काम किया, वही उमंग, वही उर्जा और वही प्रतिबद्धता मैंने आज भी महसूस की। आज की चर्चा के केंद्र में उनके पहले टर्म में हमारी उपलब्धियों का संतोष और गहरे आपसी विश्वास का सेतु था। साथ ही नए लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प भी था। हम मानते हैं कि भारत और अमेरिका का साथ और सहयोग एक बेहतर विश्व को आकार दे सकता है।



यह अंश संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में भारत-अमेरिका संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेस वक्तव्य से उद्धृत किए हैं। भारत सरकार के नई दिल्ली स्थित पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीबीआईबी) ने प्रधानमंत्री मोदी के इस प्रेस वक्तव्य को आज सुबह जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं सबसे पहले अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति ट्रंप का शानदार स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और अमेरिका के संबंधों को अपने नेतृत्व से संजोया और उन्हें जीवंत बनाया है। अमेरिका के लोग राष्ट्रपति ट्रंप के मोटो, मागा से परिचित हैं। भारत के लोग भी विरासत और विकास की पटरी पर विकसित भारत 2047 के दृढ़ संकल्प को लेकर तेज गति शक्ति से विकास की ओर अग्रसर हैं। अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब मीगा है। जब अमेरिका और भारत साथ मिलकर काम करते हैं, यानी मागा प्लस मीगा, तब बन जाता है-मेगा पार्ट्नर्शिप फॉर परोपेरिटी और यही मेगा स्प्रीट हमारे लक्ष्यों को नया स्केल और स्कोप देती है।

उन्होंने कहा कि आज हमने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना से भी अधिक बढ़ाकर 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हमारी टीमें एक पारस्परिक लाभकारी ट्रेड एग्रीमेंट को शीघ्र संपन्न करने पर काम करेंगी। भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में हम ऑयल और गैस ट्रेड को बल देंगे।

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका की साझेदारी लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था को सशक्त बनाती है। Indo-Pacific में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ाने के लिए हम मिलकर काम करेंगे। इसमें Quad की विशेष भूमिका होगी। इस वर्ष भारत में होने जा रही Quad Summit में हम पार्टनर देशों के साथ नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे। आई-मेक और आई-टू-यू-टू के तहत हम इकोनॉमिक कॉरिडोर और कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर मिलकर काम करेंगे। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अमेरिका दृढ़ता से साथ खड़े रहे हैं। हम सहमत हैं कि सीमापार आतंकवाद के उन्मूलन के लिए ठोस कार्रवाई आवश्यक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं राष्ट्रपति जी का आभारी हूं की उन्होंने 2008 के जिसने भारत में नरसंहार किया था, उस मुजरिम को अभी भारत के हवाले करने का निर्णय किया हैं। भारत की अदालतें उचित कार्यवाही करेंगी। अमेरिका में रहने वाला भारतीय समुदाय हमारे संबंधों की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। हमारे people-to-people ties को और गहरा करने के लिए हम शीघ्र ही लॉस-एंजिलिस और बोस्टन में भारत के नए कांसुलेट खोलेंगे। हमने अमेरिका विश्वविद्यालयों और शिक्षा संस्थानों को भारत में off shore campus खोलने के लिए निमंत्रण दिया है।

उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप, आपकी मित्रता और भारत के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं । भारत के लोग तो 2020 की आपकी यात्रा को आज भी याद करते हैं और उम्मीद करते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप एक बार फिर उनके पास आएंगे। एक सौ चालीस करोड़ भारतवासियों की ओर से मैं आपको भारत आने के लिए आमंत्रित करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

# पीएम मोदी और राहुल गांधी करेंगे नए चुनाव आयुक्त का चयन, 17 फरवरी को बैठक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम तय करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चयन समिति की बैठक 17 फरवरी को होगी. इस बैठक में पीएम मोदी के अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल शामिल होंगे. बता दें कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर होने वाले हैं. इस वजह से नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की कवायद तेज हो गई है. यही वजह है कि बीते दिनों केंद्रीय कानून मंत्री की अगुवाई में एक खोज समिति का गठन किया गया था.

### 2022 में चुनाव आयुक्त बने थे राजीव कुमार

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को यह पदभार साल 2022 में मिला था. उनके नेतृत्व में चुनाव आयोग ने 2024 में लोकसभा चुनाव के अलावा कई राज्यों में विधानसभा चुनाव कराए गए. इसमें, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, झारखंड और इसी साल हुए दिल्ली विधानसभा का चुनाव भी शामिल है. बता दें कि 18 फरवरी को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के रिटायर होने से पहले, पैनल बैठक करेगा और एक नाम को अंतिम रूप देगा. इसी के बाद राष्ट्रपति सिफारिश के आधार पर अगले मुख्य चुनाव आयुक्ति की नियुक्ति की जाएगी. परंपराओं के मुताबिक पिछले साल एक नया कानून लागू होने से पूर्व सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त (ईसी) को पदधारी के रिटायर के बाद सीईसी के रूप में प्रमोशन कर दिया गया था.



### रेस में ज्ञानेश कुमार का नाम सबसे आगे

मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर 17 फरवरी को होने वाली चयन समिति की बैठक में निर्णय लिया जा सकता है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त की रेस में ज्ञानेश कुमार का नाम सामने आगे चल रहा है. गौरतलब है कि चयन समिति मुख्य चुनाव आयुक्त के लिए पांच उम्मीदवारों के नाम को भेजेगी.

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची रांची, कारकेड कड़ी सुरक्षा के बीच राजभवन पहुंचा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंच चुकी हैं. रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक पहुंचाने के दौरान पूरे रूट लाइन में रांची पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखा था. एयरपोर्ट से राजभवन निकलने से पहले ही रूट लाइन में तैनात सुरक्षाकर्मी अलर्ट मोड में थे, करीब 20 से 22 मिनट के भीतर ही राष्ट्रपति का काफिला कड़ी सुरक्षा के बीच राज भवन पहुंच गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार की रात राजभवन में ही विश्राम करेंगी. उसके बाद शनिवार को वह बीआईटी मेसरा में होने वाले समारोह में शिरकत करेंगी.

### राजभवन में हुआ भव्य स्वागत

जैसे ही राजभवन के अंदर राष्टपति का काफिला पहुंचा, वैसे ही पूरा राजवभवन अलर्ट पर आ गया. राष्ट्रपति के राजभवन पहुंचते ही राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उनका स्वागत किया. मौके पर मौजूद राजभवन के पूर्व कर्मचारियों ने भी राष्ट्रपति का स्वागत गर्मजोशी से किया. राजभवन में राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए राज्यपाल के अलावा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समेत राज्य के कई अधिकारी मौजूद थे.

### 15 फरवरी को बीआईटी में है कर्यक्रम

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 15 फरवरी को रांची के बीआईटी मेसरा के जीपी बिरला ऑडिटोरियम में संस्थान के प्लेटिनम जुबली समारोह में शिरकत करने वाली हैं. बीआईटी मेसरा में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए हर तरह की तैयारी को मुकम्मल किया जा रहा है.

### शहर में जगह-जगह की गयी थी बैरिकेडिंग

राष्ट्रपति के आगमन को लेकर एयरपोर्ट से राजभवन तक जाने वाले रास्ते पर और राजभवन से बीआईटी मेसरा तक जाने वाली सड़क के दोनों तरह जगह-जगह पर बैरिकेडिंग की गयी है. साथ ही कई जगह ड्रॉप गेट भी बनाये गये हैं. ट्रैफिक संभालने के लिए ट्रैफिक डीएसपी, इंस्पेक्टर व पुलिसकर्मियों को हर रोड पर तैनात कर दिया गया है. राष्ट्रपति का काफिला जैसे-जैसे आगे बढ़ता जायेगा, ट्रैफिक को उसी हिसाब से खोल दिया जायेगा. ट्रैफिक रोकने के लिए कई जगह बैरिकेडिंग भी की जायेगी.



### राष्ट्रपति की सुरक्षा में 10 आईपीएस, 20 डीएसपी और 1000 जवान तैनात

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंची. राष्ट्रपति का विमान शाम 4:30 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंड किया. फिर वहां से राष्ट्रपति राजभवन चली गयी. इसके बाद 15 फरवरी को राष्ट्रपति बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी. राष्ट्रपति के रांची आगमन को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किये गये हैं. उनकी सुरक्षा में दस आईपीएस के अलावा 20 डीएसपी और 1000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है.











# लोटस लिटिल स्कूल पतरातू ने मनाया एनुअल फंक्शन, हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शके व अभिभावक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**स्पेशल थीम्स, डांस प्रदर्शन व कराटे के साथ अन्य प्रदर्शनों ने लोगों को किया मंत्र मुग्ध**


**पतरातू।** पतरातू मेन रोड स्थित लोटस लिटिल स्कूल ने अपना एनुअल फंक्शन स्टीम कॉलोनी स्थित रेलवे हॉल में मनाया। जहां हजारों की संख्या में दर्शके व अभिभावक उपस्थित रहे। इस पूरे इवेंट में स्कूली बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के थीम्स, डांस प्रदर्शन, कराटे व अन्य नृत्य कार्यक्रमों ने लोगों को अपनी कुर्सी से ना हिलने को विवश कर दिया। स्कूल की प्राचार्या श्वेता सिंह ने बताया कि हमारा सिर्फ एक ही मकसद है कि बच्चों को सिर्फ पढ़ाई में नहीं बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में हम अपना पूर्ण योगदान दे सकें। कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर शेखर सिंह चाइल्ड स्पेशलिस्ट व डॉक्टर अंजली सिंह चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट ने दीप प्रज्वलित कर की। मौके पर उन्होंने कहा कि बतौर चाइल्ड स्पेशलिस्ट और चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट हम यह दावे के साथ कर सकते हैं कि बच्चों को सिर्फ पढ़ाई के प्रति यदि हम रिजीडी करते हैं तो उनका सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता। मगर लोटस लिटिल स्कूल को जहां तक हम जानते हैं यह स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास करने में विश्वास करती है। जो कि बिल्कुल सही है यदि बच्चों को सिर्फ एक कमरे में बैठाकर पढाना चालू कर दें तो ना बच्चे पढ़ पाएंगे और ना उनका अन्य क्षेत्रों में विकास हो पाएगा। इसलिए बच्चों को उनकी फ्रीडम देने की कोशिश करनी चाहिए। जिन्हें जिस क्षेत्र में रुचि है उन्हें उस ओर अग्रसर करने की आवश्यकता है। पूरे कार्यक्रम में बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों के कल्चर पर आधारित डांस व अन्य कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। इसका बच्चों के दिमाग पर एक सीधा प्रभाव यह पड़ेगा कि बच्चे भारत की हर राज्य की संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। पूरे कार्यक्रम में बच्चों ने हॉल में उपस्थित सभी दर्शकों व अभिभावकों को कुछ इस कदर बांधे रखा कि कोई भी अभिभावक या दर्शक अपनी सीट को छोड़ने के लिए बिलकुल राजी नहीं थे। बच्चों के द्वारा इस बेहतरीन प्रदर्शन के बाद स्कूल की प्राचार्या श्वेता सिंह ने कहा कि अब मुझे कहीं ना कहीं एक आत्म संतुष्टि मिल रही है कि मैं बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का जो विचार लेकर स्कूल शुरू की सुरुआत की थी उसमें मैं कामयाबी हासिल कर रही हूँ। बच्चों का चारित्रिक, सांस्कृतिक व व्यावहारिक विकास यही हमारा मुख्य उद्देश्य है। जिसमें हमारे विद्यालय के बच्चे आज पूरी तरह खरे उतरे हैं। मैं अपनी ओर से इन्हें बधाई देती हूँ।।

## विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से जूरिया में लगाया गया नया ट्रांसफॉर्मर



**लोहरदगाः** सदर प्रखंड के जूरिया में ट्रांसफॉर्मर खराब थी जिसके कारण बिजली बाधित थी, जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक कार्यालय लोहारदगा में लिखित आवेदन के साथ किया था, जिसपर त्वरित करवाई करते विधायक डॉ रामेश्वर उराँव के प्रयास से विधायक प्रतिनिधि ने तत्काल ट्रांसफार्मर लगवाया जिससे ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है ग्रामीणों ने विधायक के कार्य की सराहना की और कहा कि बिजली बाधित होने से मैट्रिक इंटर के परीक्षार्थी को काफी परेशानी होती एवं त्योहार मनाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता परंतु विधायक डॉ रामेश्वर उराँव ने तत्परता से हमारी समस्या का समाधान किया एवं उनके प्रयास से पुराने तारों को हटवाकर नया तार लगवाया जा रहा है जिससे आमजन सुरक्षित महसूस कर रहे है ,नये ट्रांसफार्मर से गांव में हर्षोल्लास के साथ सबे बारात का त्यौहार भी बिजली की चक्का चौंध में मनाई गई इस मौके मनोज उरांव, नौशाद अंसारी, आशीष कुजूर,सोनू मिंज,महाबीर उराव,,रामलाल उराव,महेश्वर उराव,आशिक अंसारी श्याम लाल उराव, मोईन अंसारी महफूज अंसारी अनिल उराव,आरिफ अंसारी नवाज अंसारी फिरदौस अंसारी आदि मौजुद रहे ।

## पीवीयूएन प्रायोजित ए सी पंप प्रशिक्षण का समापन समारोह सम्पन्न



**पतरातू।** रांची के सरकारी टूल रूम में पीवीयूएन द्वारा प्रायोजित ए सी एवं वाटर पंप मरम्मत व रखरखाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दो महीने के प्रशिक्षण में स्थानीय गांवों के 30 युवाओं ने भाग लिया और अपने कौशल का विकास किया। समारोह में सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिससे उन्हें स्वरोजगार के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना और उनके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। पीवीयूएन के एचओएचआर, जियाउर रहमान ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपने सीखे हुए कौशल का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़ः** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी, फामेर्सी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा ड्रग डिजाइनिंग विषय पर दो दिवसीय 14 फरवरी और 15 फरवरी 2025 को कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला का शुभारंभ सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।विश्वविद्यालय के कुलसचिव (प्रो)डॉ निर्मल कुमार मंडल ने बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए कहा की यह कार्यशाला आपके भविष्य को उज्जवल बनाने मे मददगार साबित होगा। मुख्य वक्ता एस एच आर एम बायोटेक्नोलॉजिस्ट प्राइवेट लिमिटेड वेस्ट बंगाल से आए रिसर्च कॉर्डिनेटर मिस श्रेसही घोष एवं मिस्टर रूपक राय थे ।उन्होंने कार्यशाला के प्रथम दिन बच्चों को कंप्यूटेशनल टूल्स ऑटो डॉक एवं पैमोल का यूज करके ड्रग डिजाइन के बारे मे प्रशिक्षण




दिए ।विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति बी एन साह ने कार्यशाला की सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।सचिव सुश्री प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और हार्दिक बधाई दी ।कार्यक्रम का संचालन उमा कुमारी ने की मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार, डॉ प्रतिभा गुप्ता , साईं प्रकाश , डॉ पूजा कुमारी जायसवाल एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## शांति व सौहार्द के साथ मनाया गया इबादत का पर्व शब-ए-बरात

**लोहरदगाः** मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा शब-ए बरात त्यौहार को लेकर बुधवार से ही कब्रिस्तान की साफसफाई एवं तैयारी को लेकर जुटे हुए थे। विदित हो को लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत गांव में गुरुवार की रात में सेरेंगहातु,उगरा आरा,सेन्हा,अरु,झखरा,कल्हेपाट भड़गाँव,अरु बांधटोली,भंगाडी तोड़ार,बुटी सहित विभिन्न जगहों के मस्जिद में नमाज अदा करने और फतया खानी के बाद लोगो ने कब्रिस्तान में इबादत किया कि रब मेरी गुनाहों को माफ कर दे,मेरी तौबा कबूल फरमा,मेरी इबादतो को अपनी रहमत में जगह दे शब-ए-बरात की रात में मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोगो ने इस तरह का इबाबत कर दुवा किया। प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों में इबाबत करने के लिए तांता लगा रहा। सभी जगहों पर मस्जिद व कब्रिस्तान को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। नमाजियों द्वारा रात भर मस्जिद में नमाज अदा कर दुआएं मांगी गई। कब्रिस्तान में भी अपने स्वर्गवासियों संबंधियों के मगफिरत की दुआएं मांगी गई। हाफिज गुलाम मुस्तफा बताया की शब-ए-बरात की रात को फजीलत वाली होती है। जिसे बुराई,गलत और गुनाहों से बचना चाहिए तथा अल्लाह की इबाबत में रात गुजारना चाहिए। क्यो कि शब-ए- बरात की रात साल में एक बार आती है। प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा शांति व सौहार्द के साथ त्यौहार मनाया गया।

## वेलेंटाइन डे पर गुलाबों की डिमांड बढ़ी, होटलों में खास तैयारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची.** वेलेंटाइन डे को लेकर गुलाबों की मांग काफी बढ़ गयी है. खासकर लाल गुलाब की मांग सबसे जयादा है. कई जगहों पर लाल गुलाब मिल भी नहीं रहे हैं और जिन शॉप पर उपलब्ध हैं, वहां कीमत काफी अधिक है. एक गुलाब के लिए 100 से 200 रुपये तक लिये जा रहे हैं. हालांकि बाजार में कई रंगों के गुलाब उपलब्ध हैं. वेलेंटाइन डे को लेकर लाल, पीला, गुलाबी, सफेद, मैरून, जमुनिया रंगों के गुलाब खासतौर पर मंगाये गये हैं. एक फूल शॉप के संचालक सुरेश मालाकार ने बताया कि इस खास दिन के लिए रायपुर, बेंगलुरु और दिल्ली से गुलाब मंगाये गये हैं. वेलेंटाइन पर हार्ट शेप रोज बुके की डिमांड सबसे ज्यादा रहती है. हालांकि ज्यादा महंगा होने के कारण लोग कम ही लोग हार्ट सेप बुके बनवाते हैं. ज्यादातर लोग सिंगल गुलाब व डबल गुलाब को डेकोरेट करवाते हैं. वेलेंटाइन को लेकर गुलाब की डिमांड बढ़ने से कीमत में थोड़ी वृद्धि हो गयी है.

**होटल में लाइव सिंगिंग और डीजे की व्यवस्था**

वेलेंटाइन डे को खास बनाने के लिए होटल्स और रेस्तरां में खास तैयारियां की गयी हैं. होटल में रेड थीम पर डेकोरेशन के साथ लाइव सिंगिंग की व्यवस्था की गयी है. होटल लीलैक में वेलेंटाइन डे पर खास तैयारियां की गयी हैं. यहां वेलेंटाइन थीम पर डेकोरेशन दिखेगा. साथ ही हर टेबल पर गुलाब का डेकोरेशन देखने को मिलेगा. इसके अलावा लाइव सिंगिंग का आनंद भी उठा सकते हैं. वहीं रेडिशन ब्लू में रोमांटिक डिनर का आनंद लिया जा सकता है. लाइव डीजे, कपल्स के लिए सरप्राइज गिफ्ट आदि की भी व्यवस्था की गयी है.

## वीर बुधु भगत जयंती समारोह होगा ऐतिहासिकः आलोक साहू



**लोहरदगाः** लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती के अवसर पर 17 फरवरी को मैना बगीचा लोहरदगा में भव्य जतरा सह विकास मेला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से सांसद के निजी सहायक सह कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू आज कुडू प्रखंड के अंतर्गत सलगी पंचायत के ग्राम रोचो, सलगी, महुआ टोली, छाप्पर टोली,धौरा के ग्रामीणों एवं युवाओं से मिलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में जतरा में आने की अपील किये। श्री साहू ने कहा कि अमर शहीद वीर बुधु भगत एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। 2006 में लोहरदगा के तत्कालीन विधायक सुखदेव भगत ने मैंना बगीचा में वीर बुद्ध भगत की प्रतिमा स्थापित कर जतरा लगाने की परंपरा की शुरूआत किए थे ।इस कार्यक्रम में एक ओर आदिवासी संस्कृति की झलक मिलेगी तो दूसरी ओर विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी लोगों को मिलेगी ।इस जतरा में जितने भी खोड़हा दल आएंगे उन्हें प्रतीक चिन्ह के रूप में झंडा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबे के ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह हैं। दौरा में कुणाल अभिषेक, मुकेश उरांव, करमा उरांव , करमचंदभगत, बसुआ उरांव, मोहन भगत, दिगंबर उरांव, रामदयाल उरांव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## मारपीट एवं गाली गलौज के आरोप पर एस सी एस टी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज

**लोहरदगा**ः बालू उठाव एवं परिवहन मामले को लेकर एकागुड़ी ग्राम के ग्रामीणों द्वारा रोक लगाने को लेकर बालू माफिया के साथ विवाद को लेकर जाती सूचक गाली देने के आरोप पर अभियुक्त के विरुद्ध सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज जांच पड़ताल में जुटी पुलिस विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी निवासी स्वर्गीय बिरसा उराँव के पुत्र रितेश उराँव ने अभियुक्त संदीप साहू के विरुद्ध सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए बताया कि कोयल नदी से बालू उठाव पर रोक लगाने के दिशा में मैं रितेश उराँव एवं सुखराम उराँव,दिनेश उराँव,वरुण उराँव के साथ गया था। इसी दरमियान बालू उठाव कर आ रहा ट्रैक्टर को रोके तो एकागुड़ी निवासी शिव शंकर साहू के पुत्र संदीप साहू रंगदारी करते हुए जंगली आदमी एवं जाती सूचक शब्द बोल कर धक्का मुक्का करने लगा। तथा ट्रैक्टर चढ़ाने की धमकी देते हुए भागने के दौरान ट्रैक्टर के टाली से चोट लगने पर संदीप साहू का माथा फट गया। उसके बाद हमलोग के विरुद्ध गलत तरीके से प्राथमिकी दर्ज कराया गया। बताते हुए अभियुक्त संदीप साहू के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताते हुए कहा कि आवेदन के आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 18/25 दर्ज कर एस सी/एस टी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कारवाई आरम्भ कर दिया गई है।

## अवैध बालू लोड बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के एक ट्रैक्टर



**लोहरदगाः** अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामले में क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय पुलिस ने बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के एक ट्रैक्टर को जप्त कर अग्रतर कारवाई हेतु संबंधित विभाग को किया सूचनार्थ विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू ढोलाई चोरी छुपे जारी रहने की सूचना पर लगतार अवैध बालू उठाव को लेकर कारवाई किया जा रहा है। तथा कोयल नदी से बालू उठाव पर अंकुश लगाने के दिशा में संयुक्त कारवाई ट्रैक्टर चालक व मालिक के विरुद्ध किया जा रहा है। इसी निमित सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के एक ट्रैक्टर को बालू लोड परिवहन करते हुए भड़गांव पीसीसी पथ से जप्त किया गया। तथा अग्रतर कारवाई हेतु खनन अधिनियम के तहत संबंधित विभाग को सूचनार्थ किया गया। बताया जाता है कि बालू का उठाव बेखौप हो दिन के उजाले में किया जा रहा था। जिसपर थाना प्रभारी अजित कुमार को अचानक सेन्हा थाना क्षेत्र भ्रमण के दौरान पड़ा और पुलिस कारवाई करते हुए बालू लोड ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रखते हुए खनन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु अवगत कराया गया।

# बैंक के बिना आदेश के और मजिस्ट्रेट के बिना उपस्थिति में फैक्ट्री को कब्जा करने की हो रही कोशिश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पंजाब नेशनल बैंक ने यश एलॉय नामक फैक्ट्री का किया है आक्शन**

**फैक्ट्री प्रबंधन ने गोला थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई,राज्य के बड़े अधिकारियों को दी जानकारी**



**रामगढ़/गोला’** झारखंड के रामगढ़ जिला के गोला थाना क्षेत्र में यश एलॉय नमक फैक्ट्री का पंजाब नेशनल बैंक ने आक्शन कर दिया है। लेकिन बैंक ने अभी तक आक्शन पर लेने वाले व्यक्ति के नाम फैक्ट्री नहीं किया है। पूरी प्रक्रिया अभी बाकी है। फैक्ट्री को कब्ज में लेने के लिए मजिस्ट्रेट की बहाली भी नहीं की गई है। पूरी प्रक्रिया अभी अधूरी पड़ी है। इसके बावजूद गुंडागर्दी के बल पर फैक्ट्री को कब्जा करने का प्रयास बीते गुरुवार की देर रात से शुरू हो गई है

इस संबंध में गोला थाना में प्राथमिक की भी दर्ज कर दी गई है। इस संबंध में राजकुमार चौधरी ने गोला थाना में प्राथमिक की दर्ज कराया है। राजकुमार चौधरी ने प्राथमिक की में लिखा है कि आपको जानकारी देना है कि कुछ एंटी सोशल एलिमेंट्स हमारे फैक्ट्री में प्रवेश कर पोजीशन लेना चाहते हैं। मेरी फैक्ट्री यस एलॉय प्राइवेट लिमिटेड कुसुमडीह गोला रामगढ़ में स्थित है’ फैक्ट्री प्लॉट नंबर 123, 125, 127 पर स्थित है। उन्होंने प्राथमिक की में लिखा है कि 13 फरवरी की रात 9ः00 बजे के लगभग 20 से 30 की संख्या में लोग फैक्ट्री गेट के समक्ष पहुंच गए। यह लोग वहां पर अफरा तफरी मचाने लगे। वे लोग गेट को तोड़कर अंदर प्रवेश करना चाह रहे थे। गेट के सामने खड़े लोग कह रहे थे कि कब्जा दे दो,कब्जा दे दो, हमको कब्जा दे दो नहीं तो गलत होगा। कई वाहनों से लोग फैक्ट्री के सामने पहुंचे थे। प्राथमिक में बताया गया है कि पंजाब नेशनल बैंक ने फैक्ट्री की नीलामी कर दी है। लेकिन इसकी सूचना विधिवत रूप से नहीं दी गई है। वही इस संबंध में फैक्ट्री प्रबंधन का कहना है कि फैक्ट्री की जमीन को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में मामला चल रहा है। रामगढ़ जिला उपायुक्त न्यायालय में भी मामला है। आगामी 18 फरवरी को उपयुक्त न्यायालय में सुनवाई होनी है। अभी तक जिला की ओर से फैक्ट्री को कब्जा दिलाने के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती नहीं की गई है। बैंक से भी अधिकृत रूप से इसकी जानकारी नहीं मिली है। इस संबंध में गोला थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। फैक्ट्री प्रबंधन का कहना है कि हम फैक्ट्री को विधिवत रूप से मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बैंक को वापस करेंगे। इस संबंध में रामगढ़ जिला के वरीय अधिकारियों और राज्य के वरीय अधिकारियों को लिखित रूप से सूचना दी गई है। वही जानकारी के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक ने गोला के कुसुमडी में स्थित यस एलॉय नामक फैक्ट्री का नीलामी कर दिया है। जानकारी के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक ने ओरनेट इस्पात प्राइवेट लिमिटेड धनबाद को यस एलॉय नामक फैक्ट्री को नीलामी में दिया है। ओरनेट इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ने 11 करोड़ 37 लाख 49 हजार की बोली लगाकर नीलामी में फैक्ट्री को खरीदा है। कंपनी ने बैंक को टोटल रकम की 25% जमा की है। अभी कंपनी को 75% की राशि 8 करोड़ 51 लाख 11 हजार लगभग पंजाब नेशनल बैंक को जमा करना है। पंजाब नेशनल बैंक ने कंपनी को 27 फरवरी तक का समय दिया है। अगर कंपनी ने 27 फरवरी तक राशि जमा नहीं किया तो बैंक यह नीलामी रद्द भी कर सकता है। ऐसी स्थिति में कंपनी के द्वारा फैक्ट्री फैक्ट्री का जोर जबरदस्ती कब्जा करवाना कहां से जायज और उचित है। राजकुमार चौधरी इस संबंध में झारखंड उच्च न्यायालय में शुक्रवार को एक मामला दर्ज किया है। जिसकी सुनवाई अगले सप्ताह होनी है। राजकुमार चौधरी का कहना है कि बैंक ने जब फैक्ट्री का आक्शन कर दिया है। मुझे इस पर कोई एतराज नहीं है। लेकिन फैक्ट्री में जिस प्रकार की गुंडागर्दी करवाई जा रही है। यह सही नहीं हो रहा है। जिला पुलिस प्रशासन पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई करें।

# स्वतंत्रता संग्राम के आदिवासी नायकों का अध्ययन व दस्तावेजीकरण की है जरूरत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र क्षेत्रीय केंद्र और डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को तेलंगा खड़िया की 219वीं जयंती मनाई गई. इस अवसर पर ह्लतेलंगा खड़िया झ्र स्वाधीनता संघर्ष का एक अल्पज्ञात जनजातीय शहीदह्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कुमार संजय झा ने स्वागत भाषण दिया और कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नायकों का महत्वपूर्ण योगदान है. इन सभी नायकों के जीवन का अध्ययन और दस्तावेजीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है.आजादी का अमृत महोत्सव पहल के तहत भारत के गुमनाम आदिवासी नायकों को समर्पित कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं. वक्ता ने कहा कि पिछले साहित्यिक कार्यों और ऐतिहासिक दस्तावेजों से सावधानीपूर्वक जानकारी प्राप्त की गई है, जिसमें 19वीं शताब्दी में औपनिवेशिक ताकतों के खिलाफ आदिवासी प्रतिरोध का नेतृत्व किया गया था.

**जनजातीय वीरों का इतिहास हाशिए पर है – अंगद किशोर**

मुख्य अतिथि अंगद किशोर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि तेलंगा खड़िया को अल्पज्ञात जननायक श्रेणी में गिना जाता है, लेकिन वह उन महान वीरों में से हैं जिनका योगदान भारतीय स्वाधीनता संग्राम में अद्वितीय है. भारतवर्ष में जनजातीय वीरों का इतिहास हाशिए पर है, जिसे मुख्यधारा के इतिहास में सम्मान के साथ सम्मिलित करने की आवश्यकता है.सम्मानित अतिथि डॉ. बिनोद कुमार ने जनजातीय स्वाधीनता संघर्षों के मुख्य कारणों पर प्रकाश डाला और कहा कि जनजातीय समाज का प्रकृति से प्रेम है. इसकी रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने की प्रवृत्ति रही है, और यही कारण है कि आदिवासी समाज ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में एकजुटता दिखायी.

**वीर सपूत तेलंगा खड़िया आज भी गुमनाम झ्र प्रो. डी.एन. वर्मा**

सेवानिवृत्त प्रोफेसर और रामपुर हाट के अध्ययन एवं अनुसंधान केंद्र के संस्थापक प्रो. डी.एन. वर्मा ने संबोधित किया और कहा कि तेलंगा खड़िया अंग्रेजों के सामने कभी नहीं झुके. इसका प्रमाण विभिन्न प्रामाणिक स्त्रोतों, मीडिया में प्रकाशित रिपोर्टों और खड़िया लोकगीतों में मिलता है. इस आदिवासी शहीद का उल्लेख होने के बावजूद यह वीर सपूत आज भी गुमनाम है.पूर्व में किए गए शोधों की आलोचनात्मक समीक्षा करते हुए प्रो. वर्मा ने कहा कि औपनिवेशिक इतिहासकारों ने आदिवासियों को असभ्य, जंगली और बर्बर कहा था. लेकिन इसके बावजूद आदिवासी नायकों ने विदेशी शासन का पुरजोर प्रतिरोध किया. इसके बाद भी आज इनकी गौरव गाथा और अधिकांश गुमनाम हैं.

**आदिवासियों का संघर्ष इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं**

अनुपम शौर्य और अनवरत संघर्ष का निष्पक्ष मूल्यांकन देश के इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं किया गया है. विभिन्न जनजातीय संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि संताल हूल 1855-1856 के सिदो और कान्हू, मुंडा संघर्ष 1895-1900 के बिरसा मुंडा, साफाहोड़ आन्दोलन के भागीरथ मांझी आदि से लोग अवगत हैं, लेकिन गोनो पिंगुआ (1857, कोल्हान), प्रोटो हो (1836-1837) जैसे आदिवासी समुदाय के वीर नायकों की तरह छोटानागपुर क्षेत्र में ब्रिटिश सत्ता का प्रतिरोध करने वाले तेलंगा खड़िया (1806-1880) के ऐतिहासिक संघर्ष और उनके बलिदान से लोग परिचित नहीं हैं.

**कार्यक्रम में ये शामिल थे**

रांची विश्वविद्यालय के खड़िया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बंधू भगत, सहायक प्राध्यापक डॉ. मेरी एस. सोरेन, संत जेवियर कॉलेज हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. कमल कुमार बोस, डी.एस.पी.एम.यू. हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. जिंदर सिंह मुंडा, डॉ. सावित्री बड़ाइक समेत अन्य विद्वान, शोधकर्ता और छात्र शामिल थे.

## कब मिल सकती है मंईयां सम्मान योजना की राशि एक बार में मिलेंगे 5 हजार रुपये




**रांची :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के जनवरी माह की राशि अभी तक नहीं मिली है. लाभुक बड़ी बेसब्री से इस राशि का इंतजार कर रहे हैं. अगर आप इस योजना के लाभुक हैं तो आज हम आपको इसके बारे में बताने जा रहे हैं. हालांकि आधिकारिक तौर इसकी जानकारी तो अभी तक सामने नहीं है. लेकिन जानकारी के मुताबिक जल्द ही इसकी राशि लोगों के खाते में आ सकती है. जानकारी मुताबिक फरवरी के अंतिम सप्ताह में 2500 रुपये लोगों के खाते में आ सकते हैं.

**सभी जिलों में चल रही है सत्यापन की प्रक्रिया**

अभी सभी जिलों में आवेदनों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है. इस दौरान लगातार कई गड़बड़ियां भी सामने आयी हैं. जिलों में आवेदन के सत्यापन और आधार से बैंक खाता जोड़ने की प्रक्रिया पूरी नहीं होने की वजह से लाभुकों को जनवरी की राशि नहीं मिल पायी है. इसकी प्रक्रिया पूरी होते ही लाभुकों को एक साथ दो माह की राशि मिलेगी. यानी कि अगर इस माह पैसे मिलते हैं तो लाभुकों को एक साथ दो माह की राशि यानी कि 2500 रुपये दिये जायेंगे.

**मार्च तक बढ़ सकता है आधार से बैंक खाता जोड़ने का समय**

बता दें कि मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को दिसंबर माह में आधार से बैंक खाता को जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कर लेनी थी. लेकिन कुछ कारणवश कई लोग इसे अब तक पूरा नहीं कर पाये हैं, खबर है कि अब सरकार इसके लिए 31 मार्च तक समय दे सकती है. इसका प्रस्ताव कैबिनेट से 18 फरवरी को होने वाली बैठक में पारित हो सकता है. इस योजना के तहत राज्यभर में 67.60 लाख आवेदन जमा हुए हैं. दिसंबर माह की राशि 56 लाख से अधिक लाभुकों को दी गयी थी.

# प्रेम प्रकाश को ED के समक्ष नहीं लगानी होगी हाजिरी, SC ने जमानत आदेश में किया संशोधन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची :** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में ट्रायल फेस कर रहे प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत की शर्तों में संशोधन करते हुए सप्ताह में दो बार ED के समक्ष उपस्थित होने के आदेश को खत्म कर दिया है. इस संशोधन के बाद अब प्रेम प्रकाश को ED के समक्ष हाजिरी नहीं लगानी पड़ेगी.

**प्रेम प्रकाश नियमित तौर पर ट्रायल कोर्ट में होंगे उपस्थित : सुप्रीम कोर्ट**

शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि प्रेम प्रकाश किसी भी तरीके से ट्रायल को बाधित करने की कोशिश नहीं करेंगे और नियमित तौर पर ट्रायल कोर्ट में उपस्थित होंगे. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने यह आदेश दिया है. प्रेम प्रकाश की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता स्नेह सिंह ने बहस की.

**शीर्ष अदालत ने 28 अगस्त को प्रेम प्रकाश को दी थी सशर्त जमानत**

बता दें कि 28 अगस्त को शीर्ष अदालत ने प्रेम प्रकाश को जमानत दे दी थी. अदालत ने उस वक्त अपने आदेश में कहा था कि जमानत पर रहने के दौरान वह अपना पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा करेंगे और बिना कोर्ट की इजाजत के देश नहीं छोड़ेंगे. इसके साथ ही प्रेम प्रकाश को सप्ताह में दो दिन ED कार्यालय में उपस्थित होने का भी निर्देश दिया था. प्रेम प्रकाश अवैध खनन और लैंड स्कैम से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में आरोपी है और फिलहाल दोनों मामलों में बेल पर हैं.

## आदिवासी गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का फैसला स्वागतयोग्य : बाबूलाल



**रांची :** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के आदिवासी गांवों में नये आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के फैसले को स्वागतयोग्य बताया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि केंद्र सरकार की पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत झारखंड के आदिवासी गांवों में 1220 नये आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का फैसला स्वागतयोग्य है. इससे आदिवासी समाज के विकास और पोषण में काफी सुधार होगा.

**ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नये अवसर मिलेंगे**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने तारीफ करते हुए कहा कि यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनायेगा और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नये मौके प्रदान करेगा. आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति से महिलाओं का सशक्तिकरण भी होगा. केंद्र सरकार का यह निर्णय ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ल के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो झारखंड के आदिवासी समुदाय के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा.

## रांची के रिंग रोड में बस दुर्घटनाग्रस्त, कई यात्री घायल



**रांची:** जिले के मेसरा ओपी क्षेत्र के रिंग रोड स्थित रूदिया में शुक्रवार की दोपहर यात्री बस और एक अन्य वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में बस में सवार कई यात्री घायल हो गये. हालांकि राहत की बात यह है कि सभी को मामूली चोटें आयी है. वहीं यात्री बस का आगे का हिस्सा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है.

## झारखंड में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, गिरेगा न्यूनतम पारा, बारिश को लेकर भी आया बड़ा अपडेट

**रांची :** झारखंड में फिर एक बार मौसम का मिजाज बदलने की पूरी संभावना है. दरअसल मौसम विभाग की मानें तो लगातार न्यूनतम तापमान में हो रही बढ़ोतरी में ब्रेक लग जाएगा. ऐसा इसलिए क्योंकि उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी और ठंडी हवा चलने की वजह से इसका आंशिक असर राज्य में भी पड़ेगा. इस कारण अगले 24 घंटे में तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट हो सकती है.

**सुबह और रात में ठंडी हवा चलने से लोगों को परेशानी**

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो सुबह और रात में ठंडी हवा चलने से लोगों को थोड़ी परेशानी हो सकती है. हालांकि दिन चढ़ने के साथ ही मौसम साफ हो जाएगा. दोपहर में धूप रहने की वजह से अन्य दिनों की तरह ही हल्की गर्मी का एहसास होगा. वैसे इन दिनों तापमान दिन में बढ़ा रहता है. लेकिन रात में तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिर जा रहा है. लेकिन शाम होते ही तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है.

**रविवार से तापमान में बढ़ोतरी**

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि रविवार से तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है. 17 से 19 फरवरी तक आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे. 20 और 21 फरवरी को झारखंड के कुछ जिलों में बारिश की भी हो सकती है. राज्य का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जतायी गयी है. लगातार हो रहे बदलाव के कारण डॉक्टरों ने लोगों को सावधनी बरतने की अपील की है.

# न्यू मधुकम में 17 मार्च को तीन देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** न्यू मधुकम रोड नंबर पांच में 17 मार्च को तीन प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है. इसके लिए तीन कट्ठा जमीन पर 15 लाख रुपये की लागत से मंदिर का निर्माण किया गया है. इस मंदिर में भगवान बाबा भोलेनाथ, बजरंग बली और मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी. यह प्रतिष्ठा बनारस से आए आचार्य पुरुषोत्तम कृष्णशास्त्री के मंत्रोच्चारण से की जाएगी. मंदिर समिति की ओर से 27 पुरुष और 22 महिलाओं की भजन मंडली तथा कृतन के लिए समिति बनाई गई है.प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, दीपक प्रकाश, आदित्य साहु समेत अन्य सांसदों को भी आमंत्रित किया गया है. चुना भट्टा से न्यू मधुकम तक विद्युत लाइटों से सजावट की गई है. श्रद्धालुओं के आगमन के लिए दो मुख्य द्वार और चार गेट बनाए गए हैं. आयोजन स्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर तक लाइट और साउंड के साथ भक्ति गीतों का प्रवाह होगा.

**कलश यात्रा में 1101 महिलाएं होंगी शामिल**

कलश यात्रा रोड नंबर 5 से शुरू होगी, जो अभिमन्यु चौक, पहाड़ी मंदिर होते हुए सति मंदिर पहुंचेगी. यहां से सभी महिलाएं कलश में जल भरेंगी. इसके बाद तेल गली, महुआ टोली होते हुए पुनः आयोजन स्थल तक पहुंचेंगी. नगर भ्रमण के लिए बंगाल से छऊ नृत्य और बैंड पार्टी के स्थानीय कलाकारों को बुलाया गया है.

**चार दिवसीय कार्यक्रम होगा**

-15 फरवरी को सुबह आठ बजे से भव्य कलश यात्रा, 11 बजे पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश वेदी पूजन, जलाधिवास और आरती प्रसाद वितरण होगा.

-16 फरवरी को सुबह 9 बजे से वेदी पूजन, दोपहर 1:30 बजे से अन्नाधिवास, मिष्ठानधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास होगा. शाम 3 बजे से मूर्ति नगर भ्रमण शुरू होगा और शाम 6 बजे से आरती और प्रसाद वितरण आयोजित होगा.

-17 फरवरी को सुबह 8 बजे वेदी पूजन, महास्नान, शिखर स्नान, देवस्वप, श्रृंगार पूजन, सर्वदेव प्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, अग्नि स्थापना हवन और महाभंडारा का आयोजन होगा.

- 18 फरवरी को संध्या आरती और भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा.

**समिति में ये हैं शामिल**

संस्थापकः सुनिल कुमार गुप्ता
संरक्षकः अनिल कुमार गुप्ता
अध्यक्षः पंकज कुमार सिन्हा
उपाध्यक्षः कृष्णा राज यादव
कार्यकारी अध्यक्षः कंचन राय
सचिवः अनील प्रमाणिक
कोषाध्यक्षः चंदन कुमार, सतिष कुमार
कार्यकारी उपाध्यक्षः राकेश रंजन कुमार, रंजन कुमार पांडे, राजेश खंडेलवाल, भवन किशोर प्रसाद, सूर्यकांत कुमार, समेत अन्य.

## हिंदपीढ़ी की युवतियों को भगाने वाले इस्माइल, जुनैद, इमरान और काशिद को मिली बेल



**रांची :** रांची सिविल कोर्ट ने हिंदपीढ़ी की दो युवतियों को भगाने के आरोप में कर्नाटक से गिरफ्तार इस्माइल, जुनैद,काशिद और इमरान को बेल दे दी है. सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त की कोर्ट ने उक्त सभी आरोपियों को 20 हजार के निजी मुचलके पर बेल दी है. आरोपियों की बेल पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की दलील को दरकिनार करते हुए इस्माइल को बेल दी.

**आरोपियों ने पुलिस ने सामने किये थे कई खुलासे**

इससे पहले रांची पुलिस ने हिंदपीढी से गायब हुई लड़कियों को कर्नाटक से बरामद कर उन चार लड़कों को जेल भेज दिया था, जिनकी मदद से लड़कियां अपना घर छोड़कर भागी थीं. पुलिस ने इस केस में जिन्हें गिरफ्तार किया है, उन्होंने अपने इकबालिया बयान में कई राज उजागर किये थे. आरोपियों ने पुलिस ने सामने जो खुलासे किये थे उसके मुताबिक, लड़कियों को ले जाने के बाद भाड़े पर घर लेने के लिए एआई के जरिये आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर रहनुमा ने अपने पिता के नाम की जगह मोहम्मद इस्माइल और अमरीना ने अपने पिता के नाम की जगह जुनैद आलम कर दिया था.

**दोनों युवतियों ने पिता को फोन कर अपहरण की झूठी कहानी बताई**

पुलिस को दिये गये बयान के अनुसार, घर से निकलने के बाद दोनों युवतियां कंटाटोली पहुंची, जहां मजहर उनका इंतजार कर रहा था. मजहर ने दोनों लड़कियों को रामगढ़ तक पहुंचाया, इसके बाद जुनैद और इस्माइल लड़कियों को ट्रेन से लेकर कर्नाटक के लिए चले गये. रास्ते में दोनों लड़कियों ने अपने पिता को फोन कर अपहरण की झूठी कहानी बताई और अपना मोबाइल सिकीदारी घाटी में तोड़ दिया, ताकि उनका लोकेशन ट्रेस ना हो पाये.

**फेसबुक पर हुई थी अमरीना-रहनुमा की जुनैद-इस्माइल से दोस्ती**

बता दें कि जुनैद और इस्माइल की जान पहचान अमरीना और रहनुमा ने फेसबुक पर हुई थी. यह जान पहचान प्यार में बदल गयी और दोनों अक्सर रांची आते थे. मिलने जुलने का यह सिलसिला लगभग पांच वर्षों से चल रहा था. दोनों युवकों ने लड़की के घर वालों के पास शादी का प्रस्ताव भी रखा था. लेकिन लकड़ी के घर वाले नहीं माने. तब जाकर उन्होंने भागने का फैसला किया.

**काफी चर्चा में आया था यह मामला**

इस संबंध में हिंदपीढ़ी थाना में कांड संख्या 2/2025 दर्ज की गयी है. युवतियों के गायब होने की घटना के बाद यह मामला काफी चर्चा में आया था और राज्य सरकार के मंत्री युवती के घर भी गये थे. जिसके बाद रांची पुलिस ने कर्नाटक से युवतियों को बरामद किया था और चार लड़कों को भी गिरफ्तार किया था.

# झारखंड में डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो रहे लोग, इस स्कैम से कैसे बचें

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची :** झारखंड में आम लोग भी डिजिटल हाउस अरेस्ट (डिजिटल अरेस्ट) का शिकार हो रहे हैं. डिजिटल हाउस अरेस्ट साइबर अपराध का नया तरीका है, जिसमें साइबर अपराधी पीड़ित व्यक्ति को वीडियो कॉल पर डरा-धमकाकर घर पर ही कैद कर लेते हैं. साथ ही उसे इतना परेशान करते हैं कि वह पैसे देने पर मजबूर हो जाता है. बीते एक माह में राज्य के अलग-अलग जिलों में डिजिटल हाउस अरेस्ट की कई घटनाएं सामने आयी हैं. जिनमें साइबर अपराधी लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों रुपये की ठगी की घटना को अंजाम दे चुके हैं. यहां हम आपको इस स्कैम और इससे बचने के उपाय के बारे में डिटेल में जानकारी दे रहे हैं.

**साइबर अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की ठगी की :**

**-14 जनवरी :** रांची के बरियातू निवासी सीसीएल के रिटायर्ड अधिकारी साइबर ठगी का शिकार हो गये. ठगों ने खुद को टेलीफोन रेगुलेटरी अथॉरिटी (TRAI) और साइबर सेल का अधिकारी बताकर डराया. साथ ही झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी. बदमाशों ने डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर उनसे 2.27 करोड़ रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिये.

**- 07 फरवरी :** देवघर के नगर थाना क्षेत्र स्थित विलियम्स टाउन इलाके में सिलाई का काम करनेवाली एक युवती को डिजिटल अरेस्ट कर मानसिक यातनाएं दी गयीं. पीजी तक पढ़ाई कर चुकी पीड़िता वह सब करती रही, जो अपराधी कहते रहे. वीडियो कॉल पर वह करीब 24 घंटे तक रही.

**-08 फरवरी :** मुंबई क्राइम ब्रांच का डीआईजी बनकर साइबर अपराधियों ने धनबाद मुनीडीह के जयकुमार सिंह से 8.70 लाख रुपए की ठगी कर ली. जयकुमार ने साइबर थाने में मामले की शिकायत की है. उसने पुलिस को बाताया कि उनके पास अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आया. कॉल करने वाले ने बताया कि वह मुंबई क्राइम ब्रांच का डीआईजी बोल रहा है. उसके पहनावे और दफ्तर के बैंकग्रांउड से वह झांसे में आ गया.

**जानें इस तरह के फोन आने पर क्या करें**

अगर साइबर अपराधियों का आपको इस तरह का कॉल आता है तो आप घबराएं और डरे नहीं. साइबर अपराधी अगर कॉल ना काटने दे तो भी आप फोन डिस्कनेक्ट कर दें. इसके तुरंत बाद साइबर क्राइम ब्रांच के हेल्पलाइन नंबर या फिर नजदीकी साइबर थाना से संपर्क करें. साइबर अपराधियों ने जो वारंट भेजा है, उसका सत्यापन करवाएं. अपने दोस्तों और परिवार वालों को पूरी बात बताएं. जरुरत हो तो साइबर क्राइम ब्रांच द्वारा जारी किये गये अधिकारियों के नंबर पर सीधे संपर्क करें.

**जानें इस तरह से साइबर क्राइम से कैसे बचें :** सतर्क और सावधान रहें : अगर कभी भी आप इस तरह के कॉल रिसीव करते हैं तो सबसे पहले आपको सावधान रहने की जरुरत है. इसके साथ ही ऑनलाइन स्कैम और फ्रॉड के तरीकों की जानकारी भी रखें. आपको यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि सरकार, बैंक या फिर कोई भी जांच एजेंसी कॉल पर आपको डरा या धमका नहीं सकती है. आप तुरंत कॉल काट कर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवायें. पहचान वेरिफाई करने के बाद ही निजी जानकारी करें शेयर : किसी को भी कॉल पर पर्सनल या फाइनेंशियल डिटेल जैसी जानकारी बिल्कुल भी शेयर न करें. अगर इस तरह की जानकारी आपको भेजनी भी पड़ी तो पहले उस कॉलर की पहचान वेरिफाई कर लें. जैसा कि हम पहले भी आपको बता चुके हैं कि बैंक या कोई ऑफिशियल संस्था आपसे फोन पर पिन या आपसे जुड़ी निजी जानकारी नहीं पूछती है. संदिग्ध गतिविधियां दिखें तो तुरंत करें रिपोर्ट : अगर आपको स्कैमर्स के कॉल या मैसेज आते हैं तो इन्हें रिपोर्ट करें. इसके साथ ही अगर आपके बैंक अकाउंट में कुछ भी संदिग्ध लगता है तो इसकी भी शिकायत करें. स्कैम कॉल या मैसेज को रिपोर्ट करने के लिए आप सरकारी पोर्टल चक्षु का इस्तेमाल कर सकते हैं.

# सूबे के मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र में जलमीनार व आसपास के चापानल पिछले तीन माह से खराब

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गृह विधानसभा क्षेत्र में इन-दिनों पानी की किल्लत को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। गर्मी के मौसम में झारखंड में जल की समस्या कुछ जिलों में प्रचंड रूप ले लेती है, जब गर्मी का मौसम आता है तो यहां बूंद बूंद पानी के लिए भी लोग तरसने लगते हैं। वही गर्मी के दस्तक से पहले ही साहिबगंज के कुछ गांवो में जल संकट की समस्या उत्पन्न हो गई है। जहां बरहेट प्रखंड पर स्थित पञ्चकठिया संथाली हरचंदपुर गांव में लगी जलमीनार व आसपास के चापानल पिछले तीन माह से खराब पड़े हैं।ग्रामीण गांव से 200 मीटर की दूरी पर बने एक कुआं से पानी लाकर अपनी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। कुआं का भी जलस्तर नीचे चला गया है।

**सुबह उठते ही महिलाओं को पानी की चिंता सताने लगती है**

दरअसल हरचंदपुर गांव में पानी की समस्या का समाधान करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा कृष्णा लोहरा घर के पास एक सोलर आधारित जल मीनार कार्य कराया गया था,लेकिन सरकारी जलमीनार के खराब होने से गर्मी का मौसम आने से पहले ही लोग पेयजल संकट से परेशान है.सबसे अधिक परेशानी महिलाएं व स्कूली बच्चों को हो रही है.सुबह उठते ही महिलाओं को पानी की चिंता सताने लगती है।

**पेयजल के लिए परेशान हैं ग्रामीण**

जलमीनार से लगभग 40 घरों के 300 लोग प्यास बुझाते थे और अन्य कार्य करते थे। जलमीनार का निर्माण एक साल पहले किया गया है। हालांकि ग्रामीणों ने कई बार चंदा कर जलमीनार की मरम्मत करायी है,लेकिन बार-बार जलमीनार खराब हो जाने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने जलमीनार के खराब हो जाने की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी है,लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया है।

**सुबह से ही पानी की व्यवस्था में लग जाते हैं ग्रामीण**

हरचंदपुर गांव की महिला सुनीता देवी, पति चिंता तुरी, रूपमनी देवी, रानी कुमारी, सीता देवी सहित अन्य महिला ग्रामीणों ने कहा कि जलमीनार खराब होने से पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। सुबह उठते ही गांव से बहार खेत में बने एक कुआं से जाकर पानी लाना पड़ता है।इसके बाद खाना बनाकर बच्चों को खिला कर स्कूल भेजते हैं।आगे कहा कि भीषण गर्मी का महीना आने से पहले ही पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इसके आलावे कृष्णा लोहरा ने कहा कि जहां तहां से पानी लाकर प्यास बुझा रहे है पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से जलमीनार की मरम्मत करा कर पेयजल संकट से निजात दिलाने की मांग की है।

# शारदा कोचिंग सेंटर में मैट्रिक 2025 में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए हुआ विदाई समारोह का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**मंडरो/साहिबगंज।** मिजाचौकी गांधीनगर स्थित शारदा कोचिंग सेंटर में मैट्रिक 2025 के परीक्षार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन शुक्रवार को हुआ । इस दौरान शिक्षकों द्वारा विदाई समारोह में 28 छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया ।जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को बिहार माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दिया ।इस अवसर पर शारदा कोचिंग सेंटर के संचालक सह प्रधानाध्यापक राजेश कुमार उपाध्याय एवं शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को विदाई देने के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद देकर विदाई करने लगे तो सभी की आंखें भर आई ।विद्यालय के व्यवस्थापक राजेश कुमार उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं से कहा कि जिस तरह 2023 2024 में इस विद्यालय के छात्र पीरपैंती प्रखंड एवं आर .डी.पी हाई स्कूल दुबौली में टॉपर रहे । मैं उसी तरह का उम्मीद आप लोगों से करता हूं ।आप अपने मेहनत से अच्छे अंक प्राप्त करें ताकि आपका भविष्य उज्जवल हो। इस मौके पर उपस्थित वरिष्ठ शिक्षक ओम नारायण मिश्रा, मोहम्मद हाशिम अंसारी ,सांदीपक कुमार, मोतीलाल श्रीवास्तव ,अखिलेश महतो ,जालंधर कुमार ,मनोज पंडित ,अमित कुमार उपाध्याय और स्वाति कुमारी ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की

# सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर हुआ विषहरीगान का आयोजन



**राजमहल/साहिबगंज** ।राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महासिंहपुर पंचायत के बड़तला गांव में दिन गुरुवार को देर रात्रि में सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर विषहरीगान का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश मंडल, महासिंहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुभाष दास,झामुमो नेता विकास यादव, उज्जवल साहा,अजय दास,सभी अतिथि को बारी-बारी से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवम संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मौके पर अजय दास ,बिंदेश्वरी यादव, गोपाल मंडल , अजय साहा,राजा साह,अक्षय साह ,मिथुन साह,मुकेश साह,बिक्रम साह,अरविंद साहा,चंदन साह,एवम समिति के ,सभी सदस्य उपस्थित थे

# संस्कृति कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**राजमहल/साहिबगंज** ।राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महासिंहपुर पंचायत के कटघर गांव में दिन बुधवार को देर रात्रि इंदिरा नव युवक क्लब की ओर से संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश मंडल, मानसिंहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सुशीला मुर्मू, पंचायत समिति राजेश वाडा , महासिंहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुभाष दास संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मौके पर अजय दास ,बिंदेश्वरी यादव, गोपाल मंडल ,सोबीन मंडल, अजय शाह हरि महलदार समिति का सभी सदस्य उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मंडरो प्रखंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**मंडरो/साहिबगंज।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रति कारीगरों और शिल्पकारों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंडरो प्रखंड सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एमएसएमई धनबाद के सहायक निदेशक दीपक कुमार ने किया।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मंडरो मेघनाथ उरांव, ईओडीबी मैनेजर चंद्रशेखर शर्मा, मुख्यमंत्री लघु कुटीर बोर्ड से जिला उद्यमी समन्वयक देवब्रत कुमार, सीएससी मैनेजर आलोक कुमार, कन्हाई कुमार सहित स्थानीय मुखिया एवं हस्तशिल्पकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विभिन्न लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें कारीगरों और शिल्पकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, उपकरण अनुदान, ब्याज सब्सिडी के साथ ऋण सुविधा, डिजिटल लेनदेन प्रोत्साहन और विपणन सहायता जैसी सुविधाओं पर विशेष चर्चा की गई।सहायक निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों को 3 लाख रुपये तक का बिना जमानत ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। इसके साथ ही, प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपये प्रतिदिन का भत्ता और 15,000 रुपये तक का उपकरण अनुदान भी दिया जाएगा।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि यह योजना पारंपरिक कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने और औपचारिक टरटए प्रणाली से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी कारीगरों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।कार्यक्रम में आए लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और इसे अपने व्यवसाय को सशक्त बनाने में सहायक बताया। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य योजना की जानकारी को जमीनी स्तर तक पहुंचाना था, जिससे अधिक से अधिक कारीगर और शिल्पकार इसका लाभ उठा सकें।

# शिक्षक द्वारा छात्र की बेरहमी से की गई पिटाई, ग्रामीणों ने जमकर किया स्कूल में हंगामा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**राजमहल/साहिबगंज** ।राजमहल प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय घाट सेलमपुर में मंगलवार को शिक्षक मिथुन कुमार सिंह द्वारा चौथा कक्षा और पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों की बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है.जानकारी के अनुसार छात्र की शिक्षक ने बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे छात्र का पूरा बदन पर जख्म हो गया। इसको लेकर छात्र के अभिभावक और ग्रामीणों ने शुक्रवार को स्कूल पर चढ़कर हंगामा किया। इस कारण स्कूल में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना राजमहल प्रखंड क्षेत्र की प्राथमिक विद्यालय घाट सेलमपुर की है। बताया गया कि बीते मंगलवार को उक्त स्कूल के चौथा और पांचवी वर्ग में पढ़ रहे छात्र छोटू कुमार, गोपाल कुमार, अंश कुमार, अंकुश कुमार, पुष्पा कुमारी और दिवाकर कुमार को शिक्षक मिथुन कुमार सिंह द्वारा शराब के नशे में विद्यार्थियों को बेरहमी से पिटाई कर दी गई थी। जब छात्र घर पहुंचा तो उसके बदन पर जगह-जगह काले और लाल जख्म देख अभिभावक आग बबूला हो गए। इस घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया. छात्र की पिटाई से नाराज ग्रामीण लोग शिक्षक की बर्खास्त करने की मांग पर अड़े हुए थे. ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी उक्त शिक्षक के खिलाफ विद्यालय में शराब पीकर आने जैसे कई शिकायत आयी थी.

**किया कहते हैं विद्यालय के अध्यक्ष**

विद्यालय के अध्यक्ष अनिताभ कुमार मंडल ने बताया कि 18 तारीख को हमने विद्यालय से छुट्टी लिया था क्योंकि मेरे परिवार की तबीयत खराब है ।अभिभावकों द्वारा बताया गया कि शिक्षक मिथुन कुमार सिंह द्वारा बच्चों को शराब की नसे में पिटाई कर दिया गया जो कि गलत है ।

**किया कहते हैं विद्यालय के प्रधानाध्यापक**

विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि हमें जानकारी आज सुबह जब विद्यालय आए तभी अभिभावक से मिला है ।हम इस पर अधिक जानकारी नहीं दे सकते हैं क्योंकि हम उसे दिन 11 तारीख को अभीरक्षक कार्य में थे। शिक्षक मिथुन कुमार सिंह विद्यालय आने के बाद ही पता चल सकेगा लेकिन आज भी शिक्षक विद्यालय नहीं आए हैं।

किया कहते हैं शिक्षक मिथुन सिंह

हम राजमहल गए थे लेकिन राजमहल में दूसरे को ड्यूटी दिया गया था तो हम वहां से आपस विद्यालय आ गए थे ।वही बच्चों को पढ़ रहे थे। लेकिन सही जवाब नहीं देने पर गुस्सा आ गया था और छड़ी से कुछ बच्चों को हल्की-फुल्की पिटाई कर दी।

किया कहते हैं जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष

जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने बताया कि बीपीओ से जानकारी लेकर जांच के उपरांत सत्यता पाऐजाने पर कार्रवाई की जाएगकिया कहते हैं अभिभावक

1.मेरे बच्चे को मार कर हाथ से लाहू निकाल दिया है और मेरे बच्चा बहुत डरा हुआ है विद्यालय नहीं आना चाहता है मिथुन सर को यहां से हटा दिया जाए अगर सर विद्यालय आते हैं तो हम अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजेंगे: मिलोन कुमारी

2. मेरे बच्चे को मिथुन सर गेट बंद करके मारा है और वह विद्यालय प्रत्येक दिन दारू पीकर आता है उसे विद्यालय से हटाया जाए :सुलोचना देवी

3. मेरे बच्चे को मार कर जगह-जगह काला कर दिया है उसे सर को यहां से को हटा दिया जाए।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई तालझारी के द्वारा 2 मिनट मौन धारण कर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी

**तालझारी/साहिबगंज** ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई तालझारी के द्वारा शहीद चौक के पास पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को 2 मिनट मौन धारण करके श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर मंत्री गौरव कुमार सुमन ने किया नगर मंत्री ने बताया क्यों हमारे राष्ट्र के लिए उनकी सेवा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले को आज 7 साल पूरे हो गए हैं पुलवामा आतंकी हमले 14 फरवरी 2019 को हुआ था ।इस हमले में हमारे देश के 44 सीआरपीएफ जवानों को हमने खो दिया। सबसे दुख कि यह बात है कि आज कुछ अंग्रेज का वेलेंटाइन डे मना रहे हैं, और वो वेलेंटाइन डे हम युवा ही मना रहे हैं हम युवा से यही कहना चाहते हैं कि आप देश के लिए शहीद तो नहीं हो सकते हैं लेकिन जो हमारे देश के सेवा में शहीद हो गए है उनके लिए 2 मिनट जरूर याद करके उन्हें श्रद्धांजलि दें। मौके पर विद्यार्थी परिषद के नगर सह मंत्री हरिओम गुप्ता, अभिषेक सिद्धार्थ नगर कार्यकारिणी सदस्य शिवम कुमार, अभिषेक कुमार, मीडिया प्रमुख नंदू कुमार रजक, सूरज रविदास, पियूष उपाध्याय, कुंदन कुमार, अभिषेक कुमार, बादल पंडित, गोलू कुमार , प्रेम कुमार, संतोष मुर्मू , शिव चंदन, रवि, शुभम साह, अनुराग आनंद, चंदन कुमार, लव पंडित आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तीनपहाड़ थाना में बिजली चोरी मामले में तीन लोगों पर हुआ केस दर्ज

तीनपहाड़/साहिबगंज ।तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विधुत विभाग द्वारा विधुत ऊर्जा चोरी की जाँच को लेकर छापेमारी दल गठित कर बिजली चोरी अभियान चलाया गया ।जिसमें थाना क्षेत्र के तीन व्यक्तियो पर विधुत अधिनियम के तहत कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति शाखा तीनपहाड़ चंदन कुमार ने विधूत ऊर्जा जाँच के चोरी को लेकर तीनपहाड़ थाना मे केस दर्ज कराया। जिसमें तीनपहाड़ थाना कांड संख्या 8/25, 9/25, 10/25 के तहत थाना में लिखित आवेदन देकर केस दर्ज कराया गया। इस छापामारी अभियान में एसडीओ पूरण कुमार पासी, नंदलाल मांझी, विनोद कुमार यादव, सदानंद पंडित, मोनू अंसारी, विकास प्रामाणिक, रवि शंकर, शेखर बेसरा मौजूद थे।


# संस्कृति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**राजमहल/साहिबगंज** ।राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महासिंहपुर पंचायत के कटघर गांव में दिन बुधवार को देर रात्रि इंदिरा नव युवक क्लब की ओर से संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश मंडल, मानसिंहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सुशीला मुर्मू, पंचायत समिति राजेश वाडा , महासिंहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुभाष दास संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मौके पर अजय दास ,बिंदेश्वरी यादव, गोपाल मंडल ,सोबीन मंडल, अजय शाह हरि महलदार समिति का सभी सदस्य उपस्थित थे।



# तीनपहाड़ थाना में बिजली चोरी मामले में तीन लोगों पर हुआ केस दर्ज

**तीनपहाड़/साहिबगंज** ।तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विधुत विभाग द्वारा विधुत ऊर्जा चोरी की जाँच को लेकर छापेमारी दल गठित कर बिजली चोरी अभियान चलाया गया ।जिसमें थाना क्षेत्र के तीन व्यक्तियो पर विधुत अधिनियम के तहत कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति शाखा तीनपहाड़ चंदन कुमार ने विधूत ऊर्जा जाँच के चोरी को लेकर तीनपहाड़ थाना मे केस दर्ज कराया। जिसमें तीनपहाड़ थाना कांड संख्या 8/25, 9/25, 10/25 के तहत थाना में लिखित आवेदन देकर केस दर्ज कराया गया। इस छापामारी अभियान में एसडीओ पूरण कुमार पासी, नंदलाल मांझी, विनोद कुमार यादव, सदानंद पंडित, मोनू अंसारी, विकास प्रामाणिक, रवि शंकर, शेखर बेसरा मौजूद थे।


# जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दुगाटीला का किया निरीक्षण

**साहिबगंज** ।जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, साहिबगंज द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बोरियो प्रखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दुर्गटोला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष की स्थिति की समीक्षा की गई एवं संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को 18 जनवरी से छूटे हुए बच्चों के टीकाकरण को शिविर मोड में तत्काल प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया ।निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर से संबंधित ब्रांडिंग नहीं की गई थी। इस पर प्रभारी को शीघ्र ब्रांडिंग पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों (सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सहिया इत्यादि) के नाम व संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के लिए कहा गया, जिससे आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा हो ।इसके अतिरिक्त, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध दवाओं की सूची को नियमित रूप से अपडेट करने एवं इसे डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, निकटतम रेफरल अस्पताल का नाम एवं ममता वाहन (102) तथा एंबुलेंस (108) सेवा के संपर्क नंबर भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए ।स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से, सीएचओ को स्टेथोस्कोप क्रय करने तथा गर्भवती महिलाओं के एंटी-नेटल चेकअप एवं अन्य आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया ।इसके साथ ही, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों/आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्थित फायर एक्सटिंग्विशर की जांच कर उन्हें एक सप्ताह के भीतर रिफिल कराने हेतु प्रभारी को निर्देशित किया गया ।अंत में, सीएचओ को उचित ड्रेस कोड में रहने, आवश्यकतानुसार दवाइयों की समय पर मांग (इंडेंट) करने एवं पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।


# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई तालझारी के द्वारा 2 मिनट मौन धारण कर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी





**तालझारी/साहिबगंज** ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई तालझारी के द्वारा शहीद चौक के पास पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को 2 मिनट मौन धारण करके श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर मंत्री गौरव कुमार सुमन ने किया नगर मंत्री ने बताया क्यों हमारे राष्ट्र के लिए उनकी सेवा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले को आज 7 साल पूरे हो गए हैं पुलवामा आतंकी हमले 14 फरवरी 2019 को हुआ था ।इस हमले में हमारे देश के 44 सीआरपीएफ जवानों को हमने खो दिया। सबसे दुख कि यह बात है कि आज कुछ अंग्रेज का वेलेंटाइन डे मना रहे हैं, और वो वेलेंटाइन डे हम युवा ही मना रहे हैं हम युवा से यही कहना चाहते हैं कि आप देश के लिए शहीद तो नहीं हो सकते हैं लेकिन जो हमारे देश के सेवा में शहीद हो गए है उनके लिए 2 मिनट जरूर याद करके उन्हें श्रद्धांजलि दें। मौके पर विद्यार्थी परिषद के नगर सह मंत्री हरिओम गुप्ता, अभिषेक सिद्धार्थ नगर कार्यकारिणी सदस्य शिवम कुमार, अभिषेक कुमार, मीडिया प्रमुख नंदू कुमार रजक, सूरज रविदास, पियूष उपाध्याय, कुंदन कुमार, अभिषेक कुमार, बादल पंडित, गोलू कुमार , प्रेम कुमार, संतोष मुर्मू , शिव चंदन, रवि, शुभम साह, अनुराग आनंद, चंदन कुमार, लव पंडित आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शेख भिखारी मेडिकल कालेज हॉस्पिटल में रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन

**डीएमएफटी मद से कुछ माह पूर्व उपायुक्त के पहल से हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं पारा मेडिकल स्टॉफ की हुई थी नियुक्ति**

**जागेश्वर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आर्थो विभाग में इलाजरत मरीज पप्पू भुइयां 35 वर्ष का एक्सीडेंट 29 जनवरी को हुआ था,जिसमे उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई थी,रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन एक जटिल ऑपरेशन है जिसकी सुविधा सीमित संस्थानो में ही उपलब्ध है। शेख भिखारी मेडिकल कालेज अस्पताल के अस्थि रोग विभाग में रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन करने वाले टीम का नेतृत्व अस्थि रोग विभाग के डॉक्टर शशि कांत सिंह और डॉक्टर संजीव कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि इस तरह का जटिल ऑपरेशन हजारीबाग में पूर्व में नहीं हो पाता था,लेकिन ये सुविधा अब यहां आयुष्मान भारत योजना के तहत उपलब्ध है और ऑपरेशन करने वाले टीम में डॉ शशि, डॉ संजीव , राजू, कुंदन ,विनोद ,सिस्टर संजना,रौशनी एवम एनेस्थीसिया विभाग से डॉ सुप्रभात, प्रिया, रामाशीष शामिल थे। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के निर्देशानुसार DMFT मद से हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं पारा मेडिकल स्टॉफ की नियुक्ति की गई थी, जिसका परिणाम है कि इस प्रकार के जटिल चिकित्सा प्रक्रिया को हजारीबाग में कर पाना संभव हो पाया है।

# पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को संस्था ने दी श्रद्धांजलि

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड :** पुलवामा हमले को काले दिन के रूप में याद किया जाता है. ये हमला भारत पर हुए बड़ी आतंकी हमलों में से एक था. इस दिन आतंकियों ने 200 किलो विस्फोटकों के लदे वाहन से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले को निशाना बनाया. इस आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान वीरगति को प्राप्त हुए, जबकि 35 घायल हुए थे। पुलवामा हमले के 6 वीं बरसी पर सत्य सनातन संस्था ने शुक्रवार को नगर के हाटपाड़ा चौक में बिरगती प्राप्त हुतात्मा जवानों को श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किया। संस्था के जिला अध्यक्ष हर्ष भगत ने कहा कि साल 2019, तारीख 14 फरवरीङ्क्ये वो साल और वो तारीख है जिसे शायद ही कोई हिंदुस्तानी भूल पाएगा. जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के पुलवामा में आतंकियों ने बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम दिया था. 14 फरवरी को इसी आतंकी घटना के छः साल पूरे हो गए हैं. इस घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था. जिसमें देश के 40 जवान बिरगती को प्राप्त हुए थे ,जहा लोग आज उनके बलिदान को भूल कर पश्चायात सभ्यता के चका- चौंध में वेलेंटाइन डे मना रहे है, वही संस्था देश के लिए बिरगती प्राप्त हुतात्मा को श्रद्धांजलि देकर उनके ऋणी होने की बात समाज में संदेश स्वरूप दे रहे है, वही मौके पर उपस्थित हर्ष भगत ने कहा कि संस्था प्रमियो का विरोध नही करती परंतु आज वेलेंटाइन डे के आड़ में विदेशी कंपनिया अरबों की कमाई कर रही है, वेलेंटाइन डे हमारा संस्कृति नही है, हमारे लिए तो प्रतिदिन मातृ दिवस पितृ दिवस है, पर आज लोग आधुनिकता के आड़ में रोज डे, हग डे, तो ना जाने क्या क्या डे मना रहे है , एक आंकड़ा के अनुसार हर साल वैलेंटाइन के बाद, फेक लव के चक्कर में पड़कर औसतन 15 लाख लडकिया घर से भाग जाती हैं । संस्था इसका विरोध करती है, संस्था आज 14 फरबरी को काले दिन के रूप में याद करती है ,और सदेव याद करते रहेगी, संस्था ना ये कभी भूल पाएगी और न ही समाज को भुलने देगी, पांच साल पहेल आज ही के दिन आतंकियों ने 200 किलो विस्फोटक से लगे वाहन के जरिए सीआरपीएफ के काफिल को अपना निशाना बनाया था। सीआरपीएफ की 78 गाड़ियों में 2500 से ज्यादा जवान सफर कर रहे थे। उसी वक्त उन पर हमला किया गया था दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमले का घोर निन्दा करते है, संस्था के सदस्य एवम आम जनों ने चौक पर पुलवामा हमले में बिरगती प्राप्त हुतात्मा को बारी बारी से श्रद्धांलजी सुमन अर्पित किया एवम उनके याद में दीप प्रज्वलित किया मौके पर संस्था के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव अजय भगत,उपाध्यक्ष गौतम कुमार, जिला सचिव मिंटू गिरी,विशाल भगत, विशाल यादव, प्रशांत दुबे, भरत यादव, पियूष दुबे, मीडिया प्रभारी - तारक भगत,सत्यम भगत, अमित साहा, अनिकेत ठाकुर,गौरव यादव , आगंतु अतिथि अशोक वर्मा ,सहित दर्जनों उपस्थित थे।

# कुमार विवेक सिंह निजी खर्च से हेरुआ श्मशान घाट का करेंगे सुंदरीकरण



**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतरा :** सदर प्रखंड के देवरिया पंचायत के पूर्व मुखिया सह समजसेवी कुमार विवेक सिंह अपने निजी खर्च से हेरुआ शमशान घाट की सौंद्रीकरण करने का निर्णय लिए है। कुमार विवेक बताते हैं कि जब मैं कल एक डेथ बॉडी का अंतिम संस्कार के लिए आया था तो मैंने देखा अस्मशान घाट में काफी गंदगी है हर जगह कपड़े, पानी का बोतल सहित कूड़े का अंबार लगा हुआ तभी मैं ठान लिया कि अस्मशान घाट का सुंदरीकरण अपने निजी फंड से करवाया जाए और आज जेसीबी एवं अन्य मशीनों के माध्यम से पूरे अस्मशान घाट का कायाकल्प करवाना प्रारंभ कर दिया हू। कुमार विवेक ने बताया कि अभी मैं जमीन का समतलीकरण और लाश जलाने आए लोगों के बैठने के लिए पांच सीमेंट का बेंच का निर्माण करवाने जा रहा हूं इसके अलावा बाद में सीधी का निर्माण करवाने का लोगों का प्रस्ताव है वह भी मैं जल्द पूरा करूंगा ।कार्यों को अंजाम देने मे पत्रकार सत्येंद्र मित्तल एवं अधिवक्ता राजेश रोशन उर्फ पप्पू पहलवान ने कार्य को सफल करने में सराहनीय भूमिका रहा है।

# पुलवामा आतंकी हमले के छठे बरसी पर जदयू नेता राकेश गुप्ता ने शहीद स्मारक में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**सभी वीर जवानों का बलिदान सदैव हमारे अंतस में राष्ट्रप्रेम की ज्योति बनकर प्रज्वलित रहेगा : राकेश गुप्ता**

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग।** शुक्रवार को पुलवामा आतंकी हमले के छठे बरसी पर परिसदन समीप स्थित शहीद स्मारक पार्क में समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके शहादत को नमन किया। दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी। मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा। सभी वीरों का बलिदान सदैव हमारे अंतस में राष्ट्रप्रेम की ज्योति बनकर प्रज्वलित रहेगा। इस क्रम में विनर डिफेंस अकादमी के बडी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी एवं नमन किया। वीर शहीद अमर रहे, जय हिंद एवं भारत माता की जय सहित कई राष्ट्रभक्ति गगनभेदी नारों से शहीद स्मारक देशभक्ति की वतावरण से सरोबार रहा। देश के प्रति शहीदों के प्रति सर्वोच्च बलिदान को नमन एवं याद किया। मौके पर विनर डिफेंस अकादमी के कोच अनुज कुमार, कौशल कुमार, छात्र शेखर कुमार, सनी कुमार, अनिल कुमार, रामप्रीत कुमार,अंशु कुमार, विकास कुमार, राहुल कुमार, रानी , ललिता, रिया कुमारी, रिंकी कुमारी, नेहा कुमारी, काजल कुमारी, सरस्वती कुमारी, निजल, प्रीति, अनिशा, मनीषा, सरस्वती, रिम्मी सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# चलाया गया पोस्ता विनीष्टीकरण अभियान



**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के लुटु गांव व इसके आस-पास अफीम तस्करों ने बड़े पैमाने पर पोस्ते की खेती लगाई है ।पुलिस इस क्षेत्र में लगातार पोस्ता विनष्टीकरण अभियान चला रही है। शुक्रवार को सदर थाना पुलिस ने लुटू गांव से सटे घने जंगलों में पोस्ता विनष्टीकरण अभियान चलाया। इस दौरान लगभग दो एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया गया। इस अभियान में जिला बल के जवान, होमगार्ड, चौकीदार और मजदूरों को लगाया गया था। तस्करों ने पोस्ते के पौधे को ऐसे जगह पर लगाया था, जहां तक लोगों का पहुंचना कठिन था। क्योंकि यहां चारों ओर से पहाड़ी है और उसके बीच वाली वन भूमि पर लगाया गया है। इस क्षेत्र में दूर-दूर तक पोस्ते की खेती नजर आ रही है। खेतों में पोस्ते के फूल और फल भी निकल आया है। तस्कर अब पोस्ते के फल से अफीम निकालने की प्रक्रिया शुरू करेंगे, इससे पहले इस क्षेत्र से पोस्ते के फसल को पूरी तरह नष्ट कर देना चाह रही है। पोस्ता विनष्टीकरण अभियान चलाने के पहले पुलिस नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में काफी सतर्कता बरतते हुए पहुंचती है। क्षेत्र को चोरों ओर से सीआरपीएफ और आईआरबी के द्वारा घेराबंदी करा दिया जाता है, उसके बाद गांव में घुस कर यह अभियान चलाया जा रहा है।

# राम भक्त सेवा दल का जत्था हुआ महाकुंभ के लिए रवाना

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़:** शुक्रवार को पाकुड़ से राष्ट्रीय संगठन रामभक्त सेवा दल के सभी सनातनी रामभक्त उत्तरप्रदेश प्रवास पर रवाना हुए। जहां काशी विश्वनाथ, प्रयागराज महाकुंभ स्नान के साथ-साथ चित्रकूट अयोध्या जैसे तमाम जगहों का दर्शन करेंगे। मौके पर संगठन के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सह कोर कमेटी सदस्य प्रोफेसर सुभाष चंद्र चौधरी ने बताया की राम भक्त सेवा दल संगठन के पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्यों के संयुक्त रूप से महाकुंभ यात्रा के लिए रवाना हो रहे हैं। जहां स्नान के साथ-साथ मेले में आए श्रद्धालुओं का भी सेवा कार्य किया जाएगा। वही संगठन के प्रदेश अध्यक्षा सह जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल ने बताया कि ऐसा योग्य 144 वर्ष बाद इस जन्म में सभी सनातनियों को प्राप्त हुआ है ।जिसमें स्नान सभी सनातनियों को करना चाहिए। संगठन जिला अध्यक्ष रतन भगत ने बताया कि आज सौभाग्य प्राप्त हुआ है इस महासंयोग में भागीदारी बनने का, उन्होंने आगे बताया कि आज 14 फरवरी देश के लिए पुलवामा कांड में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है, तथा उन्होंने सभी से कहा कि आज अंग्रेजों का दिया हुआ वेलेंटाइन डे को नहीं माना कर श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। इस शुभ यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रीतम सिंह यादव , कुमार शौर्य उर्फ.सिंटू चौधरी ,रक्षा रानी ,सुरभि भारती , अविनाश यादव , क्रशू राज समेत कई सदस्य मौजूद थे।

# भिथारा गांव में आदिम जनजाति मूलभूत सुविधाओं से वंचित



**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतरा।** जिले के उपायुक्त के लाख प्रयास के बाद भी सिमरिया प्रखण्ड के कसारी पंचायत अंतर्गत भीभिथारा गांव में आदिम जनजाति की परिवार दुर्दशा का दंश झेल रहे हैं। ना पानी की सुविधा ना बिजली की सुविधा ना अन्य सुविधा अब तक हो पाई है। एक बहुत दिन पूर्व जलमिनार बनाया गया था वो आज बिल्कुल बेकार हो गया है ।आदिम जनजाति लोग जैसे तैसे आज भी उसी चापानल के भरोसे पानी पी रहे हैं। इधर आदिम जनजाति लोगों के लिए झारखंड सरकार द्वारा कई तरह का अपडेट योजनाएं चला रही है। साथी हीं उपायुक्त चतरा के निदेर्शानुसार एसडीओ सिमरिया के निर्देश पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा चिन्हित आदिमजाति के निवास स्थलों पर पहुंच कर आदिम जनजाति के विकास को लेकर सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। किंतु भिथारा कॉलोनी में निवास कर रहे बिरहोर परिवारों तक पदाधिकारियों का पहुंच अब तक नहीं हो पाई है। वैसे में इनका विकास का क्या होगा यह एक बड़ी सवाल है।

# उपायुक्त ने राष्ट्रीय सड़क निर्माण परियोजना में जमीन अधिग्रहण वाले रैयतों को मुआवजा भुगतान को लेकर किया बैठक

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला भू अर्जन कार्यालय अंतर्गत राष्ट्रीय सड़क निर्माण परियोजना में जमीन अधिग्रहण वाले रैयतों को लंबित मुआवजा भुगतान हेतु समीक्षा की गई। बैठक में NH 333A अंतर्गत शिमलोंग धरमपुर मोड़ पथ 28 फरवरी तक शेष 14 मौजा का 3ऊ घोषित करने तथा शेष 2 मौजा का 3अ घोषणा हेतु ठ्ल डिवीजन देवघर को भेजने का निर्देश दिया गया। पथ निर्माण परियोजनान्तर्ग राजदाहा से फुलझिंझरी, सिमपुर से राधानगर, चेंगाडांगा पिरलीपुर पथ, काजलदाहा पाकुड़िया पथ, खाकसा से लखीजोल एवं जामसोल पथ पर अधिक से अधिक रैयतों का शिविर आयोजित कर मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार कोयला मोड़ से छोटा मोहनपुर, टेसो हटिया रामपुर पथ, शहरकोल से पियदापुर एवं विक्रमपुर से महारो पथ अंतर्गत संबंधित अंचलाधिकारी को यथाशीघ्र खेसरा सत्यापन कर भू अर्जन कार्यालय को सौंपने तथा अधिसूचना प्रकाशित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, पाकुड़ अंचलाधिकारी भागीरथ महतो, अंचलाधिकारी हिरणपुर मनोज कुमार एवं संबंधित अंचल के अंचल निरीक्षक, कार्यालय कर्मी देवेंद्र प्रसाद सिंह, मोहम्मद तमन्ना आदि उपस्थित थे।

## पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को सर्वश्रेष्ठ कोल माइनिंग पुरस्कार

**केरेडारी/हजारीबाग।** भारतीय पावर स्टेशन्स ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस कॉन्फ्रेंस (आईपीएस 2025) में, एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को सर्वश्रेष्ठ कोल माइनिंग (ऑपरेशनल) श्रेणी में प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति पुरस्कार 2023-24 से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोल माइनिंग) श्री अनिमेष जैन और पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख श्री फैज तैय्यब ने ग्रहण किया। पकरी बरवाडीह को यह पुरस्कार खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रस्तुत किया गया। एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत पावर यूटिलिटी, 13-15 फरवरी को रायपुर में आईपीएस 2025 का आयोजन कर रहा है। यह तीन दिवसीय सम्मेलन, एनटीपीसी सिंगरौली की पहली यूनिट के समन्वयन की याद में, विश्वसनीय और स्थायी उत्पादन, संपत्ति प्रबंधन और ऊर्जा संक्रमण पर केंद्रित है। आईपीएस 2025 में टेक्नो गैलेक्सी प्रदर्शनी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटलीकरण जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को भी प्रदर्शित किया गया।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया

**पाकुड़ :** फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर शुक्रवार को वीआईपी रोड से उपायुक्त मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला भीवीडी पदाधिकारी डॉ के. के. सिंह ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया जा रहा है। यह जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीमारी के बारे में कहा कि 1 वर्ष से कम आयु वाले शिशु, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं को मलेरिया रोधी दवा नहीं खिलाया जाएगा।

## पाकुड़ जिले के 03 उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नामांकन शुरू

**पाकुड़ :** जिला के 3 उत्कृष्ट विद्यालयों सीएम एसओई गर्ल्स पाकुड़ में कक्षा एवं 11 के लिए, सीएम एसओई कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पाकुड़ में कक्षा 6 के लिए एवं डिस्ट्रिक्ट सीएम एसओई राज +2 स्कूल पाकुड़ मंओ कक्षा 6, 9 एवं 11 के लिए नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक आवेदक, आवेदक के अभिभावक, https://evidyavahini.jharkhand.gov.in/studentAdmission और online आवेदन कर या संबंधित विद्यालय से विद्यालय कार्यावधि में आवेदन पत्र प्राप्त कर दिनांक 20 फरवरीह्न 2025 तक भरा हुआ आवेदन पत्र संबंधित विद्यालय में स्वयं या डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। नामांकन की प्रक्रिया प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगी। प्रवेश परीक्षा 17 मार्च को आयोजित की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 1 अप्रैल से बच्चों की कक्षाएं शुरू होंगी।

## डीसी ने स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग की पूरी टीम को दी बधाई

**पाकुड़ :** एनीमिया मुक्त भारत योजना पर बेहतर काम करने के कारण जनवरी 2025 में पाकुड़ ने राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस बार पहले स्थान पर पूर्वी सिंहभूम, दूसरे स्थान पर जामताड़ा, तीसरे स्थान पर पाकुड़, चौथे स्थान पर पश्चिमी सिंहभूम तथा धनवाद पांचवें वें स्थान पर है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि एनिमिया से मुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग अपने अपने स्तर से तो प्रयास कर ही रहे हैं, जिला प्रशासन की निगरानी में संयुक्त रूप से भी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि पाकुड़ जिला को यह उपलब्धि मिली है।

# 30 एवं 90 दिनों से अधिक लंबित म्यूटेशन संबंधी मामलों के निष्पादन हेतु आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण करने उपायुक्त पहुंची सदर अंचल कार्यालय

**जागेश्वर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो**




**हजारीबाग।** उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के निर्देशानुसार सभी अंचलों में म्यूटेशन निष्पादन को लेकर एक शिविर आयोजित किया गया। सर्वाधिक लंबित नामांतरण के मामले पर गंभीरता दिखाते हुए जिले के 06 (सदर, कटकमदाग, विष्णुगढ़, चुरचू, बरही, चलकुशा)अंचलों में विशेष शिविर आयोजित किया गया। इन अंचलों में म्यूटेशन मामलों के अनुश्रवण हेतु वरीय पदाधिकारी नामित किए गए थे। इसी क्रम में आज उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने सदर अंचल में आयोजित इस विशेष शिविर का निरीक्षण करने पहुंची एवं शिविर के माध्यम से लाभान्वित हुए आवेदकों को नामांतरण शुद्धि पत्र (शुद्धि पत्र) सौंपा। उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने अंचल हजारीबाग में लगे विशेष शिविर का भ्रमण कर म्यूटेशन को लेकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के उपरांत 30 एवं 90 दिनों से अधिक आपत्ति रहित लंबित नामांतरण वादों को विशेष शिविर में निष्पादन का निर्देश देते हुए कई लोगों का नामांतरण शुद्धि पत्र प्रदान किया। इस दौरान जिन रैयतों का खतियान ऑनलाइन नहीं है उन्हें ओटीपी के माध्यम से लगान भी काटा गया साथ ही नामांतरण वादों में आपसी बंटवारा एवं उत्तराधिकारी नामांतरण भी निष्पादन कर शुद्धि पत्र दिया गया। उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने बताया कि सभी अंचलाधिकारियों को बिना ठोस कारण के म्यूटेशन के आवेदन को अस्वीकृत नहीं करने का निर्देश पहले ही दिया गया था। जिसके लिए सर्वाधिक लंबित नामांतरण के मामलों वाले अंचलों में वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर गई थी जिन्हें शिविर में अस्वीकृत मामलों की समीक्षा करते हुए अस्वीकृति का आवेदनों के कारणों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए थे। जिन आवेदकों का आवेदन शिविर में अस्वीकृत हुआ है, उनके लिए अस्वीकृति काउंसलिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि आवेदक अपने आवेदन के अस्वीकृत होने का कारण जान सकें। आपको बता दें कि दिनांक 8 फरवरी के आदेश के आलोक में इस तिथि को 30 दिनों से अधिक सभी अंचलों में 839 एवं 90 दिनों से अधिक 118 मामले लंबित थे। उपायुक्त के निर्देश पर आयोजित इस शिविर के माध्यम से आज 13.2.2025 को 700 से अधिक मामले को स्वीकृति प्रदान कर कर नामांकन नामांतरण पत्र प्रदान किया गया। सभी रैयतों में विशेष शिविर को लेकर प्रसन्नता दिखाई दी।

# कार्मेल स्कूल में बने माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र का उपायुक्त ने किया निरीक्षण




**जागेश्वर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले में आयोजित हो रहे झारखंड अधिविध परिषद के वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर गुरुवार को उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने कार्मेल स्कूल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने सीसीटीवी कैमरे आदि का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियमावली का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया।

## भाजपा नेताओं ने किया बैठक

**चतरा।** प्रतापपुर मंडल में भाजपा नेताओं की बैठक किया गया जिसमे शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में सभी 11 शक्ति केन्द्रों के चुनाव अधिकारी को एक से दो दिनों के अंदर सभी बचे हुए भारतीय जनता पार्टी का बूथ समिति गठित करने का निर्देश दिया गया।बैठक मे अशोक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, महामंत्री सत्येंद्र पासवान, भीम सिंह सहित सभी शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी उपस्थित थे।

## चतरा एंव सिमरिया एसडियो ने इटखोरी महोत्सव की तैयारी का जायजा लिया

**चतरा:** मां भद्रकाली के प्रांगण मे लगने वाला तिन दिवसीय इटखोरी महोत्सव के तैयारियों का जायजा लेने चतरा एसडीओ जहूर आलम एंव सिमरिया एसडीओ सन्नी राज इटखोरी भद्रकाली मन्दिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नए आधुनिक डाक बंगला परिसर, महोत्सव स्थल, मन्दिर प्रांगण, शौचालय समेत अन्य स्थलों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर बीडीओ सोमनाथ वंकिरा सीओ सबिता सिंह, भाजपा जिला महामंत्री डॉ मृतुन्जय सिंह, थाना प्रभारी इटखोरी अभिषेक सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# चने की वैज्ञानिक तकनिकी से खेती



1शीशपाल चौधरी, डॉ.बीएलदुधवाल एवं महेन्द्र चौधरी व विद्यावाचस्पति शोध छात्र, शस्य विज्ञान विभाग, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर - 303329 सहायक आचार्य, शस्य विज्ञान विभाग, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर- 303329

चने की खेती अधिकतर बारानी क्षेत्रो में की जाती हैं। इसकी खेती हल्की व भारी दोनो प्रकार की भूमि में की जा सकती हैं। पेटा काश्त भूमि में चना उगाना अन्य फसलो की अपेक्षा अधिक लाभप्रद रहता हैं। मध्यम व भारी मिट्टी के खतों में गर्मी के दिनो में एक दो जुताई करनी चाहिये। वर्षा प्रारम्भ होते ही डोलो की अच्छे से मरम्मत करनी चाहिये जिससे वर्षा का पानी अधिक से अधिक खेत में समान रूप से समा सके। जहां खेत में खरपतवार हो वाहँ दो बार जुताई करना लाभकारी होता हैं। चने के दानों में 21 प्रतिशत प्रोटीन होता हैं तथा इसकी पत्तियों में मेलिक व ऑक्जेलिक अम्ल होता हैं। चने की हरी पत्तियो और दानो का प्रयोग सब्जियों के रूप में किया जाता हैं।

## वर्गीकरण: साइसर वंश की दो जातियॉ

**साइसर ऐरेटिनम–** यह देशी चना कहलाता हैं। इसके पौधे छोटे होते है इसमें गुणसूत्रो की सख्या 2दत्र14 होती हैं।

**साइसर काबुलियम–** यह काबुली चना कहलाता हैं। इसके दाने सफेद व बडे होते हैं। इसके पौधे बडे व सीधे होते हैं। इसमें गुणसुत्रो की सख्या 2दत्र16 होती हैं।

**खेत की तैयारी:** चना ढेलों वाली दशा में अच्छा होता हैं क्योकि ढेलों वाली अवस्ता पर भूमि में वायु संचार अच्छा रहता हैं। बारानी क्षेत्रों में मानसून पूर्व एक गहरी जुताई करना आवश्यक होता हैं। जिससे वर्षा का जल खेत में अवशोषित हो सके।

**बुवाई का समय:** चने की बुवाई का सही समय 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर हैं एवं पिछैती बुवाई 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक कर सकते हैं।

**बीज की मात्रा एवं बुवाई:** चने की बुवाई हेतु 70-80 किग्रा. उपचारित बीज प्रति हैक्टर के लिए पर्याप्त है। काबुली चने की बीज दर 80-90 किग्रा.प्रति हेक्टर रखे। चने की बुवाई 30 सेमी.दूर कतारों में करनी चाहिए। सिंचित क्षेत्रों में बीज की गहराई 5-7 सेमी.व असिंचित क्षेत्रो में नमी अनुसार 7-10 सेमी.गहराई पर करनी चाहिए।

## उन्नत किस्में:

**आएस.जी.895:** असिंचित एवं सिंचित क्षेत्रों हेतु चने की प्रथम सफेद फूल एवं फलियां साथ लगने वाली प्रजाति हैं फसल 130-135 दिनो में पककर तैयार हो जाती हैं। इसमें सुत्रकृमि प्रतिरोधी क्षमता होती हैं। इसके 100 दानों का वनज 18-20 ग्राम होता हैं।

**आएसजी.973 ;आभाद्ध:** चने की अधिक शुष्क सहन क्षमता की बारानी क्षेत्रों हेतु विकसित प्रजाति मध्यम उंचाई के अर्ध उर्ध्व्र पौधे जिनकी तनो पर फलिया कम दूरी पर अधिक संख्या में लगती हैं इसके पकने की अवधि 125 से 130 दिन हैं। असिंचित क्षेत्रो में 15 से 20 किवंटल प्रति हैक्टर उपज देती हैं। फली छेदक कीटों के प्रकोप से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होती हैं तथा 100 दानों का वनज 18-20 ग्राम होता हैं।

**सी.235:** यह किस्म 140-160 दिन में पककर 15 से 20 किवंटल प्रति हैक्टर उपज देती हैं। इसके दाने मध्यम व कत्थई रंग के होते हैं। पौधा मध्यम ऊॅचाई व झाडीनुमा वृद्धि वाला होता हैं।

**प्रगति:** यह किस्म 140-150 दिन में पककर 1 8

> **पेटा काश्त भूमि में चना उगाना अन्य फसलो की अपेक्षा अधिक लाभप्रद रहता हैं। मध्यम व भारी मिट्टी के खतों में गर्मी के दिनो में एक दो जुताई करनी चाहिये। वर्षा प्रारम्भ होते ही डोलो की अच्छे से मरम्मत करनी चाहिये जिससे वर्षा का पानी अधिक से अधिक खेत में समान रूप से समा सके। जहां खेत में खरपतवार हो वाहँ दो बार जुताई करना लाभकारी होता हैं।**





क्विंटल प्रति हैक्टर पैदावार देती हैं।

**आरएस.जी. 2:** यह किस्म अगेती बुवाई व असिंचित क्षेत्रों के लिए उपयुक्त हैं। यह 130-135 दिनो में पककर 9-12 क्विंटल प्रति हैक्टर पैदावार देती हैं।

**आरएसज़ी.888:** यह किस्म 147 दिन में पककर तैयार हो जाती हैं तथा इसकी पैदावार 11-34 क्विंटल प्रति हैक्टर हैं। यह किस्म विल्ट के प्रति मध्यम प्रतिरोधी है।

**बीज़ी.209:** इस किस्म के पैधे अर्द्व विस्तारी, पत्तिया संकरी, हरे रंग की है। 100 दानो का वजन 12 ग्राम एवं विल्ट रोग के प्रति सहनसिल व सूखा रोधी है।

**अर्पण:**

चने की क्षारीय भूमी हेतु विकसित प्रथम प्रादेशिक प्रजाति अर्पण के पौधे मध्यम उंचाई के अर्ध सीधे जिनकी शाखओं पर क्रमशः दो पक्तियां लगती है। फसल 125- 130 दिनों में पककर तैयार हो जाती है। उपज 15-20 क्विंटल प्रति हैक्टयर है। उक्ठा, जड गलन रोग प्रतिरोधी एवं फली छेदक कीटों से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होती है।

**खाद एवं उर्वरक:** मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरक प्रयोग करना चाहिए । असिंचित क्षेत्र में बुवाई पूर्व 10 किग्रा. नाइट्रोजन एवं 25 किग्रा. फॉस्फेट प्रति हैक्टर उर कर देवें। सिंचित क्षेत्र में बुवाई पूर्व 20 किग्रा.नाइट्रोजन तथ 40 किग्रा. फॉस्फेट प्रति हैक्टर की दर से उर कर देना चाहिये।

**सिंचाई:** चने की खेती अधिकांश क्षेत्रों में बारानी अवस्थाओ में की जाती है। सिंचित खेत्रों में मृदा व वर्षा को ध्यान में रखते हुए पहली सिंचाई बुवाई के 40-45 दिन बाद फूल आने के पहले तथा दूसरी सिंचाई फली आने पर करनी चाहिए।

**निडाई**–गुडाई एवं खरपतवार नियंत्रण: चने की फसल में खरपतवार नियंत्रण हेतु प्रथम निडाई-गुडाई बुवाई के 25-35 दिनो पर करें। पैण्डीमिथिलीन 30 ईसी. 600 ग्राम खरपतवारनाशी को 600 लीटर पानी प्रति हैक्टर की दर से बुवाई के बाद तथा बीज उगने से पूर्व एक समान छिडकाव करना चाहिये।

**पौधे की चुटाई:** चने के पौधे जब 20 सेमी.ऊॅचे हो जाये तो उनकी शीर्ष शाखाएॅ अधिक निकलती है तथा फूल व फल अधिक लगते हे। इससे पैदावार में वृद्धि होती है।

## फसल संरक्षण:

**फली छेदक:** फली छेदक की सुण्डियाँ प्रारम्भ में पौधो की पत्तियॉ खाती है और फलियॉ लगने पर उनमें छेद कर दाना खा जाती है। इनकी रोकथाम के लिए निम्न उपाय करें -

1. नीम की पत्ती के रस या निम्बोली के 10 प्रतिशत घोल का 20, 40, फूल आने व 60 दिन पर छिडकाव करें। या
2. एनपीवी. 250 एलई. का 750 मिली. प्रति हैक्टर छिडकाव करें। या
3. 20 दिन की फसल पर मेलाथियान 5 प्रतिशत चूर्ण 20-25 किग्रा.प्रति हैक्टयर भुरकाव करें।

**कटवर्म, दीमक एवं वायरवर्म:** इन कीटों की रोकथाम हेतु क्यूनालफॉस 15 प्रति चूर्ण 25 किलोग्राम हैक्टर की दर से आखिरी जुताई से पूर्व भुरकें।

**झुलसा रोग:** झुलसा रोग के लक्षण दिखाई देते ही 02 प्रतिशत मैन्कोजेब या 03 प्रतिशत कॉपर ऑक्सीक्लोराइड के घोल का छिडकाव करना चाहिए। आवश्कतानुसार छिडकाव 10 दिन के अन्तराल पर दोहरायें।

**उखटा रोग:** इस रोग के कारण खेत में पर्याप्त नमी होने के बावजूद पौधे की पत्तियॉ एकाएक पीली पडने लगती हैं तथा बाद में पूरा पौधा सूख जाता है। इस रोग की रोकथाम हेतु उचित फसल चक्र अपनाये तथा रोग रोधी किस्में काम में ले।

**उपज:** असिंचित क्षेत्रो में 8-12 क्विंटल व सिंचित क्षेत्रो में 15-20 क्विंटल उपज प्रति हैक्टयर प्राप्त की जा सकती है।

भण्डारण: भण्डारण पूर्व चने के दानो को धूप मे सूखा लेते है जिससे दानों मे नमी 10-12 प्रतिशत तक आ जाये । भण्डारण में कीट रोकथाम हेतु उचित कीटनाशाी का प्रयोग करें।

# मसूर की उन्नत खेती



शीशपाल चौधरी, महेन्द्र चौधरी एवं बाबू लाल विद्यावाचस्पति शोध छात्र, शस्य विज्ञान विभाग, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर

**खेत का चुनाव एवं तैयारी:–** मसूर की खेती सभी प्रकार की मिट्टी में की जा सकती हैं। लेकिन दोमट मिट्टी इसके लिए सबसे उत्तम मानी जाती हैं। खेत को 2-3 बार देशी हल अथवा कल्टीवेटर से जुताई कर मिट्टी को भूरभूरी बना देते हैं।

## उन्नत किस्मे

**पंत के 639:–** यह किस्म 135-140 दिन में तैयार हो जाती हैं। जड सडन एवं उकटा रोग के लिए प्रतिरोधी मानी जाती हैं।

**पीएल 406:–** यह किस्म 140-145 दिन में तैयार हो जाती हैं। इसमें रस्ट एवं विल्ट रोग लडने की क्षमता हैं।

**पीएल 77-12:–** यह किस्म 115-120 दिन में परिपक्व हो जाती हैं। इसमें रस्ट एवं उकटा रोग से लडने की क्षमता हैं।

**मल्लिक:–** यह प्रजाती 130-135 दिन में तैयार हो जाती हैं। उकठा रोग के लिए यह प्रतिरोधी हैं।

**केएलएस 218:–** यह किस्म 120-150 दिन में तेयार हो जाती हैं।

**बुवाई का उचित समय:–**मसूर की उन्नत किस्मो की बुवाई 15 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक कर देनी चाहिए।

**बीज की मात्रा एवं बुवाई की विधि:–**छोटे दानो वाली किस्मो के लिए एक हेक्टर क्षेत्रफल में बुवाई कें लिए 35-40 किलोग्राम बीज की जरूरत पडती हैं। जबकि बडे दानो वाली किस्मो के लिए 50-55 किलोग्राम बीज कि आवश्यकता होती हैं। बुवाई के समय किस्मो के आधार पर कतार से कतार एवं पौधे से पौधे की दूरी क्रमशः 25 सेमी.एवं 10 सेमी.रखनी चाहिए।

**बीजोपचार:–**प्रारम्भिक अवस्था के रोगों बचाने के लिए बुवाई से पहले मसूर के बीजो को सही उपचार करना जरूरी होता हैं। इसके लिए ट्राइकोडर्मा विरीडी 5 ग्राम प्रति किलो बीज या कार्बेण्डाजिन 20 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करना चाहिए । बीजोपचार में सबसे पहले कवकनाशी तत्पश्चात कीटनाशी एवं सबसे बाद में राइजोबियम कल्चर से उपचारित करने का क्रम अनिवार्य होता है । जिन क्षेत्रा में कटुआ का प्रकोप मसूर के खेत में बढ जाता हैं। यहॉ बीज को क्लोरोपाइरीफॉस 20 ईसी से 6-8 मिली प्रति किलोग्राम बीज उपचार करना चाहिए।

**उर्वरको का प्रयोग:–** मिट्टी परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग आवश्यकतानुसार करना चाहिए। सामान्य परिस्थिति मे 20 किलोग्राम नत्रजन, 40 किलोग्राम फॉस्फोरस एवं 20 किलोग्राम गंधक प्रति हेक्टर उपयोग करना चाहिए। जिन क्षेत्रा में जिंक एवं बोरोन की कमी पाई जाती हैं। उन खेतो में 25-30 किलोग्राम जिंक सल्फेट एवं 10 किलोग्राम बोरेकस पाउडर प्रति हेक्टर की दर से बुवाइ्र के समय प्रयोग करना चाहिए।

**सिंचाई:–** जिन खेतो में नमी की कम पाई जाती है। वहा एक सिंचाई बुवाई के 45 दिन बाद लाभकारी होती हैं। पानी का जमाव नही होना चाहिए। इससे फसल प्रभावति हो जाती हैं।

**खरपतवार नियंत्रण:–** मसूर के खेत में प्रायः मोथा, दूब, बथुआ एवं बनगाजर आदि खरपतवार का प्रकोप ज्यादा होता हैं। इसके नियंत्रण के लिए 2 लीटर फलूक्लोरिन को 600-700 लीटर पानी में मिलाकर प्रति हेक्टर की दर से अंतिम जूताई के बाद छिटकर मिला दे अथवा पेण्डीमेथालीन 1 किलोग्राम को 1000 लीटर पानी में घोलकर बुवाई के 48 घंट के अन्दर छिडकाव करना चाहिए।

## फसल सुरक्षा प्रबंधन:

**रोग प्रबंधन:–** मसूर के प्रमुख रोग उकठा, ब्लाइट एवं विल्ट है। इससे बचाने के लिए फसलों में मेंकोजेब 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिडकाव करें।

**कीट प्रबंधन:–** मसूर की फसल में कटवर्म, सूडी एवं एफिड कीटो का प्रकोप होता है। इन कीटो की रोकथाम के लिए बुवाई के 25-30 दिन बाद एजेडिरेक्टीन, नीम तेल 0.03 प्रतिशत प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिडकाव करना चाहिए।



# भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व करे



गुंजन सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एक्शन समिट ने जहां दुनिया के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के महत्व को उजागर किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है और दुनिया में एआई का सबसे बड़ा केन्द्र बनने को भी तैयार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है।

भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार




स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व तले दबी हुई है। मोदी ने एआई तकनीक के संतुलित एवं विवेकसम्मत उपयोग एवं विकास की आवश्यकता को भी व्यक्त किया। क्योंकि यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती हुई भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी कदम उठाने होंगे। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसीक दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है।

भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं। इनमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, जवाबदेही और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई के संभावित दुरुपयोग से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। भारत सरकार इन मुद्दों को सलाह और विनियमों के माध्यम से नियोजित एवं नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है जो पारदर्शिता, सामग्री मॉडरेशन, सहमति तंत्र और डीपफेक पहचान पर जोर देते हैं ताकि जिम्मेदार एआई तैनाती सुनिश्चित हो और चुनावी अखंडता की रक्षा हो सके। यह एक सतत प्रयास है और जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे, इन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक मजबूत तंत्र के विकास के साथ सक्षम होने की अपेक्षा रहेगी। एआई विकसित होता रहेगा, नये-नये करिश्माई एवं चमत्कारी आयाम उससे जुड़ते रहेंगे और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ऐसे तरीके से हो जो सभी के लिए सुरक्षित, नैतिक और लाभकारी हो। आवश्यक बुनियादी ढांचे, हार्डवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमताओं के विकास में सहायता के लिए निवेश महत्वपूर्ण है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग से आवश्यक पूंजी जुटाई जा सकती है। यह संयुक्त प्रयास एआई नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकेगा और जिससे भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व कर सकेगा।

इसी पहलू को रेखांकित करती है यह पेरिस की तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। इनोवेशन में भारत को हर जोखिम को उठाने के लिये स्वयं को सक्षम करना होगा। एआई का समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो अब तक मनुष्य करते रहे हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं। इस पर हैरानी नहीं कि अति उन्नत एआई को मानव सभ्यता के लिए संकट के रूप में भी देखा जा रहा है। इस आशंका को निर्मूल साबित करने वाले उपाय करना समय की मांग हैं और उन पर ज्यादा फोकस करना होगा। इस तरह की तकनीक तभी लाभकारी सिद्ध होती है, जब उसका उपयोग समझदारी, नैतिकता एवं विवेकपूर्ण होता है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के चलते आय में बढ़ोतरी होगी और आर्थिक स्थिति सुधरेगी। घर-परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं, जिसमें धन खर्च की संभावना रहेगी। दाम्पत्य जीवन में तनाव की स्थिति रहेगी। आध्यात्मिक क्षेत्र में रुचि बढ़ेगी। क्रोध की अधिकता रहने से विवाद होने की संभावना रहेगी। आध्यात्मिकता का आश्रय लेने से मन शांत होगा।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन लाभप्रद रहेगा। कारोबार में धनलाभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सामाजिक क्षेत्र में अधिक सक्रिय रहने से मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। धन व्यय अधिक न हो, इसका ध्यान रखें। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा परिवार में वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि की संभावना है। बुजुर्गों के आशीर्वाद से सभी कार्य सफल होंगे। व्यापार में विस्तार की योजनाएं बनाएंगे। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। बेरोजगारों को रोजगार मिलने की संभावना रहेगी। अटका हुआ धन वापस मिल सकता है। कार्यभार की अधिकता से थकान महसूस करेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सावदान रहें। अधिक धन व्यय होने की संभावना रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में भाइयों से भरपूर सहयोग मिलेगा और जीवन में सफलता के नये मार्ग खुलेंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदपूर्ण वातावरण रहेगा। किसी धार्मिक या मांगलिक प्रसंग में शामिल हो सकते हैं। समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। अपने साथियों से धोखा मिलने की संभावना रहेगी। अनावश्यक खर्च बढने. से तनाव बढ़ सकता है। तीर्थ यात्रा पर जाना हो सकता है।

**सिंह राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में निवेश के नए मौके मिलेंगे, लेकिन कोई भी फैसला लेने से पहले अच्छी से सोच-विचार कर लें। निवेश से लाभ प्राप्त होगा। नये कार्य शुरू करने से बचें। क्रोध पर नियंत्रण रखें, अन्यता विवाद में फंस सकते हैं। कार्यभार अधिक रहने से शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में विघ्न आ सकते हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से सभी कार्य सफल होंगे।

**कन्या राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। धन हानि के योग रहेंगे। कारोबार में लाभ मिलेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। मित्रों-परिजनों के साथ पर्यटन का आयोजन होगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र उपलब्ध होंगे। लंबे समय से बन रही योजना सफल हो सकती है। समाजिक कार्यो में रुचि लेंगे। धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा।

**तुला राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। कुछ लाभ के सौदे हो सकते हैं। भाइयों के माध्यम से कार्यो में सफलता मिलेगी। मकान-जमीन के कार्य संपन्न होंगे। साझेदारों से भी लाभ होगा। व्यावसायिक स्थल और परिवार का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। परिवार में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। व्यवसाय से लाभ होने की संभावना है। कारोबार अच्छा रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में उन्नती होगी। परिश्रम से किये गये कार्य में सफलता मिलेगी। आकस्मिक धन प्राप्ति होने की संभावना रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें। परिवार में आनंद और उल्लासमय वातावरण रहेगा। मानसिक रूप से प्रसन्न और स्फूर्ति का अनुभव होगा। सहकार्मियों का सहयोग मिलेगा।

**धनु राशि :-** आज का दिन शुभफलदायी रहेगा। व्यवसाय में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। कार्य विस्तार की योजनाएं सफल होंगी। आय में बढ़ोतरी होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। नए लोगों से मुलाकात फायदेमंद रहेगी। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। कार्यभार की अधिकता से शारीरिक स्फूर्ति तथा मानसिक उल्लास में कमी आ सकती है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे और नए वस्त्रों की खरीदारी भी करेंगे। वाहन सुख मिल सकता है।

**मकर राशि :-** नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए आज का दिन अच्छा है। कारोबार में लाभ होगा। बुजुर्गो की सलाह लेकर किया गया निवेश भी फायदेमंद रहेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन परिश्रम से कार्यो में सफलता मिलेगा। किसी प्रिय व्यक्ति से भेंट हो सकती है। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव हो सकता है। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। निर्धारित कार्य संपन्न नहीं होने से हताशा का अनुभव हो सकता है। किसी भी महत्वपूर्ण कार्य अथवा उसके विषय में निर्णय नहीं लेना ही ठीक रहेगा। समाजिक कार्यों में में दिन बिताना उचित होगा। परिजनों के साथ भी समय बिता सकते हैं। आध्यात्मिकता की ओर रुझान रहेगा। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने के योग हैं। क्रोध की अधिकता रहेगी, जिससे कलह होने की संभावना भी रहेगी।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। काफी समय से रुकी योजनाएं शुरू होने की संभावना है। कारोबार में लाभ मिलेगा। कार्यसिद्धि और लक्ष्मी दोनों की प्राप्ति हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित रहेंगे, इसलिए प्रत्येक कार्य करने में आप को उत्साह रहेगा। घर में तथा व्यावसायिक स्थल पर कार्यभार रहेगा। अधिक खर्च हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण और स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्रों के लिए समय अच्छा रहेगा।

# आसान जिंदगी की चाह ने बेइज्जती से डिपोर्ट होने पर किया मजबूर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत में डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध आप्रवासन का मुद्दा उठाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत के दौरान अमेरिका में रह रहे अवैध भारतीय आप्रवासियों को लेकर चिंता जताई थी। बहुत बे-आबरू हो कर तिरे कूचे से हम निकले...गालिब के इस शेर से उन डिपोर्ट किए गए भारतीयों का दर्द समझा जा सकता है, जिन्हें अमरीका से भारत वापस भेजा गया है। अमेरिका से निर्वासित किए गए 100 से ज्यादा भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से वापस भारत भेजा गया है। इनमें 104 भारतीय शामिल हैं। जिसमें 72 पुरुष, 19 महिलाएं और 13 बच्चे हैं। अमरीका में करीब 18 हजार प्रवासी भारतीय अवैध रूप से रह रहे हैं। इन्हें भी वापस भारत भेजा जाएगा। डंकी मार कर अमरीका तक पहुंचे प्रवासी भारतीयों का काफी कुछ लुट गया। इनके लाखों रुपए बर्बाद हो गए और अमरीका बसने के सपने भी टूट गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत में डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध आप्रवासन का मुद्दा उठाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत के दौरान अमेरिका में रह रहे अवैध भारतीय आप्रवासियों को लेकर चिंता जताई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें उम्मीद है कि बिना दस्तावेज के अमेरिका में रह रहे भारतीयों के संबंध में जो सही होगा भारत वो कदम उठाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत अवैध प्रवासन का समर्थन कतई नहीं करता। अवैध प्रवासन कई अवैध गतिविधियों से जुड़ा रहता है। ये हमारी प्रतिष्ठा के लिए ठीक नहीं है। जयशंकर ने कहा था कि अगर हमारा कोई नागरिक अमेरिका में अवैध रूप से रहता हुआ पाया जाता है और उसका भारत का नागरिक होना पाया जाता है तो हम उसके कानूनी रूप से भारत वापस लाने की प्रक्रिया के लिए तैयार हैं। बीते कुछ दिनों से अमेरिका दुनिया भर के देशों से आए और अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई कर रहा है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाले हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सबसे कठोर आप्रवासन नीति के मास्टरमाइंड स्टीफन मिलर। ट्रंप ने अपना दूसरा कार्यकाल जिस दिन संभाला, उसी दिन उन्होंने जिन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए उन पर मिलर के हस्ताक्षर पहले से मौजूद थे। इन आदेशों में थे- जन्मसिद्ध नागरिकता को खत्म करना और दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय इमरजेंसी घोषित करना। नीतिगत मामलों के डिप्टी डायरेक्टर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में मिलर ने ट्रंप के आप्रवासन एजेंडे को लागू करने के लिए कई कार्यकारी आदेशों का मसौदा तैयार करने की अगुवाई की। इसमें अवैध प्रवासियों के आने पर रोक और अमेरिकी धरती पर पहले से मौजूद रहने वालों को प्रत्यर्पित करने का वादा किया गया है।

इन आदेशों में से एक है जन्म आधारित नागरिकता को खत्म करना। यह एक ऐसा कदम है जो अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन में गारंटी दिए गए ऐतिहासिक अधिकार को नकारता है और इसे कोर्ट में चुनौती भी दी गई है। स्टीफन मिलर ट्रंपिज्म की सबसे कट्टर नीतियों के वास्तुकार ही नहीं हैं, बल्कि एक रणनीतिकार भी हैं, जिन्होंने इन्हें असरदार तरीके से लागू करने के दांवपेंच में महारत हासिल कर ली है। ऐसा बहुत कम होता है कि अमेरिका में रह रहे अवैध आप्रवासियों को वापस उनके देश भेजने के काम में सेना को लगाया जाए लेकिन ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में प्रवासियों को भेजने के मिशन में सेना का इस्तेमाल किया जा रहा है। दरअसल अमरीका में बसना एक ऐसा सपना है जिसे ज्यादातर लोग हकीकत में बदलना चाहते हैं, खासतौर पर अमरीकी जीवन शैली और सुविधाएं सभी को आकर्षित करती हैं। आकर्षण का यही जाल मुसीबत का सौदा साबित होता है। जब वैध तरीके से अमरीका में प्रवेश नहीं मिलता तो डंकी रास्ते से घुसने की कोशिश की जाती है। बेरोजगारी की समस्या और खूब धन कमाकर अच्छी जिंदगी जीने की चाह कई भारतीय युवाओं को विदेश जाकर रोजगार तलाशने के लिए प्रेरित करती है।

आंकड़े बताते हैं कि डंकी रूट से भारत से अमेरिका जाने वालों की संख्या काफी है। विदेश जाकर बहुत सारा धन कमाने का सपना देखने वाले हजारों लोग हर साल डंकी रूट से अमेरिका जाने का जोखिम उठाते हैं। डंकी रूट एक ऐसा जोखिम है जिसमें हर कदम पर परेशानी ही परेशानी है और कई बार मौत का भी सामना करना पड़ता है। अमेरिकी सीमा पार करने के लिए लोगों को कई महीनों तक लंबी यात्रा करनी पड़ती है। मानव तस्कर इस रूट में संचालक की भूमिका में होते हैं, जो अवैध रूप से देशों की सीमाएं लांघने में मदद के बदले लोगों से अच्छी खासी रकम लेते हैं। कई बार यह रकम 50 से 85 लाख रुपये तक होती है। अमेरिका में डॉलर में धन कमाकर भारत पैसा भेजने वाले लोगों के घर अलग से पहचाने जाते हैं। कई परिवारों के लिए उनके किसी सदस्य का अमेरिका में होना स्टेटस माना जाता है। वहीं, भारत में 2018 से लगातार बेरोजगारी दर गिरने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की समस्या युवाओं के पलायन का कारण मानी जाती है।

**योगेंद्र योगी।**

# क्या अब विपक्षी एकता कायम रहेगी?

**सुरेश हिंदुस्तानी।**

वर्तमान राजनीतिक उतार चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की कवायद कर चुके हैं, लेकिन यह कवायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी। राजनीति में कब क्या हो जाए, कुछ भी नहीं कहा जा सकता। इसलिए ही तो राजनीति को अनिश्चितता का खेल कहा जा सकता है। लेकिन जब राजनेता और राजनीतिक दल इस धारणा को तिलांजलि देते दिखाई देते हैं, तो उस अवस्था को अति आत्म विश्वास के भाव में व्यक्त किया जाता है। अति आत्मविश्वास का होना सदैव विनाशकारी और आत्म घातक माना जाता है। ऐसा ही दुखद अध्याय दिल्ली विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं का व्यवहार निश्चित ही ऐसा होता जा रहा था, जो अति विश्वास को ही परिलक्षित करने वाला ही था। हालांकि किसी किसी भी चुनाव के दो पहलू होते हैं। किसी भी चुनाव क्षेत्र में केवल एक ही व्यक्ति विजय प्राप्त करता है, शेष सभी पराजित ही होते हैं। पराजय निश्चित रूप से गलती सुधारने का अवसर प्रदान करती है। आम आदमी पार्टी इस पराजय को अपनी भूल सुधार के लिए स्वीकार करेगी, यह होना चाहिए, लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता ऐसा करने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। इसका कारण यही है कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार को चलाने का अनुभव नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का अभी भी यह मानना है कि उनकी पार्टी मात्र दो प्रतिशत के अंतर से हारी है, लेकिन उनको पता होना चाहिए कि एक प्रतिशत का अंतर भी राजनीति का दृश्य बदल सकता है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि हार तो हार होती है, उसके तर्क का सहारा लेकर मन को दिलासा दी जा सकती है, जीत नहीं मानी जा सकती।

वैसे विपक्ष को इसकी आदत सी हो गई है कि वह हार को आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता। पिछले लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद भी ऐसी ही तस्वीर दिखाने का प्रयास किया गया कि विपक्ष ने मानो सरकार बनाने लायक जीत हासिल कर ली हो, लेकिन तस्वीर का असली चेहरा कुछ और ही था। वर्तमान राजनीतिक उतार चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की कवायद कर चुके हैं, लेकिन यह कवायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी। लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन बनाकर तमाम भाजपा विरोधी दलों ने कई राज्यों में एकता का दिखावा किया। लेकिन कई राज्यों के विधानसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन के दल एक साथ न होकर बिखरे हुए दिखाई दिए। अब आगे चलकर एकता के प्रयास किए तो जाएंगे, लेकिन वे एक साथ हो जाएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम दिखाई देती है। सीधे अर्थों में कहा जाए तो विपक्षी एकता को कई बार झटके लग चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार विपक्ष की एकता के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित षड्यंत्र किया, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह से सामने आ गया।

# सरकारी नौकरियों की सौगात, कोशिश निजी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा करने पर भी हो

केंद्र ने अपने विभागों में रिक्त पदों को भरने की पहल की, अब राज्य सरकारें भी ऐसा करें सरकारी नौकरियों की एक सीमा है। चूंकि सभी युवाओं को सरकारी नौकरियां देना संभव नहीं इसलिए सरकार को इसके लिए भी कोशिश करनी चाहिए कि निजी क्षेत्र ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा करने में कैसे समर्थ बने? प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के सभी विभागों और मंत्रालयों में मानव संसाधन की स्थिति की समीक्षा के बाद यह जो निर्देश दिया कि अगले डेढ़ वर्ष में एक अभियान के तहत दस लाख लोगों की भर्तियां की जाएं, उसकी आवश्यकता एक अर्से से महसूस की जा रही थी। ऐसा लगता है कि कोरोना संकट के कारण रिक्त पदों को भरने में देरी हुई। जो भी हो, कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया ही जाना चाहिए कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में जो भी रिक्त पद हैं, उन्हें तय समय में भरा जाए। भर्ती प्रक्रिया को गति देने के साथ ही इस पर भी ध्यान देना होगा कि वह किसी गड़बड़ी का शिकार न बनने पाए।

यह अपेक्षा इसलिए, क्योंकि हाल के समय में कई भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं। इससे जहां अभ्यर्थियों के समय और धन की बबार्दी हुई है, वहीं दूसरी ओर सरकार को बदनामी का भी सामना करना पड़ा है। रिक्त पदों को भरने के साथ ऐसी भी कोई व्यवस्था बनानी होगी, जिससे शासन-प्रशासन की कार्य कुशलता बढ़े। सरकारी नौकरियों को लेकर यह जो धारणा बन गई है कि ये नौकरियां ज्यादा जवाबदेही की मांग नहीं करतीं, उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर करना होगा। यह भी समय की मांग है कि जैसे केंद्र सरकार ने अपने विभागों में रिक्त पदों को एक तय अवधि में भरने की पहल की, वैसे ही राज्य सरकारें भी करें।

यह एक तथ्य है कि कई राज्यों में बड़ी संख्या में पुलिस, शिक्षकों, चिकित्सकों आदि के भी पद रिक्त हैं। वास्तव में यह नीतिगत स्तर पर तय होना चाहिए कि आवश्यक सेवाओं में रिक्त पदों को भरने का काम लंबित न रहे, क्योंकि जब ऐसा होता है तो सुशासन का उद्देश्य तो बाधित होता ही है, आम लोगों की परेशानी भी बढ़ती है। यह सही है कि प्रधानमंत्री की ओर से की गई घोषणा नौकरियां तलाश रहे युवाओं को उत्साहित करने वाली है, लेकिन सरकारी नौकरियों की एक सीमा है। चूंकि सभी युवाओं को सरकारी नौकरियां देना संभव नहीं, इसलिए सरकार को इसके लिए भी कोशिश करनी चाहिए कि निजी क्षेत्र ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा करने में कैसे समर्थ बने?

इस कोशिश में राज्यों को भी शामिल होना होगा। इसे एक संयोग ही कहा जाएगा कि एक ओर जहां प्रधानमंत्री ने डेढ़ वर्ष में दस लाख नौकरियां देने की घोषणा की, वहीं दूसरी ओर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के तीनों अंगों में भर्ती के लिए अग्निपथ नामक योजना की घोषणा की। उम्मीद की जानी चाहिए कि अपनी तरह की यह अनूठी योजना सेना की जरूरतों को पूरा करने के साथ उन युवाओं को भी आकर्षित करेगी, जो सशस्त्र बलों का हिस्सा बनने के आकांक्षी हैं।



### तेजप्रताप के बयान के बाद भड़के, भांजे को पागल कहा

# सुभाष चाहते हैं बेटा चिराग की पार्टी से विधायक बने

**पटना।** लालू यादव के साले सुभाष यादव ने आरजेडी सुप्रीमो पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि लालू यादव के मुख्यमंत्री रहते एक अणे मार्ग में किडनैपिंग की डील फाइनल होती थी। गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए पूर्व सांसद न सिर्फ लालू यादव और बहन राबड़ी पर भड़के बल्कि दोनों भांजे (तेजप्रताप, तेजस्वी) को भी खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने तेजप्रताप को पागल तक कह डाला। लालू परिवार और ससुराल पक्ष के बीच तकरार पहले से है। लेकिन अब इस पर खुलकर घमासान हो रहा है। दरअसल, 6 फरवरी को एक लोकल पोडकास्ट में तेजप्रताप यादव से जब उनके मामा को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि 'इन दिनों मेरे दोनों मामा का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है।'तेजप्रताप के इस बयान के 4 दिन बाद यानी 10 फरवरी को एक यूट्यूब चैनल से बात करते हुए सुभाष यादव ने तेजप्रपात पर अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि मैं नहीं तेजप्रताप पागल है। फिर लालू के मुख्यमंत्री रहते सीएम हाउस में किडनैपिंग डील होने का दावा किया। पूर्व सांसद सुभाष यादव इन दिनों राजनीति में भले सक्रिय न हो, लेकिन वो अपने बेटे रंधीर कुमार यादव को विधायक बनाना चाहते हैं। रंधीर चिराग की पार्टी लोजपा (रामविलास) में हैं। सुभाष यादव चाहते हैं कि एलजेपी आर से बेटे को टिकट मिले।लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रपात यादव पटना के एक पोडकास्ट में शामिल हुए। उन्होंने कई मुद्दों पर बात की। जब उनसे पूछा गया कि लालू सरकार में अपहरण उद्योग चलता था, इसमें आपके मामा साधु यादव और सुभाष यादव के नाम भी आए.इसके



जवाब में तेजप्रताप ने कहा कि 'मामा का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। इन दिनों दोनों मामा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।'10 फरवरी को सुभाष यादव ने खोला मोर्चा भांजे के बयान के 4 दिन बाद सुभाष यादव ने लालू परिवार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। 10 फरवरी को उन्होंने एक लोकल यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में लालू-राबड़ी को घेरा। उन्होंने कहा कि, 'बहन ने जब छोड़ दिया तो भाई-बहन का रिश्ता क्या बचा। बहन को अहम हो गया है।' 'अब क्यों नहीं मुख्यमंत्री बन रही हैं। दो-दो लाल है। बेटों को बुद्धि नहीं है, मां के नाम पर वोट मांग लें।' ही उन्होंने कहा कि, 'मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा, लेकिन बेटे को चुनाव लड़ाने की योजना है। वो चिराग की पार्टी में है।' 12 फरवरी को लालू परिवार शादी में शामिल हुआ, तेजप्रताप ने फोटो पोस्ट की 12 फरवरी को लालू यादव के बड़े भाई मुकुंद यादव की पोती की शादी की थी। इस शादी में लालू-राबड़ी और तेजप्रताप यादव शामिल हुए थे। मुकुंद पशुपालन विभाग में नौकरी करते थे और बचपन में लालू यादव सब साथ में ही रहते थे। तेजप्रताप के इस पोस्ट के 11 घंटे बाद दोपहर 1 बजे लालू के साले सुभाष यादव सामने आए। कहा- रात में जिसके घर घूम रहा था लोग। वो जानते हैं कौन था। वो सब राबड़ी को देखना नहीं चाहता था। उसको मारता था। साथ ही उन्होंने लालू यादव पर सनसनीखेज खुलासा किया। इंटरव्यू में लालू यादव पर गंभीर आरोप लगाए। कहा, 'लालू पूरी तरह से अपहरण केस के डील में शामिल रहते थे। फिरौती में कितने पैसे लेने हैं, ये भी वही तय करते थे। उट हाउस में इसे लेकर बैठकें भी होती थीं। इसमें उनके करीबी नेता शामिल होते थे।' पूर्व राज्यसभा सांसद और पूर्व MLC सुभाष यादव ने इंटरव्यू के दौरान एक अपहरण केस का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'पूर्णिया साइड में एक किडनैपिंग हुई थी। इसका आरोप जाकिर हुसैन पर लगा था, वो अभी भी जिंदा है। 'इस किडनैपिंग को लेकर शहाबुद्दीन, प्रेमचंद गुप्ता और लालू यादव ने फोन किया था। जाकिर हुसैन से उसे छोड़ने को कहा, लेकिन उसने ये किडनैपिंग नहीं की थी। कोई दूसरा आदमी था। सहरसा जिले का रहने वाला था। हम लोग को सब पता था।' जब सुभाष यादव से पूछा गया कि क्या इसमें उट हाउस की भी कोई भूमिका थी? जवाब में सुभाष यादव ने कहा, 'हां, बिल्कुल थी। प्रेमचंद गुप्ता और लालू जी ने लड़ाई की थी। जिसने किडनैप किया वो मर गया।

## पूर्वजों के कब्रिस्तानों पर फातिहा पढ़ी



**पटना।** शब-ए-बरात की रात मुसलमान भाइयों ने नमाज अदा की। पूरी रात कुरआन-ए-पाक की तिलावत की। अल्लाह तआला से गुनाहों की माफी मांगी। कोई गलत काम नहीं करने का वादा किया। मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की। औरतें घर पर ही रहकर इबादत और तिलावत में मशगूल रहीं। रात में अपने पूर्वजों की कब्रिस्तान पर गए। वहां अगरबत्ती जलाई। फातिहा पढ़ी और अल्लाह से दुआ की कि उन्हें जन्नत में जगह दें। कब्रिस्तानों को रोशनी से सजाया गया था ताकि लोगों को कोई तकलीफ न हो। शाम से ही लोग मस्जिद और कब्रिस्तानों में पहुंचने लगे थे। लोगों ने अपने-अपने मृत परिजनों की मजार की सफाई की। बच्चों में इस त्योहार को लेकर खासा उत्साह था। बच्चों ने पटाखे छोड़े। लोगों ने अपनी क्षमता के अनुसार गरीबों के बीच खैरात (दान) भी बांटा। घरों में भी मीठे पकवान बनाए गए। इसे गरीबों में बांटा। शुक्रवार को रोजा रखने के लिए सुबह की अजां से पहले सेहरी खाई।

## महिला प्रिंसिपल और शिक्षक में विवाद






**मोकामा।** के दुर्गावती प्रखंड के छांव पंचायत स्थित सरकारी मधुरा विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्या और एक शिक्षक के बीच विवाद हो गया। जो इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर जूता-चप्पल तान दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच अभद्र व्यवहार साफ देखे जा सकते है। दोनों की पहचान शिक्षक जसरुद्दीन और प्रधानाचार्या प्रभावती देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय मुखिया और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और दोनों को समझाने का प्रयास किया। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब 18 तारीख को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कैमूर दौरा प्रस्तावित है। शिक्षक जसरुद्दीन ने बताया कि पिछले 9 वर्षों से प्रधानाचार्या उनके साथ अभद्र व्यवहार करती आ रही हैं। प्रधानाचार्या प्रभावती देवी का कहना है कि शिक्षक स्कूल समय में फोन पर व्यस्त रहते हैं और उनके टोकने पर अनुचित व्यवहार करते हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शिवानंद सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि वे इस घटना की रिपोर्ट जिला अधिकारियों को भेजेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में इस तरह का व्यवहार अस्वीकार्य है और दोनों पक्षों को समझाइश दी गई हैं।

## मोकामा शूटआउट गैंगस्टर मोनू की पत्नी-बहन पर प्राथमिकी

### पुलिस टीम से धक्का-मुक्की और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप





**मोकामा।** शूटआउट मामले में फरार चल रहे गैंगस्टर मोनू की पत्नी और बहन के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। गुरुवार को बाढ़ एएसपी के नेतृत्व में 8 थानों की पुलिस मोनू के घर पर नोटिस चिपकाने गई थी। इस दौरान गैंगस्टर की पत्नी निशु कुमारी ने ने नोटिस फाड़ दिया था। बहन नेहा कुमार ने भी पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी की थी। महिला पुलिसकर्मियों ने जब रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ धक्का-मुक्की की गई। शूटआउट मामले में मोनू 24 दिनों से फरार है। इस मामले में सोनू को बाढ़ पुलिस ने 24 जनवरी को गिरफ्तार किया था। दरोगा सुजीत कुमार यादव के आवेदन पर दोनों महिलाओं के खिलाफ पचमहला थाने में केस दर्ज हुआ है। सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। गुरुवार को ढोल-नगाड़ों के साथ 8 थानों की पुलिस नोटिस चिपकाने के लिए गैंगस्टर मोनू के गांव जलालपुर पहुंची थी। इस दौरान परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सरेंडर नहीं करने पर संपत्ति कुर्क की जाएगी। गोलीकांड के बाद से ही मोनू फरार है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की है, लेकिन सफलता नहीं मिली। 22 जनवरी बुधवार की शाम पूर्व विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह अपने समर्थकों के साथ नौरंगा गांव पहुंचे थे। वहां गैंगस्टर सोनू-मोनू और अनंत समर्थकों के बीच फायरिंग हुई थी। इस दौरान 100 राउंड फायरिंग होने की बात कही जा रही थी। फायरिंग का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हुआ था। 53 सेकेंड के वीडियो में 20 राउंड फायरिंग की आवाज सुनी जा सकती है। जिसके बाद पुलिस ने अनंत सिंह पर आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास समेत दूसरी धाराओं में केस दर्ज किया था। पुलिस कर्मियों से धक्का मुक्की करने, गाली गलौज और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने जैसे आरोप लगाए गए हैं। मोकामा गोलीबारी केस में पुलिस ने 24 जनवरी को गैंगस्टर सोनू और अनंत सिंह के समर्थक रौशन को गिरफ्तार किया था। इसके कुछ देर बाद पूर्व विधायक ने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर किया था।

## दिव्यांगों व जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची सेवा



**पटना।** पहाड़ी स्थित भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल में पोलियो एवं करेक्टिव शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता मुक्ति अभियान में वे हरसंभव सहयोग करेंगे। दिव्यांगों व जरुरतों की सेवा ही सच्ची सेवा है। सरकार के स्तर पर सहयोग मिलेगा। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ हेमंत कुमार ने कहा कि सेवा के माध्यम के दिव्यांगों में आत्मविश्वास जगा है, वो आत्मनिर्भर हो रहे हैं। अप्रवासी सह न्यूयार्क निवासी सुनील आनंद ने कहा कि 25 वर्षों से अस्पताल से जुड़ दिव्यांगों की सेवा कर रहे हैं। अस्पताल के चेयरमैन देशबंधु गुप्ता ने बताया कि शिविर में 20 मरीजों की शल्य चिकित्सा, 600 मरीजों की ओपीडी में जांच की गई, इसके साथ 10 दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण दिया गया। पद्मश्री विमल जैन ने संचालन किया। अतिथियों को प्रतीक चिह्न, दुशाला देकर सम्मानित किया गया। अगला शिविर नौ मार्च को होगा।

## संक्षिप्त डायरी

### बिजली के खंभे से टकराई कार एक मौत, 4 जख्मी



**सहरसा।** के बैजनाथपुर-गम्हरिया मुख्य मार्ग पर सपहा के पास गुरुवार देर रात करीब 2 बजे अररिया से लौट रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को स्थानीय लोगो ने नजदीक के लार्ड बुद्धा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की कार्रवाई मे जुटी है। मृतक की पहचान मधेपुरा जिले के परमानंदपुर थाना क्षेत्र के बरदहा गांव निवासी सतीश सिंह के बेटे ऋतिक कुमार(25) के रूप में हुई है। बताया गया कि मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था और मेडिकल क्षेत्र में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के रूप में कार्यरत था। वहीं घायलों की पहचान मधेपुरा के घेलाड़ थाना क्षेत्र रामपुर के निवासी सोनू कुमार(25),बलदेव कामत( 55), भूषण कुमार(25) और भूषण(26) के रूप में हुई हैं। वहीं सभी घायलों का इलाज स्थानीय लॉर्ड बुद्धा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जांच में जुटी पुलिस बैजनाथपुर थानाध्यक्ष अरमोद कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सभी लोग मधेपुरा जिले के निवासी बताए जा रहे है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।इस दुर्घटना से मृतक का परिवार गहरे सदमे में है।

### वेलेंटाइन डे पर बदली रहेगी पटना की ट्रैफिक व्यवस्था



**पटना।** में वेलेंटाइन डे पर भीड़ भाड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस 14 फरवरी का ट्रैफिक रूट प्लान तैयार किया है। कपूर्री गोलंबर से ईको पार्क की ओर वाहनों की नो एंट्री रहेगी। इस रूट पर सिर्फ सरकारी वाहन ही जा सकेंगे। दोपहर 12 बजे से ट्रैफिक सामान्य होने तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। साथ ही पार्किंग को लेकर भी कुछ बदलाव किया गया है। वेलेंटाइन-डे के अवसर पर काफी संख्या में लड़के लड़कियां खास कर युवा अलग-अलग पार्क, रेस्टोरेंट, सिनेमाघर, पटना जू, मंदिर और अन्य जगहों पर इकट्ठा होते हैं। पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने ट्रैफिक व्यवस्था पर ध्यान देने का निर्देश दिया है। साथ ही ट्रॉली और क्रेन को तैयार रखने कहा है। ताकि आवश्यकता पड़ने या एक सड़क पर दबाव होने पर ट्रैफिक डायवर्ट किया जा सके। पदाधिकारियों और कर्मियों को दिया गया निर्देश बेली रोड पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ने पर डुमरा चौकी से पटना जू की तरफ नहीं आएंगे। यहां से सभी वाहन हवाई अड्डे की ओर डायवर्ट किया जाएगा या डुमरा चौकी मोड़ से यू-टर्न किया जायेगा। बेली रोड में यातायात का अत्यधिक दबाव होने पर पुनाईचक यातायात पोस्ट से पश्चिम ऑटो/ई-रिक्शा का परिचालन नहीं होगा। यहां से इन वाहनों को बाएं मोड़ते हुए मंगल रोड पर डायवर्ट कर वापस किया जाएगा।सर्कुलर रोड से पूरब आगे इको पार्क की ओर कोई वाहन (सरकारी वाहन और कर्मियों के वाहन को छोड़कर) नहीं जाने दिया जाएगा। इसी प्रकार कपूर्री गोलंबर से आगे इको पार्क की ओर कोई भी वाहन (सरकारी वाहन और कर्मियों के वाहन को छोड़कर) नहीं जाने दिया जाएगा। पटना जू गेट नं-01 और राजवंशी नगर हनुमान मंदिर के पास कोई भी वाहन सड़क पर पार्क नहीं होगी। कुम्हरार पार्क के पास मुख्य सड़क पर गाड़ियों के पार्किंग पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। दो शिफ्ट में पुलिस वालों की ड्यूटी इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों और कर्मियों की ड्यूटी दो शिफ्टों में लगाई गई है। इसके तहत पहली शिफ्ट 7 सुबह से 4 बजे तक वहीं दूसरी शिफ्ट 1 बजे से रात 10 बजे तक रहेगी।

### शिक्षा विभाग और डीईओ की आपसी सहमति से तबादला होगा

**पटना।** शिक्षा विभाग में शिक्षकों के ट्रांसफर की प्रक्रिया फरवरी के अंतिम सप्ताह से फिर से शुरू हो जाएगी। इस दौरान शिक्षा विभाग और जिलों में कार्यरत जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) की आपसी सहमति से ट्रांसफर होगा। शिक्षा विभाग शिक्षकों के नाम की जगह उनकी कोडिंग करके लिस्ट डीईओ कार्यालय में भेजेगा। उसके बाद डीईओ कोडिंग के आधार पर स्कूल आवंटित करके उसकी लिस्ट मुख्यालय में मेल करेंगे। तब ट्रांसफर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## सीएम नीतीश के दौरे को लेकर सुरक्षा कड़ी 15 फरवरी को बक्सर पहुंचेंगे मुख्यमंत्री




**बक्सर।** में 15 फरवरी को सीएम नीतिश के होने वाले दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। सीएम सिमरी प्रखंड के केशोपुर और परसंपाह पंचायत भवन का निरीक्षण करेंगे और विकास कार्यों का जायजा लेंगे। इसके बाद वे जिला मुख्यालय में अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे।बक्सर सदर अनुमंडल कार्यालय ने यातायात को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 14 फरवरी शाम 6 बजे से 15 फरवरी रात 10 बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही भी प्रतिबंधित रहेगी। गोलंबर, सिंडीकेट, ज्योति चौक, आईटीआई बायपास, अंबेडकर चौक, समाहरणालय मार्ग और बक्सर पुलिस चौकी से रामरेखा घाट तक सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। हालांकि एम्बुलेंस, शव वाहन और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छूट दी गई है।वैकल्पिक मार्ग किया गया निर्धारित प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किए हैं। प्रतिबंधित समय के अलावा यात्रा करने वाले लोग गोलंबर से सिंडीकेट होते हुए ज्योति चौक, आईटीआई बायपास और मठिया मोड़ होकर दानी कुटिया जा सकते हैं। इटाढ़ी जाने वाले वाहन बायपास से स्टेशन होते हुए आगे बढ़ सकते हैं। शहर के अंदर सिंडीकेट से यमुना चौक होते हुए पुलिस चौकी और फिर पिपरपाती रोड से मुनीम चौक होकर सिंडीकेट तक यातायात की अनुमति रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत जसो रोड, सारिमपुर, सिंडीगेट मोड़, नया रेलवे ओवरब्रिज, बस स्टैंड के दोनों गेट, शांति नगर पुल, खलासी मुहल्ला, नहर रोड, आईटीआई मोड़, इटाढ़ी मोड़, समाहरणालय के पास, पीपी रोड पुल और नाथ बाबा मोड़ पर बैरिकेडिंग की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से चारपहिया वाहन लेकर घर से न निकलें।

# वेलेंटाइन डे पर प्रेम सीरीज की 100 पेंटिंग


### आर्टिस्ट रविंद्र दास बोले- सीरीज की शुरूआत बुद्ध और प्रेम से हुई, इसे कैनवास पर उतारा







**सहरसा।** वेलेंटाइन डे के मौके पर पटना के आर्टिस्ट रविंद्र दास ने प्रेम सीरीज की 100 पेंटिंग बनाई है। पेंटिंग में बसंत और खेतों में सरसों के पीले फूलों की खूबसूरती को दिखाया गया है। ऊंचे पेड़ों पर पलाश और सेमल के फूल लगे हैं। इसमें वाटर कलर और एक्रेलिक पेंट से काम किया है। आर्टिस्ट रविन्द्र दास कहते हैं आशिकी और मौसिकी का साथ पुराना है। 50 ऐसी अपनी पेंटिंग में रंग के साथ संगीत को भी जोड़ा है। कश्मीर के डल झील में प्रेम बहुत खूबसूरत है। पूरी प्रकृति प्रेम के स्वागत को जैसे तैयार है। कई पेटिंग में संगीत के निकलते धुन को भी दिखाया है। रविंद्र दास ने बताया कि 1991 में पटना आर्ट कॉलेज से बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स करने के बाद दिल्ली चल गए। वहां बुद्ध सीरीज की 30 पेंटिंग बनाई। बुद्ध की एक पेंटिंग बनाते समय सम्राट अशोक का ध्यान आया। फील हुआ कि सारी चीजें प्रेम के इर्द-गिर्द ही घूमती हैं। प्रेम के बिना कुछ नहीं है। बुद्ध के उपदेशों और अशोक के बौद्ध होने के पीछे प्रेम ही है। इसके बाद प्रेम को कैनवास पर उतारना शुरू कर दिया। इस सीरीज की शुरूआत बुद्ध और प्रेम से हुई। उसमें दिल्ली के पार्कों के प्रेम-रंग को लाया। प्रेम सीरीज की पेंटिंग बढ़ते-बढ़ते सौ तक पहुंच गई।



मधुबनी पेंटिंग वाला लटपटिया सुग्गा भी दिखाया उनकी पेंटिंग में युवाओं और भगवान राम का प्रेम भी दिखता है। इसमें पौराणिक पात्रों को भी दिखाया गया है। एक पेंटिंग में मोहनजोदड़ो की खुदाई में निकली कांस्य युवती भी दिखती है। जिसके बाएं और दाहिने हाथ में चूड़ियां हैं। इसे कैनवास पर रविन्द्र दास ने बहुत सलीके से उतारा है। पेंटिंग में शिव-पार्वती और कृष्ण भी दिखते हैं। नल-दमयंती, पुरुरवा-उर्वशी को भी उतारा है। मधुबनी पेंटिंग में अक्सर दिखने वाला लटपटिया सुग्गा भी इनकी पेंटिंग में दिखता है। रविन्द्र दास मानते हैं कि प्रकृति के बिना प्रेम पूर्ण नहीं हो सकता। इसलिए पेटिंग में पेड़-पौधों के साथ ही उसकी चंचलता भी लाने की कोशिश करते हैं। इसी क्रम में चिड़िया, कबूतर, मोर आते हैं और हिरण की चंचलती भी। कई पेटिंग में साइकिल पर प्रेम दिखाया है। यह उस पीढ़ी को जोड़ती है, जिनके प्रेम में साइकिल किसी न किसी तरह शामिल रहा है। साइकिल के पीछे प्रेमिका को बैठाकर जब वे चलते हैं तो कजरी का वह गीत गूंज उठता है, 'पिया मेंहदी ले आ द मोती झील से जाके साइकिल से ना...!' कजरी बरसात के समय गाई जाती है। साइकिल वाला प्रेम एक पेंटिंग में दीदारगंज की यक्षिणी दिखती है। प्रेम सीरीज की कुछ पेंटिंग ब्लैक एंड व्हाइट भी है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह कि यादों में बसी कोई चीज किनारे की तरफ जरूर दिखती है। जैसे कि एक पेंटिंग के किनारे पुराने जमाने का स्कूटर दिखता है। स्कूटर या साइकिल प्रेम की यात्रा को बताता हुआ दिखता है। प्रेम सीरीज की पेटिंग में ताजमहल को भी दिखाया गया है। इसमें राजा-रानी भी है।

## खबर संक्षेप

### भेल को मिला रघुनाथपुर संयंत्र के बॉयलर का ठेका



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भेल को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में 2x660 मेगावाट रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन के दूसरे चरण में स्टीम जनरेटर आइलैंड पैकेज स्थापित करने का ठेका मिला है। यह ठेका दामोदर वैली कॉरपोरेशन ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के जरिये मिला है।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने बनाए डीलर साझेदार



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाल में लांच अपने लक्जरी ब्रांडों के बिक्री मंच एमजी सिलेक्ट के लिए देश भर में 12 डीलर साझेदार नियुक्त किए हैं। डीलरों की नियुक्ति कई स्थानों पर की गई हैं जिसमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और चंडीगढ़ आदि शामिल हैं। कंपनी बिक्री मंच से साइबरस्टर और एमजी एम9 मॉडलों की बिक्री करेगी।

### जुबिलेंट फूडवर्क्स का शुद्ध मुनाफा 43.24 करोड़ रुपए

JUBILANT FOODWORKS

**नई दिल्ली।** जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 43.24 करोड़ रुपये रहा।
डंकिन जैसे ब्रांड के लिए फ्रेंचाइजी अधिकार रखने वाली जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 65.71 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

### ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था ने सामान्य वृद्धि दर्ज की



**लंदन।** दिसंबर में अनुमान से बेहतर प्रदर्शन के बाद ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था ने वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही में 0.1 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज की। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिसंबर महीने में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान क्रिसमस से पहले पर्वों का प्रदर्शन विशेष रूप से अच्छा रहा।

### श्रीराम प्रॉपर्टीज के मुनाफे में 30 फीसदी की गिरावट

Shriram Properties
Homes that live in you

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी श्रीराम प्रॉपर्टीज का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 30 प्रतिशत घटकर 12.97 करोड़ रुपये रह गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 18.48 करोड़ रुपये रहा था। कुल आमदनी भी घटकर 179.87 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 240.57 करोड़ रुपये थी।

### रियल एस्टेट कंपनियों ने क्यूआईपी से जुटाई राशि



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट डेवलपर ने पिछले साल यानी 2024 में योग्य संस्थागत नियोजन के जरिए निवेशकों को इक्विटी शेयर बेचकर करीब 22,320 करोड़ रुपये जुटाए हैं। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक ने बताया कि सभी क्षेत्रों में क्यूआईपी के जरिए 99 निर्गम से कुल 1,41,482 करोड़ रुपये जुटाए गए। इसमें रियल एस्टेट का प्रमुख योगदान रहा, जहां आठ डेवलपर और एक 'रीट' ने कुल मिलाकर 22,320 करोड़ रुपये जुटाए। यह आंकड़ा क्यूआईपी के जरिए जुटाई गई कुल राशि का 16 प्रतिशत है।

# अब कोई नहीं उठा पाएगा एनआरआई स्टेटस का गलत फायदा, भरना होगा टैक्स

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को न्यू इनकम टैक्स बिल को संसद में पेश कर दिया। इसमें टैक्स रेजिडेंसी के मानदंडों को पुनः परिभाषित किया गया है, जिसका अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। खासकर, उन लोगों पर जो भारत में 15 लाख रुपए या उससे अधिक कमाते हैं और टैक्स नहीं भरते हैं।

- अब 15 लाख से अधिक कमाने वाले को भारत का नागरिक माना जाएगा

इस नए नियम के तहत 15 लाख से अधिक कमाने वाले व्यक्तियों को भारत का नागरिक माना जाएगा और उन्हें भारत में कमाए गए अपने इनकम पर टैक्स देना होगा। इस नए कदम को उठाए जाने का मकसद एनआरआई स्टेटस के दुरुपयोग और टैक्स चोरी को रोकना है।

### अब एनआरआई स्टेटस का नहीं उठा पाएंगे फायदा

इस बिल के तहत माना गया है कि अगर कोई व्यक्ति एक टैक्स ईयर में कम से कम 182 दिन भारत में बिताता है या 60 दिन या उससे अधिक समय भारत में बिताता है या चार वर्षों में भारत में कुल 365 दिन या उससे अधिक समय बिताया है, तो उसे यहां का नागरिक माना जाएगा और इनकम पर टैक्स देना होगा।

## नए इनकम टैक्स बिल में टैक्स रेजिडेंसी के मानदंड पुनः परिभाषित

### इन पर नहीं लागू होगा 60 दिन वाला नियम

हालांकि, अगर कोई व्यक्ति किसी इंडियन एयरलाइन या शिप के क्रू मेंबर के तौर पर भारत छोड़ता है या बाहर नौकरी के लिए जाता है, तो उसे 60 दिन के नियम के दायरे में नहीं लाया जाएगा। इसी तरह, भारत आने वाले एनआरआई को भी इस शर्त पर छूट मिलेगी। अगर भारत आने वाला कोई व्यक्ति 15 लाख रुपए (विदेशी स्रोत से होने वाली आय को छोड़कर) से अधिक कमाता है, तो 60 दिन के नियम को बढ़ाकर 120 दिन कर दिया जाएगा।




### भारत का टैक्स सिस्टम इस बात पर देता जोर

भारत का टैक्स सिस्टम नागरिकता के बजाय देश में किसी व्यक्ति की उपस्थिति पर आधारित है। मौजूदा समय में एनआरआई पर टैक्स केवल भारत में उनके कमाए गए आय पर लगाया जाता है, जबकि देश के बाहर किया गया उनका इनकम टैक्स फ्री रहता है। पिछले कुछ सालों में देखा गया कि कई लोग टैक्स से बचने के लिए एनआरआई स्टेटस का लाभ उठा रहे हैं, जबकि कमाई भारत में रहकर कर रहे हैं। नया नियम टैक्स में चोरी को रोकने के साथ ही साथ निष्पक्ष कराधान को भी सुनिश्चित करेगा।

## वैश्विक भर्ती परामर्श कंपनी ने जारी की रिपोर्ट

# उभरते कौशल, नेतृत्व भूमिकाओं के लिए 30-40 प्रतिशत तक वेतन वृद्धि संभावित

नई दिल्ली

भारतीय उद्योग जगत में इस साल छह प्रतिशत से लेकर 15 प्रतिशत तक की सीमा में वार्षिक वेतन वृद्धि होने का अनुमान है। वेतन वृद्धि का अनुपात उद्योग, भूमिका के महत्व और विशिष्ट कौशल पर निर्भर करेगा। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

वैश्विक भर्ती परामर्श कंपनी माइकल पेज की तरफ से जारी '2025 सैलरी गाइड' के मुताबिक, उभरते कौशल और महत्वपूर्ण नेतृत्व भूमिकाओं के लिए वेतन वृद्धि का आंकड़ा 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।फर्म ने कहा कि भारत के नौकरी बाजार ने हाल के महीनों में मजबूती दिखाई है, जिससे 2024 की शुरुआत की तुलना में विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों में वृद्धि हुई है।

### पदोन्नति के मामले में वेतनवृद्धि 20 से 30 फीसदी के बीच

इसने कहा, "भारत में वार्षिक वेतन वृद्धि आम तौर पर छह से 15 प्रतिशत के बीच होती है जबकि पदोन्नति के मामले में वेतन वृद्धि आम तौर पर 20-30 प्रतिशत के बीच होती है। हालांकि, महत्वपूर्ण नेतृत्व और उभरते कौशल भूमिकाओं में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाती है।"

- इस साल छह से लेकर 15 फीसदी तक वेतन वृद्धि का अनुमान
- नेतृत्व भूमिकाओं के लिए वेतन वृद्धि 40 प्रतिशत तक पहुंच सकती है
- भारत के नौकरी बाजार ने हाल के महीनों में वृद्धि दिखाई



### एक दर्जन कोषों ने भारत में परिचालन बढ़ाया

इसमें कहा गया है कि एक दर्जन से अधिक नए वैश्विक निजी इक्विटी, सॉवरेन, उद्यम पूंजी, रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा कोष ने भारत में अपने परिचालन का विस्तार किया है, जो वैश्विक निवेश परिदृश्य में देश के बढ़ते महत्व को दर्शाता है।

### औसत वृद्धि नौ फीसदी के आसपास होगी


पेज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष के लिए वेतन वृद्धि अनुमान छह से 15 प्रतिशत है तथा औसत वृद्धि नौ प्रतिशत के आसपास होगी, जो पिछले वर्ष के आंकड़े के समान है। हालांकि उद्योग और कौशल के आधार पर यह असमानता बहुत अधिक है।

### भर्तियां उपभोक्ता मांग बढ़ने से बढ़ी

नौकरियों की जानकारी देने वाले मंच फाउंडइट के इनसाइट्स ट्रैकर के मुताबिक, जनवरी में भर्तियों में वृद्धि का श्रेय बढ़ती उपभोक्ता मांग, केंद्रीय बजट 2025-26 में उल्लिखित रणनीतिक प्रोत्साहन और स्थिरता पहलों पर बढ़ते ध्यान को दिया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी, 2025 में भर्ती में 32 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई है, जो बाजार में नए सिरे से विश्वास का संकेत है।

### नवीकरणीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा नौकरियां

रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी में नवीकरणीय क्षेत्र में नौकरियां सबसे ज्यादा रहीं। इनमें पिछले दो वर्षों की तुलना में 41 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसका कारण स्वच्छ ऊर्जा पहलों का विस्तार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्र वैश्विक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों से प्रेरित होकर इस वृद्धि में सबसे आगे हैं।



### कार्यालय वाली नौकरियों में भर्ती बढ़ी

जनवरी में कार्यालय वाली नौकरियों के लिए भर्ती में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जिसमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन और विनिर्माण जैसे उद्योगों का मुख्य योगदान रहा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

# जनवरी में सर्वाधिक 3.99 लाख यात्री वाहन बिके : सियाम

नई दिल्ली

यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत बढ़कर 3,99,386 इकाई हो गई। जनवरी माह में दर्ज यह अब तक की सर्वाधिक बिक्री है जिसे यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग से समर्थन मिला। उद्योग संगठन सियाम की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, जनवरी 2024 में यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री 3,93,074 इकाई रही थी। यूटिलिटी वाहनों की आपूर्ति जनवरी, 2025 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 2,12,995 इकाई हो गई जबकि जनवरी, 2024 में यह संख्या 2,00,917 इकाई थी।

- यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग रही
- सालाना आधार पर बिक्री 1.6 फीसदी अधिक रही



*हुंडई की वाहन बिक्री पांच फीसदी कम रही : वहीं हुंडई मोटर इंडिया ने 54,003 वाहनों की बिक्री की जो जनवरी 2024 के 57,115 वाहनों से पांच प्रतिशत कम है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की थोक बिक्री जनवरी में बढ़कर 50,659 इकाई हो गई जो जनवरी 2024 में 43,068 इकाई थी।*

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने कहा कि पिछले महीने यात्री कारों की थोक बिक्री 1,27,065 इकाई पर स्थिर रही, जो जनवरी 2023 में 1,26,505 इकाई थी। वैन की आपूर्ति जनवरी 2024 में 12,019 इकाइयों से 6.4 प्रतिशत घटकर पिछले महीने 11,250 इकाई रह गई।

### दोपहिया वाहनों की बिक्री में रहा इजाफा

सियाम ने कहा कि पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत बढ़कर 15,26,218 इकाई हो गई, जबकि जनवरी 2024 में यह 14,95,183 इकाई थी। स्कूटर की बिक्री जनवरी 2025 में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 5,48,201 इकाई हो गई।

# वैल्यू म्यूचुअल फंडों में जनवरी में आया 1,556 करोड़ रुपए का निवेश

नई दिल्ली

वैल्यू म्यूचुअल फंडों में निवेशकों का भरोसा मजबूत बना हुआ है और इस श्रेणी में जनवरी में 1,556 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। यह निवेश मौलिक रूप से मजबूत लेकिन कम मूल्य वाले शेयरों की ओर उनके ध्यान में बदलाव का संकेत है।

वैल्यू फंड एक तरह का म्यूचुअल फंड होता है जो उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है जिनका मूल्यांकन कम माना जाता है। वैल्यू फंड लंबी अवधि के निवेशकों के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। उद्योग निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, यह दिसंबर में दर्ज 1,514 करोड़ रुपये के निवेश से कुछ ज्यादा है। इसके बावजूद इस श्रेणी में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) दिसंबर में 1.88 लाख करोड़ रुपये से घटकर जनवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये रह गईं। एम्फी का कहना है कि वैल्यू फंड के एयूएम में आई यह गिरावट कुछ चुनौतियों को दर्शाती है, लेकिन 2025 में वैल्यू फंड के लिए दृष्टिकोण आशावादी बना हुआ है। जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष जोसेफ ने कहा कि वैल्यू फंड का भविष्य काफी हद तक क्षेत्रीय रुझानों और व्यापक आर्थिक स्थितियों पर निर्भर करेगा।




- वैल्यू म्यूचुअल फंड़ों में निवेशकों का भरोसा कायम
- कम मूल्य वाले शेयरों की ओर ध्यान में बदलाव के संकेत

### वैल्यू फंड में बढ़त जारी रहेगी


जोसेफ ने कहा, "साल 2023 और 2024 में वैल्यू फंड बढ़त को आगे बढ़ाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में धातु, रियल एस्टेट, निर्माण, पूंजीगत सामान, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम और विनिर्माण शामिल हैं। इन क्षेत्रों में मजबूती रहने की उम्मीद है। इसे निरंतर सरकारी बुनियादी ढांचे के खर्च और औद्योगिक विस्तार से बल मिलेगा।" उन्होंने कहा कि जब तक ये क्षेत्र मजबूती और वृद्धि की संभावनाएं दिखाते रहेंगे, 2025 में मूल्य निवेश एक आकर्षक रणनीति बनी रहेगी।

# वोल्वो बेंगलुरु के होसकोटे संयंत्र पर 1400 करोड़ करेगी निवेश

बेंगलुरु

स्वीडन की बस और ट्रक विनिर्माता कंपनी वोल्वो ने बेंगलुरु शहर के पास होसकोटे में स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र का 1,400 करोड़ रुपये के निवेश से विस्तार करने का फैसला किया है। कंपनी को इस निवेश से 2,000 से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की मौजूदगी में उनके आधिकारिक आवास 'कावेरी' में इस संबंध में बृहस्पतिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह प्रक्रिया बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एम बी पाटिल की मौजूदगी में पूरी हुई। उद्योग विभाग के प्रधान सचिव सेल्वाकुमार और वोल्वो इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) कमल बाली ने 'इन्वेस्ट कर्नाटक-2025' के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर सिद्धरमैया ने कहा कि 25 साल पहले वोल्वो ने कर्नाटक में कदम रखा, निवेश किया और बदलाव की शुरुआत की।




- कंपनी के निवेश से 2000 से अधिक नौकरियां पैदा होगी

### कंपनी प्रति वर्ष 3000 बसें व ट्रक बना रही

वोल्वो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्टिन लुंडस्टेड ने कहा, "कंपनी की कर्नाटक में धारवाड़ के पास पीन्या, होसकोटे और पीथमपुर में विनिर्माण इकाइयां हैं।"उन्होंने कहा, "अब हम यहां प्रति वर्ष 3,000 बसें एवं ट्रक बना रहे हैं। होसकोटे संयंत्र के विस्तार से हम प्रति वर्ष 20,000 बसें एवं ट्रक बना सकेंगे।

# आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक पर लगे प्रतिबंध हटाए



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कोटक महिंद्रा बैंक पर नौ महीने से अधिक समय से लगे प्रतिबंधों को हटा लिया है। बैंक पर प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर चिंताओं के कारण कारोबारी प्रतिबंध लगाये गये थे। आरबीआई ने कहा कि वह निजी क्षेत्र के बैंक द्वारा किए गए सुधारात्मक उपायों से 'संतुष्ट'' है, और उसे नए क्रेडिट कार्ड जारी करने तथा ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने की अनुमति दी है। कोटक ने एक बाहरी सलाहकार से तृतीय पक्ष सूचना प्रौद्योगिकी 'आईटी'' ऑडिट कराया था, तथा अन्य कई उपाय भी किए।

# शेयर बाजार ने शुरूआती बढ़त गंवाई, सेंसेक्स 32 अंक टूटा

- बाजार में लगातार सातवें दिन गिरावट रही
- आईटी व बैंकिंग शेयरों में रही बिकवाली

मुंबई



घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने बृहस्पतिवार को अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और लगातार सातवें दिन हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में चुनिंदा आईटी एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी के चलते बाजार की धारणा कमजोर हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 32.11 अंक गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 76,764.53 के उच्चतम और 76,013.43 के निम्नतम स्तर को छुआ। इस तरह निचले और ऊपरी स्तर के बीच 751.1 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी 13.85 अंक फिसलकर 23,031.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, नेस्ले और टाइटन में उल्लेखनीय गिरावट हुई।

## अमेरिका में बर्ड फ्लू के मामले बढ़ने से अंडे महंगे



**ओमाहा (अमेरिका)।** अमेरिका में बर्ड फ्लू के मामले बढ़ जाने के कारण अंडों की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। हालिया मासिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) से पता चला है कि अमेरिकी शहरों में एक दर्जन 'ग्रेड ए' अंडों की औसत कीमत जनवरी में 4.95 डॉलर तक पहुंच गई, जो दो साल पहले के रिकॉर्ड 4.82 डॉलर से भी ज्यादा है। अमेरिकी श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, अंडों की कीमतों में आई तेजी 2015 में हुए 'बर्ड फ्लू' के प्रकोप के बाद से सबसे अधिक बढ़ोतरी है।

## होंडा निसान को अपनी सहायक कंपनी बनाना चाहती थी

# होंडा, निसान के बीच एकीकरण पर नहीं होगी बातचीत

टोक्यो

जापानी वाहन विनिर्माता कंपनियों होंडा, निसान और मित्सुबिशी ने अपने कारोबार के एकीकरण के लिए जारी बातचीत बंद करने की बृहस्पतिवार को घोषणा कर दी। निसान के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मकोतो उचिदा ने कहा कि बातचीत का मकसद संयुक्त 'होल्डिंग' कंपनी स्थापित करने से हटकर निसान को होंडा की अनुषंगी कंपनी बनाने पर केंद्रित हो गया था।

उचिदा ने कहा, ''इरादा वैश्विक प्रतिस्पर्धा में जीतने के लिए सभी ताकतों को एक साथ लाने का था, लेकिन इससे निसान की क्षमता प्रदर्शित नहीं होगी। इसलिए मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता था। उचिदा ने कहा कि अब होंडा के बिना ही निसान बदलाव के लक्ष्य से आगे बढ़ेगी।

- अब होंडा के बिना ही निसान बदलाव के लक्ष्य से आगे बढ़ेगी

### होंडा ने शेयर अदला-बदली का दिया था सुझाव

होंडा के मुख्य कार्यकारी तोशीहिरो मिबे ने कहा कि होंडा ने निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए शेयर अदला-बदली का सुझाव दिया था। मिबे ने कहा, ''मैं वास्तव में इस नतीजे से निराश हूं। मुझे लगा था कि बहुत अच्छी संभावनाएं हैं लेकिन मुझे यह भी पता था कि इसे साकार करने के लिए ऐसे कदम उठाने जरूरी थे जो पीड़ा देंगे।''




### ईवी और स्मार्ट कारों पर मिलकर काम जारी रहेगा

होंडा और निसान ने शुरू में कहा था कि वे जून तक एक समझौते को अंतिम रूप देने और अगस्त तक 'होल्डिंग' कंपनी स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, तीनों वाहन कंपनियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि वे इलेक्ट्रिक वाहनों और स्मार्ट कारों की दिशा में एक साथ काम करना जारी रखेंगी।

### संयुक्त होल्डिंग कंपनी बनाने पर विचार जारी था

होंडा मोटर कंपनी और निसान मोटर कॉर्पोरेशन ने दिसंबर, 2024 में घोषणा की थी कि वे एक संयुक्त 'होल्डिंग' कंपनी स्थापित करने के लिए बातचीत करने जा रहे हैं। निसान की सहयोगी मित्सुबिशी मोटर्स कॉर्पोरेशन ने भी कहा था कि वह उस समूह में शामिल होने पर विचार कर रही है। इस विचार ने शुरुआत से ही वाहन उद्योग के विश्लेषकों को उलझन में डाल दिया था कि बातचीत में शामिल किसी भी कंपनी को इस एकीकरण से किस तरह का फायदा होगा।

### शेवरॉन भारत में करेगा इंजीनियरिंग केंद्र स्थापित




**नई दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी शेवरॉन भारत में एक अरब डॉलर का इंजीनियरिंग व नवोन्मेष केंद्र स्थापित कर रही है। यह दुनिया में उसका दूसरा सबसे बड़ा केंद्र होगा। कंपनी अपने वैश्विक परिचालन तथा परियोजनाओं के समर्थन के लिए देश की इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी प्रतिभा का उपयोग करना चाहती है। शेवरॉन के भारत में प्रमुख अक्षय साहनी ने यहां 'भारत ऊर्जा सप्ताह' से इतर बताया कि तेल रिफाइनरियों के लिए डिजिटल ट्विन्स विकसित करने और आपूर्ति विश्वसनीयता में सुधार के लिए उन्नत प्रक्रिया निगरानी तक के लिए काम करेगा।

# भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार : अमित शाह


**हल्द्वानी (एजेंसी)।** मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह के अवसर पर कहा कि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने अगले मेजबान मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा को ध्वज सौंपने से पहले खेलों के समापन की घोषणा की।

शाह ने अपने संबोधन में 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं आज यह कह सकता हूं कि खेलों में भारत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार हैं।' उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शाह को स्मृति चिन्ह, शॉल और गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। शाह ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में आयोजित समारोह में कहा, 'देव भूमि न केवल राष्ट्रीय खेलों के कारण, बल्कि खेलों में अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन और खेलों की सफल मेजबानी के कारण खेल भूमि में बदल गई है। मैंने यहां देखा कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाए गए कुछ रिकॉर्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं।'

शाह और धामी के अलावा जिन अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने समापन समारोह में भाग लिया उनमें केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंगकल संगमा, उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य, दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग शामिल हैं। मांडविया ने कहा, 'उत्तराखंड ने देश को बताया है कि यह सिर्फ देवभूमि नहीं बल्कि खेलभूमि भी है। राज्य ने सुनिश्चित किया कि खेलों के दौरान किसी भी खिलाडी को कोई कठिनाई न हो। यह भारत के खेल केंद्र बनने की शुरुआत है।'


आयोजन स्थल की क्षमता 25,000 है और यह समारोह के लिए खचाखच भरा हुआ था। मांडविया ने कहा, 'यह 2036 तक भारत के ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल होने की शुरुआत है। देश में अब एक खेल पारिस्थितिकी तंत्र है। यह खेल सहित हर पहलू में आगे बढ़ रहा है।' इस अवसर पर उषा ने कहा, 'सफर यहीं खत्म नहीं होता, यह भारतीय खेलों के लिए सिर्फ शुरुआत है।'

यहां राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत 28 जनवरी को हुई थी जिसमें सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) कुल 121 पदक (68 स्वर्ण, 26 रजत, 27 कांस्य) के साथ पिछले छह राष्ट्रीय खेल में पांचवीं बार पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। महाराष्ट्र ने 198 (54 स्वर्ण, 71 रजत,



73 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक जीते लेकिन कम स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह दूसरे स्थान पर रहा। यहां तक ??कि हरियाणा को 153 (48 स्वर्ण, 47 रजत, 58 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक मिले, लेकिन उसे तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। मेजबान उत्तराखंड 24 स्वर्ण, 35 रजत और 44 कांस्य सहित कुल 103 पदकों के साथ सातवें स्थान पर रहा।

# भारत की उम्मीदों को झटका, एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान से हारा



**किंगदाओ (चीन) (एजेंसी)।** भारत शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान की अपेक्षाकृत कमजोर टीम से 0-3 से हार गया और इस तरह से प्रतियोगिता में उसके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

दुबई में 2023 के कांस्य पदक विजेता भारत को अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा और 2017 के चैंपियन जापान के खिलाफ उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल के शुरुआती मैच में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी हिरोकी मिदोरिकावा और नात्सु सैतो से 13-21, 21-17, 13-21 से हार गई।

पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण महिला एकल में भारत का दारोमदार मालविका बांसोड़ पर था लेकिन वह टोमोका मियाज़ाकी से 12-21, 19-21 से हार गई जिससे भारत 0-2 से पीछे हो गया। भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी एचएस प्रणय पर थी। सत्र के शुरू से फॉर्म से जूझ रहे 32 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी दुनिया के 16वें नंबर के केंटा निशिमोटो के खिलाफ दबाव बरकरार नहीं रख सके।

जापानी स्टार ने एक घंटे और 17 मिनट में 21-14, 15-21, 21-12 से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए यह हार इसलिए भी निराशाजनक है क्योंकि जापान के शीर्ष खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं और उसने दूसरी श्रेणी की टीम उतारी है।

# अंडर-19 विश्व कप जिताने वाली शबनम गेंदबाजी का कमाल दिखाने को बेताब

**–बोलीं–डब्ल्यूपीएल ऐसा टूर्नामेंट जो लक्ष्यों को हासिल करने में मेरी मदद करेगा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में भारत को लगातार दूसरी बार जीत दिलाने वाली तेज गेंदबाज शबनम शकील अब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में दमदार प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। कुआलालंपुर में विश्व कप जीतने की खुशी पर शबनम ने कहा कि अब उनका ध्यान गुजरात जायंट्स के लिए मैच जिताने पर है। डब्ल्यूपीएल 2025 की शुरुआत शुक्रवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले से होगी, जिसमें शबनम अपनी गेंदबाजी का कमाल दिखाने को बेताब हैं।

विश्व कप जीतने के अपने अनुभव पर शबनम ने कहा कि यह मेरे लिए बेहद खास था, क्योंकि एक बार विश्व कप जीतना ही बहुत बड़ी उपलब्धि होती है, लेकिन इसे दो बार जीतना यह साबित करता है कि हमारी टीम कितनी मजबूत है। उन्होंने यह भी माना कि भारत लौटने पर उन्हें इतने भव्य स्वागत की उम्मीद नहीं थी। मुझे गर्व महसूस हुआ और मैं सभी का धन्यवाद देती हूं जिन्होंने इस सफर में मेरा साथ दिया। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूपीएल को लेकर शबनम काफी उत्साहित हैं और इसे अपने करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मानती हैं।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जो लक्ष्यों को हासिल करने में मेरी मदद करेगा। खासतौर पर विदेशी और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलना एक शानदार अनुभव होता है। डब्ल्यूपीएल के पिछले सीजन में गुजरात जायंट्स के लिए डेब्यू करने वाली शबनम ने नेट साइवर-ब्रंट का विकेट लेकर अपनी छाप छोड़ी थी, लेकिन यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में उनकी घातक गेंदबाजी ने सभी का ध्यान खींचा था, जब उन्होंने एलिसा हीली, चामरी अथापथु और अपनी अंडर-19 साथी श्वेता सेहरावत को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया था। शबनम शकील की नजरें अब डब्ल्यूपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को चैंपियन बनाने पर टिकी हैं, जिससे उनका क्रिकेट करियर नई ऊंचाइयों तक पहुंच सके।

# दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के मैच में शेफाली पर होगी निगाह

**वडोदरा (एजेंसी)।** पहले टूर्नामेंट के विजेता मुंबई इंडियंस और दो बार फाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बीच शनिवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में सभी की निगाहें विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी रहेंगी जिनका लक्ष्य अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना होगा।

मुंबई और दिल्ली दोनों टीमों ने पहले दो टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी। मुंबई दूसरे टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में बाहर हो गया था जबकि दिल्ली को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पता चलता है कि यह दोनों टीम कितनी अच्छी हैं और इसलिए उनके बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। मुंबई ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है और उसके टीम संयोजन में किसी तरह के खास बदलाव की संभावना नहीं है।

भारत की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई है और मुंबई ने उनकी जगह बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसोदिया को लिया है जिन्होंने हाल ही में अंडर -19 महिला टी 20 विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाई थी। अंडर-19 टी20 विश्व कप विजेता टीम की एक अन्य सदस्य जी कमलिनी पर भी निगाहें रहेंगी, जिन्होंने सात मैच में 143 रन बनाए थे।

मुंबई के पास हरमनप्रीत कौर के रूप में अनुभवी कप्तान और बल्लेबाज है। उसकी टीम में कुछ कुशल विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं जिनमें नेट साइवर-ब्रंट (इंग्लैंड), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), अमेलिया केर (न्यूजीलैंड) के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क, शबनिम इस्माइल और क्लो ट्राईटन प्रमुख हैं।

जहां तक दिल्ली का सवाल है तो सभी की निगाहें विस्फोटक भारतीय बल्लेबाज शेफाली पर होंगी जिन्होंने राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। वह अपनी इस फॉर्म को यहां जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली के पास शेफाली और मेग लैनिग के रूप में खतरनाक सलामी जोड़ी है जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड, इंग्लैंड की एलिस कैप्सी और भारत की जेमिमा रोड्रिग्स उसके मध्य क्रम की धुरी हैं।

**टीम इस प्रकार हैं**

**मुंबई इंडियंस :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अक्षिता माहेश्वरी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेले मैथ्यूज, जिन्तिमनी कलिता, कीर्तना बालाकृष्णन, नादिन डी क्लर्क, नताली साइवर-ब्रंट, परुनिका सिसौदिया, सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, जी कमलिनी (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), सैका इशाक, शबनीम इस्माइल।

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, स्नेह दीप्ति, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, जेस जोनासेन, मारिजैन कैप, मिन्नू मणि, एन चरणी, निकी प्रसाद, राधा यादव, शिखा पांडे, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तानिया भाटिया (विकेटकीपर), सारा ब्राइस (विकेटकीपर), तितास साधु।



# अब खेल प्रतिभाओं की पहचान के साथ ही उन्हें निखारेंगे मैरी कॉम सहित कई पूर्व खिलाड़ी

नई दिल्ली। प्रसिद्ध मुक्केबाज मैरी कॉम, टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल जैसे ओलंपियन खिलाड़ियों की अगुवाई में बनी एक समिति अब उभरती हुई खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के साथ ही उन्हें निखारने का काम करेगी। इस समिति की जिम्मेदारी निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करना रहेगा। ये समिति अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले एथलीटों के प्रदर्शन की निगरानी और कोच का मूल्यांकन करने के बारे में भी सलाह देगी। इस समिति में सरकारी प्रतिनिधि और विभिन्न खेलों के सेवानिवृत्त प्रतिष्ठित भी एथलीट शामिल हैं। समिति के अन्य उद्देश्यों में प्रतिभाओं की पहचान करना और सब–जूनियर एवं जूनियर स्तर के एथलीटों के विकास के लिए प्रशिक्षण संबंधी सलाह देना, निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एथलीटों/टीमों के चयन पर नजर बनाऐ रखना भी शामिल है। इसके अलावा, समिति राष्ट्रीय शिविरों के दौरान कोचिंग सुविधाओं और राष्ट्रीय टीमों से जुड़े भारत/विदेशी प्रशिक्षकों के प्रदर्शन का निरीक्षण व विश्लेषण करेगी। इस समिति में दिग्गज एथलीट शाइनी अब्राहम के अलावा निशानेबाज हीना सिद्धू सहित कई अन्य पूर्व खिलाड़ी भी शामिल हैं।



# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी : शिखर धवन को नियुक्त किया ब्रांड एम्बेसडर



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के चार इवेंट एंबेसडर में से एक के रूप में नामित किया गया है। धवन के अलावा पाकिस्तान के 2017 के विजेता कप्तान सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी भी इस सूची में शामिल हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होने वाली है, और इसके कुछ मुकाबले पाकिस्तान में तो कुछ दुबई में खेले जाएंगे। शिखर धवन, जिन्होंने 2013 में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे, ने आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा, चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा बनना एक विशेष एहसास है और एक ब्रांड एम्बेसडर के रूप में आगामी सत्र का आनंद लेने का अवसर मिलना एक सम्मान की बात है। उन्होंने आगे कहा, 卐अगले कुछ हफ्तों में हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को आपस में प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे, जहां एक गलती या हार उनके सभी प्रयासों को समाप्त कर सकती है। यह एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें सब कुछ दांव पर लगा होता है और यही इसे इतना रोमांचक बनाता है।卐 धवन चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास के सबसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। इस टूर्नामेंट में भारत के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में दो सत्रों में 701 रन बनाकर उन्होंने अपनी स्थिति मजबूत की है।

# प्रो लीग का प्रत्येक मैच जीतना और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना हमारा लक्ष्य: हरमनप्रीत

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के प्रत्येक मैच को जीतना और लीग में शीर्ष पर रहकर 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरुआत करेगा। भारत इसके बाद अगले दिन फिर से स्पेन का सामना करेगा। इसके बाद वह 16 और 19 फरवरी को जर्मनी से खेलेगा।

हरमनप्रीत ने एफआईएच प्रो लीग के उद्घाटन से पहले कहा, 'हॉकी इंडिया लीग से हमारा अभ्यास अच्छा चल रहा है। हम महीनों से तैयारी कर रहे हैं, एचआईएल से बहुत कुछ सीखा है। हम अपनी फिटनेस बनाए रखने में भी सक्षम हैं। हम सिर्फ अच्छी हॉकी खेलना चाहते हैं, सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं और हमारा लक्ष्य विश्व कप को देखते हुए (प्रो लीग में) हर मैच जीतना है।' पुरुष हॉकी विश्व कप 14 से 30 अगस्त 2026 तक वेवरे, बेल्जियम और अम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकरों में से एक हरमनप्रीत ने एचआईएल के शीर्ष स्कोरर जुगराज सिंह की फ्लिक करने की क्षमता की प्रशंसा की और कहा कि घरेलू खिलाड़ियों का इस तरह से सामने आना राष्ट्रीय टीम के लिए अच्छे संकेत हैं।

उन्होंने कहा, 'हमने एचआईएल में कुछ अच्छे घरेलू खिलाड़ी देखे हैं। यह युवाओं के लिए एक अच्छा मौका था और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। जुगराज ने सर्वाधिक गोल किए और उसका प्रदर्शन शानदार रहा। मैं उसके लिए खुश हूं और यह राष्ट्रीय टीम के लिए भी फायदेमंद है।' हरमनप्रीत ने के साथ ही कहा कि उनकी टीम स्पेन को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी। 'स्पेन की टीम बहुत अच्छी है और हम उसे हल्के से नहीं ले सकते हैं। हमारा ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके मैच जीतने पर है।' भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग टीम के लिए उचित संयोजन तैयार करने का एक मौका है। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए यह उचित टीम संयोजन तैयार करने का मौका है। हम कुछ चीजों को आजमाएंगे और देखेंगे कि हमारे लिए सबसे बेहतर क्या है।'



# विश्वकप के इंतजार को कम करता है चैम्पियंस ट्रॉफी : वाटसन



सिडनी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है चैम्पियंस इस टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने का अवसर मिल जाएगा। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी। वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो एकदिवसीय विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को को कम करने का अच्छा रास्ता है। उन्होंने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट है क्योंकि एकदिवसीय विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है और इससे इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है। । एकदिवसीय क्रिकेट को इस तरह के टूर्नामेंट से ऊर्जा मिलती रहती है क्योंकि यह काफी अच्छा प्रारूप है। वाटसन ने कहा, 'हम टी20 के बाद भी एकदिवसीय क्रिकेट को बनाये रखना चाहते हैं, इसलिए चैम्पियंस ट्रॉफी अहम है। इसमें सिर्फ 8 टीमें खेलती है और हर गेंद महत्वपूर्ण होती है। इसमें आपको लगातार अच्छा खेलना होता है वरना बाहर होने का खतरा बना रहता है। भारतीय टीम ने साल 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी पर उस समय विराट कोहली और रोहित शर्मा अच्छे फार्मू में थे। अभी होनो ही खराब दौर से गुजर रहे हैं। वाटसन ने कहा कि यह चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि खराब दौर विराट और रोहित के प्रभाव पर कोई असर डालेगा। दुबई में हालात अलग होंगे और एकदिवसीय में वे खुलकर खेल सकेंगे। कोहली वैसे भी एकदिवसीय में अन्य प्रारुपों से बेहतर खेलते हैं। । वाटसन ने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी में रोहित के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होने की संभावना है।

# श्रीलंका ने हासिल की ऑस्ट्रेलिया पर सबसे बड़ी वनडे जीत, सीरीज भी जीती

**खेल डैस्क।** श्रीलंका से टेस्ट सीरीज 2-0 से जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज 2-0 से गंवा दी है। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में हुए दूसरे वनडे में श्रीलंका ने 174 रनों से जीत हासिल कर सीरीज अपने नाम कर ली। यह जीत श्रीलंका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रनों के हिसाब से सबसे बड़ी वनडे जीत थी, जो इस श्रृंखला में उनकी श्रेष्ठता को उजागर करती है। वहीं, चोटों या व्यक्तिगत कारणों से कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना खेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम के सामने मुसीबतें ही हैं। यही टीम चैंपियंस ट्रॉफी में जाएगी जहां जीतना उनके लिए काफी मुश्किल होगा। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 50 ओवर में 4 विकेट पर 281 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। मुख्य योगदान कुसल मेंडिस का रहा जिन्होंने अपना पांचवां एकदिवसीय शतक (115 गेंदों पर 101) लगाया। पहले वनडे में कुसल खास स्कोर नहीं बना पाए थे। इसके बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे चैरिथ असलांका ने 66 गेंदों पर नाबाद 78 रनों का योगदान दिया। निशान मदुष्का ने भी अर्धशतक (51) लगाया और स्कोर 281 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए सीन एबॉट सबसे किफायती गेंदबाज़ रहे, उन्होंने 1-41 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य का पीछा करने में संघर्ष करना पड़ा और 25वें ओवर में ऑल आउट होने से पहले वह केवल 107 रन ही बना सका। स्टीव स्मिथ 29 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी लाइनअप को श्रीलंकाई गेंदबाजों ने तहस-नहस कर दिया। डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा और असिथा फर्नांडो ने 3-3 विकेट लिए। वेललेज ने 4-35, हसरंगा ने 3-23 तो फर्नांडो ने 3-23 के आंकड़े दिए।



# चैम्पियंस ट्रॉफी में सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे आजम, प्रशंसकों से बोले , मैं किंग नहीं

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले हुई त्रिकोणीय सीरीज में अब तक वह विफल रहे हैं। आजम वैसे तो नंबर तीन पर उतरते हैं पर उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी में फखर जमा के साथ पारी की शुरुआत के लिए भेजा जा सकता है। इसलिए त्रिकोणीय सीरीज में उन्हें पारी की शुरुआत मिला पर वह शुरुआत दोनो ही मैचों में रन बनाने में विफल रहे हैं। वहीं अब आजम ने प्रशंसकों से कहा है कि उन्हें किंग जैसे नामों से संबोधित नहीं किया जाये। गौरततब है कि पाक में आजम की तुलना विराट कोहली से होती रही है। विराट को जिस प्रकार से किंग कहा जाता है, वैसे ही आजम को भी लोग किंग नाम से बुलाने लगे हैं जिसपर उन्होंनें नाराजगी जतायी है। जिस तरह से भारत में विराट कोहली को किंग कहा जाता है वसी तर्ज पर पाकिस्तान में भी बाबर आजम को भी किंग कहा जाता है। आजम का कहना है कि वह किंग नहीं है जब वह क्रिकेट छोड़ेंगे तब इस पर बात करेंगे। इसका एक वीडियो भी आया है। इसमें बाबर कहते हैं कि पहली बात ये है कि किंग बोलना जरा कम करें मैं कोई किंग नहीं हूं। जब छोड़ेंगे तब उस पर बात करेंगे।

# बीसीसीआई ने गौतम गंभीर के खास को किया उनसे दूर, इस कारण से साथ रहना हुआ मुश्किल

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** बीसीसीआई इस समय अपने नियमों को लेकर सख्त है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हुई बैठक में बोर्ड ने कुछ फैसले किए थे और उन पर वो कायम है। इंग्लैंड के भारत दौरे पर ये देखने को भी मिला। बोर्ड ने फैसला किया था कि सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों का कोई भी मैनेजर टीम के साथ नहीं होगा और इंग्लैंड सीरीज के दौरान ऐसा ही हुआ।

ये फैसला इसलिए किया गया था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गौतम गंभीर के पीए टीम होटल में ही रुक रहे थे और टीम के साथ ही थे। वह एडिलेड के हॉस्पिटेलिटी बॉक्स में भी घूम रहे थे। इसी कारण बीसीसीआई ने ये फैसला किया था।

हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में ऐसा नहीं हुआ। समाचार एजेंसी पीटीआई ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि, कोचिंग स्टाफ के पर्सनल सेकेट्री, जो लगातार टीम होटल में रह रहा था वह अब दूसरे होटल में रहते हैं। हालांकि, वह इंग्लैंड सीरीज के दौरान हर मैच में स्टेडियम में उपलब्ध थे।

रिपोर्ट में गंभीर का नाम नहीं है लेकिन टीम इंडिया के मौजूदा कोचिंग स्टाफ में से सिर्फ गंभीर ही इकलौते हैं जिनका अपना खुद का पीए है जो टीम के साथ सफर करता है। ऑस्ट्रेलिया में गंभीर के पीए की हर मैदान पर मौजूदगी ने बीसीसीआई को परेशान कर दिया था।

पीटीआई ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा था कि, उनका पीए उस कार में क्यों बैठा है जो नेशनल सेलेक्टर्स के लिए है। कार में तीसरे इंसान की मौजदूगी के कारण वह चीजें प्राइवेट में डिस्कस भी नहीं कर सकते। उन्हें एडिलेड में बीसीसीआई के हॉस्पिटेलिटी बॉक्स में भी जगह दी गई थी?

बीसीसीआई ने कोचिंग स्टाफ के पीए के साथ जाने, रुकने पर ही रोक नहीं लगाई थी बल्कि खिलाड़ियों के परिवार के रुकने की भी समय सीमा तय कर दी थी। पहले पूरे दौरे के दौरान परिवार खिलाड़ियों के साथ रह सकता था, लेकिन अब इसमें कटौती कर दी है। 45 दिन के दौरे पर परिवार दो सप्ताह से ज्यादा खिलाड़ी के हाथ नहीं रह सकता।



# लखनऊ में हवा में चलेगी बस, डीजल बस से 30 फीसदी कम होगा किराया

एजेंसी



**लखनऊ।** केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लखनऊ को लेकर एक अनोखा प्लान पेश किया है. नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुक्रवार को परियोजनाओं के लोकार्पण समारोह के दौरान कहा कि सीएम साहब आप हवा में चलने वाली बस प्रॉजेक्ट की मंजूरी दीजिए. इसका प्रस्ताव आए तो हम लखनऊ में यह प्रॉजेक्ट शुरू कर सकते हैं. इस बस का किराया डीजल बस की तुलना में 30% कम होगा. लखनऊ के रिंग रोड पर यह बस चलाने का काम करके दूंगाा.

**शहीद पथ के ऊपर कानपुर को जोड़ेगा रोड**

नितिन गडकरी ने लखनऊ के लिए एक और प्लान पेश किया. शहीद पथ को विस्तारित करने संबंधित राज्य सरकार के प्रस्ताव को लेकर कहा कि यह सड़क हैंडओवर हो चुकी है. इसमें मैंने एक रास्ता निकाला है. लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे को अगर हम शहीद पथ के ऊपर से निकाल लें तो यह सीधे अयोध्या रोड से जुड़ जाएगा. जिससे लखनऊ के लोगों को आवागमन में बहुत लाभ मिलेगा. सिंगल पिलर पर एलिवेटेड रोड बनाने की तकनीक हमने विकसित की है. जिससे यह काम काफी आसान हो जाएगा.

**हमारा रोड नेटवर्क अमेरिका के आगे**

विकास नगर मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने कहा कि आने वाले समय में हम अपनी लॉजिस्टिक कास्ट को 16% से घटकर 9% तक लाएंगे. केवल प्रयागराज में कुंभ की वजह से जीडीपी ग्रोथ को 3 लाख करोड़ का फायदा हुआ. उत्तर प्रदेश में टैक्सी रेस्टोरेंट होटल वालों को बहुत कम मिला है. हम ईंधन की व्यवस्था को इलेक्ट्रिक पर लेकर आ रहे हैं. हमारा किसान सीएनजी का उत्पादन कर रहा है. वह अन्नदाता नहीं ऊजार्दाता भी बन गया. बहुत जल्दी किसान हाइड्रोजन दाता बनने जा रहा है. देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री 30% बढ़ गई है. हमारा रोड नेटवर्क अब अमेरिका के आगे निकल गया है. 2 साल के भीतर उत्तर प्रदेश का नेशनल हाईवे नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा होगा.

**यूपी को 5 लाख करोड़ का प्रोजेक्ट दूंगा**


नितिन गडकरी ने कहा कि भारत के विकास के लिए यूपी का विकास जरूरी है. गोरखपुर से सीलुगुड़ी और गाजीपुर से हलदिया का भूमि पूजन एक साथ करेंगे. मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा कि वह भूमि अर्जन वन और पर्यावरण जैसी अनापत्तियां दिल दे तो काम शुरू किया जाएगा. हम 50 लाख करोड़ रुपये का काम अब तक कर चुके हैं. क्वालिटी के साथ कोई कंप्रोमाइज नहीं कर रहे हैं. मैं अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले उत्तर प्रदेश को 5 लाख करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट दूंगा. विकास नगर के मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नितिन गडकरी राज्य सरकार की कई मांगों को मंजूर कर चुके थे. खुर्रम नगर का फ्लाई ओवर, समता मूलक चौराहे पर क्लोवर लीफ फ्लाईओवर, खुर्रम नगर को कल्याण अपार्टमेंट रोड से जोड़ने के लिए लीफ ब्रिज, इसी तरह से आउटर रिंग रोड के कई स्लिप नए बनाने के लिए नितिन गडकरी ने मंजूरी दे दी. इसके अलावा गडकरी कुछ अनूठी योजनाओं को लेकर राज्य सरकार के सामने आए हैं.

**यूपी में 1 लाख 45 हजार करोड़ से बन रही सड़कें:**

नितिन गडकरी ने कहा कि कि उत्तर प्रदेश भारत की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है. प्रदेश में 1 लाख 45 हजार करोड़ रुपए की लागत वाले सड़कों का निर्माण किया जा रहा है. इसी कड़ी में लखनऊ में खुर्रमनगर और मुंशी पुलिया फ्लाईओवर का आज लोकार्पण हुआ है. राष्ट्रीय राजमार्ग 24अ पर 270 करोड़ रुपए की लागत से बने खुर्रमनगर फ्लाईओवर में कुल 69 स्पैन बनाएं गए है, जिनमें कुकरेल नदी पर 76 मीटर लंबा कंक्रीट का बो-स्ट्रिंग एवं सेक्टर 25 चौराहे, खुर्रमनगर चौराहे और जगरानी चौराहे पर 50 मीटर लंबे स्टील स्पैन और अन्य कई जरूरी संरचनाएं शामिल हैय सड़क किनारे जल भराव ना हो इसलिए दोनों और जरूरी संरचनाएं भी विकसित की गई है. 170.60 करोड़ रुपए की लागत से बने 4-लेन मुंशी पुलिया फ्लाईओवर में कुल 41 स्पैन बनाए गए है, जिसमें से मुंशी पुलिया चौराहे पर 4 स्टील स्पैन दिए गए है.

# ट्रंप ने पीएम मोदी को लगाया गले, तारीफों के बांधे पुल, 'अवर जर्नी टुगेदर' बुक गिफ्ट की

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती रात व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की. इस मुलाकात के दौरान ट्रंप ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी एक दृढ़ और कुशल संवाददाता हैं. कहा कि मोदी एक महान नेता हैं, जो भारत के विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं.

**देश के हित को सबसे पहले रखते हैं मोदी**

ट्रंप ने यह भी कहा कि मोदी अपने देश के हित को सबसे पहले रखते हैं और उनसे हमेशा सीखने का मौका मिलता है. दोनों नेताओं के बीच गहरी दोस्ती की झलक तब देखने को मिली जब उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाया और पुरानी तस्वीरों को देखकर मुस्कुराए. ट्रंप ने इस दोस्ती को और भी मजबूत बनाने का आश्वासन दिया. ट्रंप ने पीएम मोदी को ह्यअवर जर्नी टुगेदरह्न बुक भी गिफ्ट की है. पीएम मोदी ने भी डोनाल्ड ट्रंप को भारत आने का निमंत्रण दिया.

**ट्रंप के साथ बातचीत भारत-अमेरिका मैत्री को महत्वपूर्ण गति देगी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक उत्कृष्ट बैठक हुई. हमारी बातचीत से भारत-अमेरिका मैत्री को महत्वपूर्ण गति मिलेगी. लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप अक्सर MAGA के बारे में बात करते हैं. भारत में, हम एक विकसित भारत की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसका अमेरिकी संदर्भ में अर्थ MIGA है और साथ मिलकर, भारत-अमेरिका समृद्धि के लिए एक मेगा साझेदारी कर रहे हैं.

**आईएमईसी पर ऐतिहासिक घोषणा**

इस मुलाकात के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण पर सहमति जताई. ट्रंप ने इसे व्यापार के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया, जो इजराइल से इटली और फिर अमेरिका तक फैलेगा. उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है, जिसमें बहुत सारा निवेश होगा. ट्रंप ने आगे बताया कि भारत को खाड़ी क्षेत्र से जोड़ने वाला पूर्वी गलियारा और उत्तरी गलियारा यूरोप से जोड़ने का काम करेगा, जिसमें रेलवे और सड़क परिवहन मार्ग शामिल होंगे. एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा में, ट्रंप ने भारत को एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की बिक्री बढ़ाने की बात की.

## अमेरिका से अवैध अप्रवासी भारतीयों को लेकर एक विमान 15 और दूसरा 16 फरवरी को अमृतसर उतरेगा

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका दौरे पूरा कर भारत के लिए रवाना हो चुके हैं. उधर अमेरिका में अवैध अप्रवासी भारतीयों पर कार्रवाई जारी है. खबर आयी है कि अमेरिका से अवैध अप्रवासी भारतीयों को लेकर एक विमान 15 फरवरी और दूसरा 16 फरवरी को अमृतसर पहुंचने वाला है. सूत्रों के अनुसार 15 फरवरी को आ रहे विमान में 119 भारतीय होंगे, जिनमें पंजाब के 67 और हरियाणा के 33 लोग शामिल हैं. अमेरिका से अवैध प्रवासियों की नई खेप ऐसे वक्त में आ रही है, जब भारत में विपक्ष इसका मुद्दा उठा रहा है. बता दें कि यह दूसरा मौका है, जब अमेरिका से अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजा जायेगा. इससे पहले 5 फरवरी को 104 अप्रवासी भारतीय डिपोर्ट किये गये थे. इन्हें अमेरिकी सेना के मालवाहक जहाज से अमृतसर भेजे गये थे. इनमें 13 बच्चे, 79 पुरुष और 25 महिलाएं शामिल थे. विमान में गुजरात और हरियाणा के 33-33, पंजाब के 30, उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ के 2 और महाराष्ट्र के 3 लोग थे . निर्वासित लोगों को हथकड़ी और बेड़ी पहनाने के मामला अखबारों की सुर्खियां बना था. संसद में भी इस मामले ने तूल पकड़ा था. सूत्रों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय लगभग 4,300 भारतीयों की जांच कर रहा है. इन लोगों पर 2021 से 2024 के बीच अवैध रूप से अमेरिका जाने का शक है. एऊ को गुजरात और पंजाब में स्थित एजेंटों के खिलाफ जांच किये जाने के क्रम मेंयह जानकारी मिली है.

# भारत और जमैका ने सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों में प्रौद्योगिकी की संभावनाओं पर न्यूयार्क में की चर्चा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** न्यूयॉर्क में सामाजिक विकास आयोग की बैठक के 63वें सत्र के बाद महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर की अध्यक्षता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल और श्रम एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय की स्थायी सचिव डायोन जेनिंग्स की अध्यक्षता में जमैका के दल के बीच उच्चस्तरीय द्विपक्षीय चर्चा हुई। इस बैठक में सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के उपयोग में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

यह जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई उसमें वित्तीय समावेशन, डीबीटी, वृद्धावस्था पेंशन आदि में भारत द्वारा किए जा रहे विभिन्न डिजिटल हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी की भूमिका शामिल थी, जो विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। चर्चा का केंद्र पोषण ट्रैकर था- पोषण परिणामों की निगरानी और सुधार के लिए भारत का अग्रणी डिजिटल उपकरण और ऐसे तरीके, जिनसे इसी तरह के तकनीकी नवाचार जमैका के सामाजिक सुरक्षा ढांचे का समर्थन कर सकते हैं। दोनों पक्षों ने सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों में कुशल, पारदर्शी और प्रभावशाली सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल समाधानों का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने जाम्बिया के साथ भारत में आंगनवाड़ी केंद्रों में सामाजिक और पोषण संबंधी परिणामों की निगरानी में पोषण ट्रैकर के उपयोग पर भी चर्चा की। इस बैठक के बाद न्यूयॉर्क स्थित भारत के स्थायी मिशन (पीएमआई) के परिसर में हिंदी दिवस में भारत के राजदूत पार्वथानेनी हरीश और मिशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# नेशनल गेम्स क्लोजिंग सेरेमनी में अमित शाह, पुलवामा के शहीदों को किया याद, मंच से दी श्रदांजलि

एजेंसी



**हल्द्वानी।** नेशनल गेम्स क्लोजिंग सेरेमनी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यक्रम को संबोधित किया. उन्होंने सबसे पहले भारत माता के जयकारे लगाये. इसके बाद अमित शाह ने देवभूमि को खेलभूमि बनाने वाले सीएम धामी को बधाई दी. इस दौरान अमित शाह ने मेघालय के सीएम को भी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी. अमित शाह ने मंच पर मौजूद सभी लोगों का स्वागत किया. अमित शाह ने अपने संबोधन की शुरूआत चारधाम को नमन कर की. अमित शाह ने कहा नेशनल गेम्स के आयोजन से ही खेल भूमि नहीं बनती. इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया. ये बड़ी बात है. उन्होंने कहा उत्तराखंड नेशनल गेम्स में 21 वे नंबर से सातवें नंबर पर पहुंचा है. उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाये दीं.अमित शाह ने पुलवामा के शहीदों को याद किया. उन्होंने कहा एयर स्ट्राइक कर पीएम मोदी ने पाकिस्तान को जवाब दिया.

बता दें 28 जनवरी को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में नेशनल गेम्स का आगाज हुआ था. पीएम मोदी ने देहरादून में नेशनल गेम्स का शुभारंभ किया था. उत्तराखंड के अलग अलग स्थानों में नेशनल गेम्स 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित हुये. नेशनल गेम्स में 34 खेलों का आयोजन किया गया. जिसमें देशभर के 10 हजार के करीब खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया. आज 18 दिन बाद उत्तराखंड के हल्द्वानी में नेशनल गेम्स की क्लोजिंग सेरेमनी हुई. इसके बाद होने वाले अगले नेशनल गेम्स का आयोजन मेघालय में होगा. जिसके लिए गृहमंत्री अमित शाह मेघालय के सीएम को ध्वज सौंपेंगे क्लोजिंग सेरेमनी में धामी कैबिनेट, कई नेता मौजूदः 38वें नेशनल गेम्स की क्लोजिंग सेरेमनी शुरू में धामी कैबिनेट की दिग्गज भी पहुंचे हैं. क्लोजिंग सेरेमनी में धन सिंह रावत, सतपाल महाराज, सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्य पहुंची हैं. इसके साथ ही बीजेपी के सांसद भी 38वें नेशनल गेम्स की क्लोजिंग सेरेमनी में पहुंचे हैं.

# मप्र की बेटी पूनम गुप्ता ने राष्ट्रपति भवन में लिए सात फेरे, राष्ट्रपति ने दिया आशीर्वाद

एजेंसी



**शिवपुरी/भोपाल।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी की बेटी और सीआरपीएफ की असिस्टेंट कमांडेंट पूनम गुप्ता की शादी राष्ट्रपति भवन में हुई। उन्होंने अवनीश कुमार के साथ सात फेरे लेकर अपने दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की। शादी समारोह बुधवार की रात राष्ट्रपति भवन के मदर टेरेसा कॉम्प्लेक्स में हुआ। खुद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नवदंपत्ति को आशीर्वाद दिया। गुरुवार को विदाई का कार्यक्रम आयोजित हुआ। सीआरपीएफ की अधिकारी पूनम गुप्ता वर्तमान में राष्ट्रपति की पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (पीएसओ) के रूप में तैनात हैं। उनकी शादी राष्ट्रपति की विशेष अनुमति से राष्ट्रपति भवन में आयोजित की गई। इस समारोह में परिवार के करीबी सदस्यों और विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी रही। पूनम गुप्ता के पति अवनीश कुमार भी सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट हैं। वे जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं।

**यूपीएससी में चयन के बाद आर्मी की राह चुनी**

पूनम गुप्ता के पिता रघुवीर गुप्ता श्योपुर के नवोदय विद्यालय में कार्यालय अधीक्षक के पद पर रहे। वहीं, पूनम की मां किरण गुप्ता श्योपुर में शिक्षक हैं। पूनम के भाई दिव्यांशु गुप्ता एमबीबीएस करने के बाद दिल्ली से पीजी कर रहे हैं। पूनम ने अपनी बीएससी तक की पढ़ाई शिवपुरी में से की थी। पूनम का चयन यूपीएससी में हुआ था। जिसमें उन्होंने आर्मी को चुना था। बाद में उन्होंने दिल्ली सीआरपीएफ में ट्रेनिंग ली थी। पूनम ने 2021 में सीआरपीएफ ज्वाइन किया था। पूनम गुप्ता की शैक्षणिक उपलब्धियों और देशसेवा का सफर प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने गणित में ग्रेजुएशन और इंग्लिश लिटरेचर में एमए किया है। साथ ही उन्होंने जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से बीएड भी किया। पूनम ने यूपीएससी सीआरपीएफ परीक्षा-2018 में 81वीं रैंक हासिल कर सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट का पद प्राप्त किया। पूनम ने गणतंत्र दिवस 2024 की परेड में सीआरपीएफ की महिला टुकड़ी का नेतृत्व किया था।

## संक्षिप्त खबर

### किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर पर हमला, अस्पताल में भर्ती



प्रयागराज। महाकुंभ मेला के अन्न क्षेत्र में गुरुवार की देर रात किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कल्याणीनंद गिरि पर हमला किया गया. उनके साथ मौजूद उनके तीन शिष्यों को भी अज्ञात लोगों ने निशाना बनाया. पुलिस ने बताया कि घायल कल्याणीनंद गिरि और उनके शिष्यों को मेला क्षेत्र के सेक्टर दो में बने एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. कल्याणीनंद गिरि ने बताया, ह्यबीती रात जब हमलोग अखाड़ा से निकलकर जा रहे थे, तभी 6 से अधिक लड़के कार के सामने आए. उन्होंने कार को घेर लिया. लड़कों ने पहले किसी धारदार हथियार से मेरे ऊपर हमला किया और शिष्यों द्वारा विरोध करने पर उन पर भी हमला कर दिया. कल्याणीनंद गिरि ने बताया, काफी देर हाथापाई हुई. हमलावर मौका पाकर फरार हो गए. इस हमले में मैं और मेरे तीन शिष्य घायल हो गए. हमें सेंट्रल अस्पताल में लाया गया, जहां हमारा इलाज चल रहा है. कल्याणीनंद गिरि ने बताया कि इस हमले के संबंध में थाना अन्न क्षेत्र में शिकायत की गई है. जल्द प्राथमिकी दर्ज होने की संभावना है.

### प्रयागराज- अयोध्या-वाराणसी, हर कहीं जाम ही जाम, योगी का अधिकारियों को निर्देश, जाम से निबटें



**महाकुंभ।** महाकुंभ के कारण प्रयागराज सहित प्रदेश के कई जिलों में बनी भीषण जाम की स्थिति से निजात नहीं मिल रही है. लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर गुरिवार को लगभग 25 किमी लंबा जाम लगने की खबर आयी. इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को जाम को लेकर सख्त निर्देश दिये हैं. उट ने कहा है कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़कों पर उतर कर जाम से निबटने में हाथ बटायें. कहा कि हर स्तर पर अधिकारी जवाबदेही सुनिश्चित करें. जहां जाम होगा वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी. योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिये कि प्रयागराज महाकुंभ नगर, प्रयागराज जनपद, अयोध्या, वाराणसी और आसपास के सभी जिलों में कहीं भी सड़क पर जाम नहीं लगना चाहिए. महाकुंभ स्नान के बाद के लौट रहे लोगों की भीड़ के कारण अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर और बाराबंकी में गुरुवार को भयंकर जाम लग गया. सर्वाधिक जाम अयोध्या वाले रास्ते पर लग रहा है. गुरुवार को 10 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे. खबर है कि हालात पर नियंत्रण पाने के लिए जिले की सीमा पर से ही वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है. गोरखपुर, गोंडा, लखनऊ, रायबरेली, अंबेडकरनगर मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद किया गया है. सुल्तानपुर में गुरुवार को लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर 25 किमी लंबा जाम लगा रहा. अमहट से लेकर लंभुआ तक वाहनों की कतार लगी रही. बुधवार रात 10 बजे से गुरुवार शाम चार बजे तक अयोध्या के लिए आवागमन बंद कर दिया गया. 17 घंटे तक जाम में फंसे श्रद्धालु परेशान रहे.

### दक्षिण कोरिया में होटल के निमाणार्धीन हिस्से में आग लगी, छह की मौत



**सियोल।** दक्षिण कोरिया में आज एक पांच सितारा होटल के निमार्णाधीन हिस्से में अचानक आग लग जाने से छह लोगों की मौत हो गई। जान बचाकर भागे कम से कम 14 लोगों को छत पर हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग की लपटों में घिरे करीब 100 लोगों को बचा लिया। 25 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। द कोरिया टाइम्स के अनुसार, यह हादसा दक्षिण-पूर्वी शहर बुसान के गिजांग काउंटी में हुआ। बुसान दक्षिण कोरिया का सबसे बड़ा बंदरगाह नगर है। बुसान मेट्रोपॉलिटन सिटी फायर एंड डिजास्टर मुख्यालय के अनुसार, सुबह लगभग 10:51 बजे आग लगने की सूचना मिली। लगभग 20 मिनट बाद दमकल अधिकारियों और कर्मचारियों ने हेलीकॉप्टरों और अन्य संसाधनों का उपयोग करके आग बुझानी शुरू की। आग बुझाने के बाद अचेत मिले छह लोगों को बाहर लाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। होटल की निर्माण तीन इमारतों में से एक की पहली मंजिल में आग लगी। कुछ ही देर में लपटों ने ऊपर की मंजिल को घेर लिया। बुसान मेट्रोपॉलिटन सिटी फायर एंड डिजास्टर मुख्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि आग की विभीषिका को देखते 120 से अधिक दमकल गाड़ियों और 350 अग्निशमनकर्मियों को भेजा गया।

### काठमांडू में हिंदू स्वयंसेवक संघ की संस्कृति ज्ञान परीक्षा में दस हजार से अधिक छात्र बने सहभागी



**काठमांडू।** हिंदू स्वयंसेवक संघ की वार्षिक रूप से आयोजित की जाने वाली स्वामी विवेकानंद संस्कृति ज्ञान परीक्षा में इस वर्ष शुक्रवार को दस हजार से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया है। काठमांडू के सैनिक मंच टुंडीखेल के परेड ग्राउंड में आयोजित इस संस्कृति ज्ञान परीक्षा में काठमांडू वैली के 500 विद्यालयों के दस हजार छात्रों ने सहभागिता की। कार्यक्रम विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। इस संबंध में संघ के राष्ट्रीय संघचालक कल्याण कुमार तिमिल्सीना ने बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्कूली छात्रों की अभिरुचि हर वर्ष बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जहां 8 हजार छात्र इसमें सहभागी हुए वहीं इस वर्ष दस हजार से अधिक छात्रों की सहभागिता रही। उन्होंने यह भी बताया कि संघ के प्रयास से देश में एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो रही है जो नियमति कोर्स की पढ़ाई के अलावा अपने देश और धर्म के बारे में, अपने इतिहास और भूगोल के बारे में, अपने धर्म और संस्कृति के बारे में, अपने महापुरुषों और ऋषि-संतों के बारे में ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं।

# यूक्रेन के चेर्नोबिल में परमाणु रिएक्टर पर रूस का हमला, ड्रोन अटैक से तबाही, रूस ने किया इनकार

एजेंसी



**कीव।** रूस ने ड्रोन के जरिए कीव स्थित चेर्नोबिल परमाणु रिएक्टर पर हमला किया है. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को यह दावा किया. उन्होंने कहा कि रूस का ड्रोन चेर्नोबिल के परमाणु प्लांट के कवच पर गिरा है. ड्रोन हमले के बाद से प्लांट का रेडिएशन स्तर नहीं बढ़ा है, सिर्फ ढांचा को नुकसान पहुंचा और आग लग गई. हालांकि, बाद में आग पर काबू पा लिया गया. जेलेंस्की ने इस घटना को आतंकी हमला करार दिया है. साथ ही उन्होंने परमाणु स्थलों को निशाना बनाए जाने को खतरनाक बताया है. वहीं, रूस की ओर से हमले से इनकार किया गया है.

**जेलेंस्की ने हमले के बाद किया ट्वीट**

रूसी ड्रोन हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया एक्स पर एक ट्वीट किया. अपने ट्वीट में जेलेंस्की ने कहा कि कल रात, एक उच्च-विस्फोटक हथियार के साथ एक रूसी हमलावर ड्रोन ने चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र की नष्ट हो चुकी चौथी बिजली इकाई पर विकिरण से दुनिया की रक्षा करने वाले आश्रय पर हमला किया. इसका निर्माण यूक्रेन ने अमेरिका, यूरोप और दुनिया के अन्य देशों के साथ मिलकर किया था. उन्होंने लिखा कि दुनिया का एकमात्र देश जो ऐसी साइटों पर हमला करता है, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर कब्जा करता है और परिणामों की परवाह किए बिना युद्ध छेड़ता है, वह आज का रूस है. यह पूरी दुनिया के लिए एक आतंकवादी खतरा है.

**रूस को ठहराना चाहिए जवाबदेह- जेलेंस्की**

अपने ट्वीट में जेलेंस्की ने लिखा कि रूस हर रात यूक्रेन के बुनियादी ढांचे और शहरों पर ऐसे हमले करता है. जेलेंस्की ने आरोप लगाया कि रूस अपनी सेना का विस्तार जारी रखा है और अपनी विक्षिप्त, मानव-विरोधी राज्य बयानबाजी में कोई बदलाव नहीं किया है. उन्होंने कहा कि इसका साफ अर्थ है कि रूस किसी कीमत पर बातचीत नहीं चाहता है. जेलेंस्की ने अन्य देशों से अपील की है कि वो रूस पर दबाव बनाएं. रूस को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए. जेलेंस्की ने बताया की चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास हमारी टीम जो ताजा स्थित की जांच कर रही है. 1986 में चेर्नोबिल में बड़ा हादसा हुआ था, यहां परमाणु ऊर्जा स्टेशन में एक धमाका हो जाने के स्थिति काफी गंभीर हो गई थी.

# ट्रंप-मस्क की बदलाव मुहिम का असर : अमेरिकी सरकार में हजारों कर्मियों को नौकरी से निकाला, कई एजेंसियां छंटनी की तैयारी में


एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने कई एजेंसियों में हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकालना शुरू कर दिया है. यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की संघीय नौकरशाही में बदलाव की मुहिम के तहत उठाया गया है. रॉयटर्स की मानें तो यूनियन सूत्रों और इस मामले से परिचित कर्मचारियों ने बताया कि यह निर्णय सरकार के खर्चों को कम करने और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है.

**पिछले 48 घंटों में कई एजेंसियों ने कर्मचारियों को भेजे हैं बर्खास्तगी के ईमेल**

रिपोर्टों के अनुसार, दिग्गज मामलों के विभाग ने एक हजार से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल दिया है, जो अभी भी परिवीक्षा अवधि यानी प्रोबेशन पीरियड (नौकरी की शुरूआत में होने वाला वो समय होता है जब नए कर्मचारी के प्रदर्शन और योग्यता का आकलन किया जाता है) में थे. इसी तरह यूएस वन सेवा तीन हजार से ज्यादा कर्मचारियों की बर्खास्तगी की योजना बना रही है. इसके साथ ही वेटरन अफेयर्स विभाग भी कर्मचारियों की छंटनी करने वाली है, जिससे उन्हें सालाना 98 मिलियन डॉलर की बचत होगी. जिसे वे स्वास्थ्य देखभाल, लाभ और सेवाओं पर खर्च करेंगे. वहीं पिछले 48 घंटों में, कई एजेंसियों जैसे शिक्षा विभाग, लघु व्यवसाय प्रशासन और उपभोक्ता वित्तीय सुरक्षा ब्यूरो से कर्मचारियों को बर्खास्तगी के ईमेल भेजे गये हैं. ट्रंप और मस्क द्वारा संघीय सरकार में किये जा रहे बदलावों का दायरा बढ़ रहा है. मस्क के सहयोगी अब आंतरिक राजस्व सेवा जैसे संस्थानों में भी पहुंच रहे हैं. अमेरिकी दूतावासों को भी कर्मचारियों की कटौती के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है.



# 27 मार्च को रिलीज होगी 'अंदाज अपना-अपना'

मुंबई। सलमान खान और आमिर खान की फिल्म 'अंदाज अपना-अपना' का टीजर रिलीज हो चुका है। जारी हुए टीजर के मुताबिक फिल्म 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म पहली बार 1994 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'अंदाज अपना-अपना' से कॉमेडी का शानदार डोज फैंस को देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म के टीजर में अभिनेताओं की वही मस्ती देखने को मिल रही है। फिल्म को देखने के लिए फैंस में बहुत उत्साह है। रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, आमिर खान और सलमान खान की फिल्म को 4के में रिस्टोर और रिमास्टर कर दिया है। साथ ही, इसका साउंड भी डॉल्बी 5.1 में अपग्रेड किया गया है। इससे दर्शकों को एक नया और बेहतरीन सिनेमाई अनुभव मिलेगा।


लाइफ Style

# रकुल

## कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी आगामी फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने अब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है, इसमें मोटिवेशन कोट लिखा है। रकुल ने पोस्ट में लिखा कि हमारा कंफर्ट जोन हमें अच्छा तो लगता है, लेकिन ये हमें आगे नहीं बढ़ने देता है।

रकुल ने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने मन के विचार साझा किए हैं। उन्होंने पोस्ट किया- आपका कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है। यह बहुत अच्छी जगह है, लेकिन यह आपको प्रगति नहीं करने देता। रकुल प्रीत सिंह की पोस्ट को फैंस ने बहुत पसंद किया है। कैप्शन में रकुल ने लिखा कि जो है, सो है। रकुल प्रीत ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बचपन से उनका सपना हिंदी फिल्मों में ही कॅरियर बनाना था। उनका साउथ में काम करना एक खूबसूरत इत्तेफाक है। साउथ सिनेमा में अपना परचम लहराने के बाद रकुल ने 2014 में फिल्म 'यारियां' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। रकुल प्रीत सिंह, अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' फिल्म 21 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को बड़े पर्दे के साथ ओटीटी पर भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। वे इससे पहले 'पति पत्नी और वो', 'हैप्पी भाग जाएगी' और 'खेल खेल में' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। रकुल प्रीत सिंह 'दे दे प्यार दे 2', 'इंडियन 3' जैसी आगामी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।




हॉलीवुड मसाला




# 'हाउ टू ट्रेन...' का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। लाइव-एक्शन फिल्म 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' का ट्रेलर जारी हो गया है। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया। यह लाइव-एक्शन फीचर ड्रीमवर्क्स एनिमेशन की इसी नाम की हिट एनिमेटेड फिल्म का रीमेक है, जो 2010 में रिलीज हुई थी। लेखक-निर्देशक डीन डेब्लॉइस की नई हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन में मेसन थेम्स हिकप और निको पार्कर एस्ट्रिड की भूमिका में हैं। नए हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन ट्रेलर में हिकप ने टूथलेस के साथ अपने बंधन का खुलासा किया है।



# 'रेड हल्क' की भूमिका में आएंगे नजर ...

लॉस एंजिल्स। हैरिसन फोर्ड 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में रेड हल्क की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में रॉस को संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले 100 दिनों में कैप्टन अमेरिका (एंथनी मैकी) के साथ मिलकर काम करते हुए देखा गया, साथ ही अपनी बेटी के साथ सुलह करने और उसे यह दिखाने का प्रयास भी किया कि वह बदल गए हैं। इस बीच, वह एक बड़ा, लाल रहस्य छिपा रहे हैं, जिसके विनाशकारी परिणाम हैं। यह फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फोर्ड ने अपने किरदार को लेकर कहा कि यह एक ऐसा किरदार है, जो एक शानदार अभिनेता के काम पर आधारित है। उन्होंने कहा, 'जहां तक मेरा सवाल है, यह मेरे लिए एक बोनस है।' फोर्ड ने आगे कहा, 'मार्वल यूनिवर्स के नियमों के तहत किसी तरह एक अभिनेता का दूसरे अभिनेता की जगह लेना ठीक है।



# पहली फ्लाइट यात्रा से डरीं मोनालिसा

नई दिल्ली। मोनालिसा कुंभ मेले में माला बेचकर इतनी मशहूर हुईं कि वे आज किसी स्टार से कम पॉपुलर नहीं हैं। वे फिल्म में काम कर रही हैं। उन्हें बड़े-बड़े इवेंट में शामिल होने के मौके मिल रहे हैं। मोनालिसा को केरल में एक इवेंट में शामिल होने के लिए मोटी फीस मिली हैं। उन्होंने बॉलीवुड के फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा के साथ पहली फ्लाइट यात्रा की। वे पहली बार 7 स्टार होटल में रुक रही हैं। वे झोपड़पट्टी से सीधा 7 स्टार होटल में रात गुजारेंगी और डिनर करेंगी। फ्लाइट से पहले उनका ब्लड टेस्ट हुआ, ताकि जान सकें कि वे कहीं डरी हुई तो नहीं हैं। वे फ्लाइट यात्रा से पहले काफी डरी हुई थीं। उन्हें विदा करने के लिए उनके घरवाले एयरपोर्ट के बाहर इकट्ठा हुए। वे मोनालिसा से बिछड़ने पर काफी रो रहे थे। उन्हें एक ब्रांड के इवेंट में शामिल होने के लिए केरल पहुंचना हैं।



# शिलांग कॉन्सर्ट में पत्नी संग जॉन

मुंबई। गायक एड शिरीन ने शिलांग में 12 फरवरी को अपने इंडिया टूर के दौरान कॉन्सर्ट में परफॉर्म किया। यह कॉन्सर्ट पोलो के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया। जॉन अब्राहम और उनकी पत्नी प्रिया रुंचल भी इस कॉन्सर्ट में पहुंचीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह तस्वीर साझा की है। प्रिया रुंचल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एड शिरीन के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीर के साथ कुछ वीडियो भी साझा किए गए हैं। प्रिया रुंचल की पहली तस्वीर में एड शिरीन और जॉन इब्राहम नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ जॉन और उनकी पत्नी नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी के बच्चों के साथ भी तस्वीरें शेयर की हैं। जॉन अब्राहम अपनी आगामी फिल्म 'द डिप्लोमैट' में 7 मार्च को नजर आने वाले हैं।

टीवी मसाला

# वैलेंटाइस डे पर क्या है सितारों की खास तैयारी!


मुंबई। वैलेंटाइस डे हमारे लिए अपने प्रियजनों के साथ प्यार का जश्न मनाने और खूबसूरत यादें संजोने का एक बेहद खास मौका लेकर आता है। चाहे कोई बड़ा जश्न हो या छोटी-छोटी खुशियां, यह दिन अपनों के



लिए प्यार और आभार जताने का होता है। सपना सिकरवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी) सहित एंड टीवी के कलाकारों ने भी इस प्यार भरे दिन पर अपने जीवनसाथी के लिए कुछ सरप्राइजेज की योजना बनाई है, ताकि इसे यादगार तरीके से मनाया जा सके।

# 'उतरन' की तपस्या से मिली पहचान...

मुंबई। टीवी धारावाहिक 'उतरन' की तपस्या यानी अभिनेत्री रश्मि देसाई ने 13 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाया। रश्मि देसाई ने इससे पहले भोजपुरी फिल्मों में भी काफी काम किया, हालांकि उन्हें प्रसिद्धी अपने इसी टीवी धारावाहिक से मिली। अभिनेत्री का नाम दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला के साथ भी जुड़ चुका है। 'दिल से दिल तक' के सेट पर उनकी मुलाकात सिद्धार्थ शुक्ला से हुई थी। इस शो के दौरान दोनों नजदीक आ गए थे। हालांकि, निजी कारणों से उनके बीच विवाद हुए और दोनों के रास्ते जुदा हो गए। रश्मि देसाई अपनी लव लाइफ में काफी अनलकी रही हैं। उन्होंने साल 2011 में उन्होंने नंदीश संधू के साथ शादी रचाई थी, 4 साल के बाद ही दोनों अलग भी हो गए थे। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि वे अभी भी सही जीवनसाथी की तलाश कर रही हैं। रश्मि बिग बॉस 13 और बिग बॉस 15 का हिस्सा भी रहीं। इसके अलावा उन्होंने खतरों के खिलाड़ी 6 में हिस्सा लिया था। रश्मि देसाई हिट शोज में काम करने की पूरी कोशिश कर रही थीं, हालांकि पैसों की तंगी के कारण इससे पहले रश्मि देसाई बी ग्रेड फिल्मों में भी काम किया। वे कई सारी भोजपुरी फिल्मों का भी हिस्सा रहीं। रश्मि पहली बार साल 2002 में 'कन्यादान' नामक असम फिल्म में नजर आईं थीं।



# अधूरे प्यार की कहानी बयां करती हैं ये फिल्में

नई दिल्ली। वैलेंटाइन वीक के मौके पर हम आपको बॉलीवुड की उन रोमांटिक फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका अंत काफी दुखी करने वाला है। बॉलीवुड में कई ऐसी रोमांटिक फिल्में बनी हैं, जिन्होंने दर्शकों के दिल को झकझोर कर रख दिया, क्योंकि इनका अंत काफी दुखद हुआ। इन फिल्मों में रोमांस, कॉमेडी सबकुछ रहा, लेकिन अंत में इसके एंड ने सभी की आंखें नम कर दी।

***सनम तेरी कसम*** : साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सनम तेरी कसम' इस साल दोबारा रिलीज हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस से पिछली बार से भी ज्यादा अच्छा कलेक्शन कर रही है। इस रोमांटिक फिल्म का अंत दुखी कर देने वाला है। फिल्म की हीरोइन 'सरू' अंत में कैंसर के चलते मर जाती है, जिसके बाद हीरो 'इंदर' अकेला रह जाता है। फिल्म में हर्षवर्धन राणे ने इंदर की भूमिका निभाई है, 'सरू' के किरदार में पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन ने निभाया है।

**सनम रे** : इस फिल्म में पुलकित सम्राट यामी गौतम और उर्वशी रौतेला मुख्य





किरदार में हैं। फिल्म एक रोमांटिक लव ट्रायएंगल पर आधारित है। इस फिल्म का अंत भी काफी सैड है। यामी गौतम का किरदार 'श्रुति' और पुलकित का किरदार 'आकाश' अपनी बचपन की प्रेम कहानी को पूरा करने की कोशिश में रहते हैं, लेकिन अंत में दोनों मिल नहीं पाते।

**क्योंकि** : सलमान खान और करीना कपूर की इस फिल्म का अंत भी काफी दुखदाई है। सलमान खान ने इस फिल्म में एक मानसिक रोगी का किरदार निभाया है। जिस हॉस्पिटल में सलमान का इलाज होता है, वहां पर करीना कपूर डॉक्टर रहती हैं। पहले दोनों में अच्छी दोस्ती होती है और बाद में प्यार हो जाता है। यह बात करीना के पिता ओम पुरी को अच्छी नहीं लगती और वह सलमान को कोई ट्रीटमेंट देकर विकलांग बना देते हैं। उसी अस्पताल में सलमान का इलाज करने वाले जैकी श्रॉफ ने दुखी होकर सलमान का मुंह तकिए से दबाकर मार देते हैं। अपने पिता की सच्चाई पता चलने के बाद करीना अपना मानसिक संतुलन खो देती हैं।

**धड़क** : जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर की डेब्यू फिल्म 'धड़क' का अंत भी काफी दर्दनाक रहा है। यह फिल्म 20 जुलाई 2018 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में भी हीरो अंत में मर जाता है, जो दर्शकों को भावुक कर देता है।

**रांझणा** : धनुष और सोनम कपूर की यह फिल्म एक कल्ट है। इसे पसंद करने वाले लोगों की काफी लंबी लिस्ट है। 'रांझणा' को एक बेहतरीन रोमांटिक फिल्म माना जाता है। इस फिल्म का अंत काफी दुखी कर देने वाला है। फिल्म का मुख्य किरदार 'कुंदन' अंत में मर जाता है।

**देवदास** : शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित की फिल्म 'देवदास' से शायद ही कोई अंजान हो। यह फिल्म शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय की उपन्यास पर आधारित। इस फिल्म के गाने, डायलॉग और सीन सब कुछ लोगों के बीच काफी मशहूर हैं।

JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC | VOCATIONAL | IIT
MANAGEMENT | ENGINEERING | AICTE
INTERMEDIATE | UG & PG | LAW
NCTE | MBBS | ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.